CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 24°C

मुरादाबाद, बुधवार 13 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 364 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बीके सिंह यूपी के नए पुलिस महानिदेशक नियुक्त
पेज 2



कोहली का जलवा इंस्टाग्राम पर बरकरार
खेल टाइम्स



गायब होती नौकाएं और विमान का कारण बर्मुडा ट्रायंगल
सम्पादकीय



पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी
पेज 12

# अब फिर से नहीं बसेगा धराली, पूरा गांव नई जगह होगा शिफ्ट

चिरंजीव सेंमवाल




**■ धराली में आई आपदा के बाद सरकार का साहसिक कदम, संवेदनशील है धराली का इलाका, 42 लापता का अभी तक सुराग नहीं**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में 5 अगस्त को दिन के 1:15 बजे खीर गंगा गाड़ में आए सैलाब ने धराली को 34 सेकंड में पूरी तरह तबाह कर दिया। यहां के मकानों, कई भवनों, होटल, होमस्टे, सेब के बागानों सहित पूरे गांव को जमींदोज कर दिया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि आपदा में तबाह हुए धराली को अब उसी स्थान पर फिर से नहीं बसाया जाएगा, बल्कि सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। नदियों के किनारे और भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों में नए निर्माण पर भी रोक लगाई जाएगी। पिछले कई वर्षों में धराली तीन बार आपदाओं का सामना कर चुका है, लेकिन हर बार गांव दोबारा बसाया गया। इस बार प्रशासन ने स्थायी विस्थापन की दिशा में कदम उठाया है। अपर सचिव बंशीधर तिवारी के अनुसार, ग्रामीणों से नई बसावट को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। लोग 8 से 12 किमी दूर लंका, कोपांग या जांगला में बसाए जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं, हर्षिल में आई आपदा में सेना का कैंप भी बह गया था। इसलिए नया कैंप लगाने के लिए सेना श्रीखंड पर्वत और आसपास के ग्लेशियरों, झीलों की रेकी करेगी। सरकार ने अब तक 42 लोगों के लापता होने की पुष्टि की -शेष पृष्ठ दो पर

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ स्पीकर ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई ■ कहा: आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी**

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

स्पीकर ने कहा कि मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के एक-एक जज और एक कानूनविद शामिल हैं। जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा। इस साल 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर का वीडिया वायरल हुआ था। इसमें 500-500 के अधजले नोटों की गड्डियां नजर आई थीं। स्पीकर बिरला ने कहा कि तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे हैं, हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।

## सजा पूरी कर चुके कैदियों को तुरंत रिहा करें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम निर्देश में कहा है कि जो भी कैदी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया है कि वे इस बात की पुष्टि करें कि सजा पूरी कर चुका कोई कैदी अभी भी जेल में तो बंद नहीं है। अदालत ने ये भी कहा कि अगर कोई ऐसा कैदी पाया जाता है, जिसकी सजा पूरी हो चुकी है और वह किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सदन में कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र के सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 246(3) के अनुसार, केंद्र और राज्यों के बीच बांटी गई विधाई शक्तियों के मुताबिक पशुओं का संरक्षण ऐसा मामला है जिस पर राज्य विधानमंडल को कानून बनाने का विशेष अधिकार है।

# आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## बिहार SIR को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा: आधार का सत्यापन जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि आधार कार्ड को नागरिकता का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस बात की जांच कर रही है कि क्या चुनाव आयोग के पास इस तरह का सत्यापन अभियान चलाने का कानूनी अधिकार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि अगर उनके पास यह शक्ति नहीं है, तो मामला यहीं खत्म हो जाएगा, लेकिन अगर है, तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आधार अधिनियम की धारा 9 का उल्लेख करते हुए कहा कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है और इसका सत्यापन जरूरी है। राजद सांसद मनोज झा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग की यह प्रक्रिया बड़ी संख्या में मतदाताओं के बहिष्कार का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो निर्धारित फार्म जमा नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि 2003 से मतदाता सूची में शामिल लोगों को भी नए सिरे से फार्म भरने को कहा जा रहा है और फार्म न भरने पर, पते में कोई बदलाव न होने के बावजूद, नाम हटा दिए जा रहे हैं। कई मामलों में जीवित मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया और मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि उच्च प्रतिक्रिया दर बड़े पैमाने पर नाम कटने के दावों को कमजोर करती है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है। यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितम्बर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

## योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के उड़ाए तोते

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में मामला सम्भाल ले गया था, मगर तभी योगेंद्र यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बिहार के दो ऐसे लोगों को पेश किया, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर मतदाता सूची से नाम हटा दिया था,जबकि वे जीवित थे। उन्होंने इसे प्रक्रिया की गड़बड़ी का एक उदाहरण बताया। बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई मंगलवार को जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची की बेंच ने की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और चुनाव आयोग की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया गैर-पारदर्शी और मनमानी है, जिससे लाखों मतदाताओं, खासकर गरीब और प्रवासी समुदायों का मताधिकार -शेष पृष्ठ दो पर

# वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल ने कहा: पिक्चर अभी बाकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। ईसी का कर्तव्य है कि वो एक -शेष पृष्ठ दो पर

## आवारा कुत्तों के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आवारा कुत्तों को हटाने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश को बेजुबानों के साथ क्रूरता और एक प्रतिगामी कदम बताते हुए कहा है कि यह हमारी दशकों पुरानी मानवीय और विज्ञान-आधारित पशु कल्याण नीति को कमजोर करता है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का उच्चतम न्यायालय का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय, -शेष पृष्ठ दो पर







सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

VLO

Vijay Luxmi Optical Company (P) Ltd.

A Complete Optical Showroom in Western U.P.

32-A, S.D. college New Market, Ph.: 9897687271
TUESDAY CLOSED
81-B, Vakil Road, New Mandi, 0131-2600782, 7599992254
SUNDAY CLOSED
Wholesale Showroom : 234, 235, 236-A, S.D. College New Market MUZAFFARNAGAR
EMAIL: vijayluxmioptical@yahoo.co.in, Visit us : vijayluxmioptical.com









# बाढ़ प्रभावित गन्ना ग्रामों का सर्वे शुरू

## गन्ना फसल बचाव के दिए टिप्स




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शासनादेशानुसार जिला गन्ना अधिकारी के निर्देशन में गन्ना व मिल अधिकारियों ने चांदपुर, धामपुर, बिलाई और धनौरा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित गन्ना किसानों की सहायता हेतु गन्ना सर्वे कर गन्ना फसल बचाव हेतु संबंधित को दिशा निर्देश जारी किये।

गन्ना व मिल अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप और विभागीय निर्देशों के क्रम में आज चांदपुर क्षेत्र के बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित गन्ना ग्रामों में फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने तथा प्रभावी कदम उठाने के लिए एक टीम का गठन किया। इस टीम में चीनी मिल चांदपुर के गन्ना प्रबंधक, सचिव प्रभारी जितेंद्र कुमार चांदपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर वीएम पाठक शामिल थे। टीम ने विभिन्न क्षेत्र के जमालदीपुर, दतियाना, मुजफ्फरपुर खादर, सयाली, नेवला और सुजातपुर खादर, धामपुर मिल क्षेत्र के नारनौल, खानपुर खादर, मामनपुर, अलीपुरा, बलियानगली, बिलाई, बिलाई मिल क्षेत्र के सीकरी और कल्याणपुर और धनौरा मिल क्षेत्र के मीरापुर, बालीपुर, ठेठ, दरबार और बसंतपुर जैसे ग्राम शामिल हैं। सर्वेक्षण के दौरान पाया गया कि 11 अगस्त की तुलना में आज पानी का बहाव कम हुआ है, लेकिन अभी भी कई खेतों में पानी जमा हुआ है। इस जलजमाव के कारण गन्ना फसल की उत्पादकता में कमी आने की आशंका है। फसल को हुए वास्तविक नुकसान का सही आंकलन जल जमाव की अवधि पर निर्भर करेगा।


अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के किसानों से बातचीत कर उन्हें विभागीय दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि जलभराव से गन्ने को बचाने के लिए शीघ्र ही जल निकासी की व्यवस्था करना सबसे महत्वपूर्ण है। गन्ने की फसल को बाढ़ से बचाने के उपाय बताते हुए कहा कि जल निकासी के लिए किसानों को सलाह देते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने कहा कि वे खेतों से पानी निकालने के लिए तत्काल प्रयास करें। मेड़ों को तोड़कर या छोटी नालियाँ बनाकर समय रहते पानी को बाहर निकालने का प्रयास करे। किसानो को जानकारी देते कहा कि फफूंदीनाशक का छिड़काव, पानी निकल जाने के बाद फसल पर फफूंदी लगने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए किसानों को थियोफिनेट मिथाइल या कार्बेंडाजिम जैसे फफूंदीनाशकों का छिड़काव करने का सुझाव दिया गया है। पोषक तत्वों का प्रबंधन जलभराव से मिट्टी के पोषक तत्व बह जाते हैं। इसलिए पानी निकलने के बाद मिट्टी की जाँच कराकर आवश्यकतानुसार उर्वरकों का प्रयोग करें। सर्वे टीम अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया गया कि शासन और विभाग उनकी सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं और नुकसान का पूरा आंकलन होने के बाद आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी किसानों से अनुरोध करते कहा कि वे अपने क्षेत्र के गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर अपनी फसल की स्थिति की जानकारी दें।

# हठधर्मिता के विरुद्ध धरना हमारा संवैधानिक अस्त्र: गय्यूर आसिफ

## 20 अगस्त के धरने की सफलता के लिए मुहिम शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक 20 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे।



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ व जिला मंत्री विनोद कुमार ने जारी कर बताया कि उनके संगठन के प्रांतीय आह्वान पर आगामी 20 अगस्त को प्रदेश के सभी जनपदों में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद बिजनौर में भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर भी धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुरानी पेंशन बहाल करने, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में तदर्थ शिक्षकों को पुरानी पेंशन दिए जाने, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धारा 12, 18 तथा धारा 21 की तत्काल बहाली, समान कार्य के लिए समान वेतन, छात्रों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के तुगलकी निर्णय को वापस लेने, सेवानिवृत शिक्षकों को नोशनल वेतनवृद्दि के शासनादेश का तत्काल अनुपालन, शिक्षकों के स्थानांतरण नीति का सरलीकरण, आमेलित विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी की समय सीमा में वृद्दि, 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत होने पर ग्रेच्युटी देने जैसी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर यह धरना दिया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुरानी पेंशन तथा सेवा सुरक्षा नियमों की पुनर्स्थापना जैसे प्रमुख मुद्दों पर अनेक बार वार्ता करने के बाद भी सरकार और अधिकारी हठ धर्मी बने हुए हैं। अत: शिक्षकों के समक्ष संघर्ष के अतिरिक्त कोई दूसरा रास्ता नहीं है। आसिफ ने कहा कि हम संवैधानिक तरीके से अपनी लड़ाई लड़ेंगे और अपने शिक्षक समाज की सभी उचित मांगों को मानने के लिए सरकार को बाध्य करेंगे। विज्ञप्ति में जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों से 20 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर धरने को सफल बनाने की अपील की गई है।

# जर्जर हालत में आरएसएस का पुराना कार्यालय ढहा



## सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने कराई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला अफगानान स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का वर्षों पुराना कार्यालय प्रशासन की देखरेख में ढहा दिया गया। यह वही भवन है, जहां से कभी संगठन के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते थे और जिसके पदाधिकारी आज भी प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक यह कार्यालय लंबे समय से बंद था और संघ की गतिविधियां अब दूसरे भवन से संचालित हो रही हैं। पुरानी इमारत की हालत काफी जर्जर हो चुकी थी। सोमवार देर रात अचानक लिंटर गिर गया और दीवारों में गहरी दरारें आ गईं। इससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी फैल गई।

स्थानीय निवासियों ने एहतियातन रास्ता बंद कर प्रशासन को सूचना दी। सूचना पर एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा कारणों से भवन को गिरा दिया। इस दौरान आसपास के इलाके में बैरिकेड लगाकर लोगों की आवाजाही रोकी गई। भवन कभी भी गिर सकता था, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। ऐसे में इसे गिराना जरूरी था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह भवन शहर के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास का एक अहम हिस्सा रहा है, जिसकी यादें अब केवल लोगों के जेहन में रह जाएंगी।

# सीडी कालेज के खिलाड़ियों का दबदबा

## एक दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित सीडी इंटर कॉलेज के सभागार कक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन व टेबल का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सीडी के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।



जिला स्तरीय एक दिवसीय 14 वर्ग की बैडमिंटन बालिका में जैना ने निहारिका को 21-11, 21-12, (17 वर्ग ) में अंशिका ने काजल को 21-16, 21-15, (19 वर्ग) में मानवी ने फरिया परवीन को 21-19, 21-17 से हराया। (17 वर्ग) की बालक में तनिष्क कुमार ने लकी को 21-07, 21-15, (19 वर्ग) में तुषार कुमार ने रिहान को 21-18, 21-17 से हराया। (14 वर्ग) टेबल टेनिस बालिका वर्ग में परिणिता ने मनिका को 11-03, 11-05, (17 वर्ग ) में यश्वनी ने गुड़िया को 21-03, 11-09, (19 वर्ग ) में सुनैना ने अर्चना को 11-03, 11-05 से हराया। (14 वर्ग) की बालक में अंश ने अक्षित को 11-06, 11-08, ( 17 वर्ग ) में हर्ष ने वाशू को 11-01, 11-05 व 19 वर्ग में नमन ने सुरजीत को 11--01, 11-05 से हराया। प्रतियोगिता में सीडी इंटर कॉलेज के अलावा एमडीएस नजीबाबाद, राजकीय इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर, हिंदू इंटर कॉलेज चांदपुर, रहमानिया इंटर कॉलेज चांदपुर, सैंट मैरी स्कूल भिक्कीवाला, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज चांदपुर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पीटीआई धर्मवीर सिंह ने बताया कि फाइल विजेता 18 अगस्त को रामपुर के स्टेडियम में मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर जितेंद्र मारवाड़ी, मुकुल त्यागी, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, वीरेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार, सुधीर कुमार, आलोक कुमार मौजूद रहे।

# बक्सनपुर में दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट

## तीन लोग घायल, चार आरोपी जेल भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्सनपुर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर मारपीट हुई, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गांव निवासी नकुल पुत्र परवीन सिंह ने आरोप लगाया कि उसका बड़ा भाई अंकुश रात में भैंसों को देखने के बाद घर लौट रहा था। रास्ते में यामीन, हबीब, तौफीक और गुलफाम खड़े थे। उन्होंने अंकुश को देखते ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विरोध करने पर चारों ने अंकुश पर हमला कर दिया।

नकुल के अनुसार शोर सुनकर वह और उनके पिता परवीन सिंह मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आईं। आरोप है कि इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अलग-अलग संप्रदाय से जुड़े होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# नेशनल लाइब्रीयंस डे मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में आज नेशनल लाइब्रीयंस डे बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। यह दिवस महान विद्वान, ग्रंथपाल एवं बिब्लियोग्राफी डॉ. एस. आर. रंगनाथ (1892-1972) की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्हें भारतीय पुस्तकालय विज्ञान का जनक कहा जाता है।

इस अवसर पर पुस्तकालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पुस्तकालय सेवाओं पर परिचर्चा और ई-संसाधनों के उपयोग पर कार्यशाला शामिल रही। पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. सुनील भारद्वाज ने छात्रों और संकाय सदस्यों को नवीनतम पुस्तकालय सुविधाओं, डिजिटल संसाधनों और आधुनिक सूचना सेवाओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने कहा पुस्तकालय ज्ञान का अथाह भंडार है और पुस्तकालय अध्यक्ष इस ज्ञान-सम्पदा के संरक्षक व पथ-प्रदर्शक हैं। डॉ. एस.आर. रंगनाथन के सिद्धांत और योगदान हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। संस्थान के डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुमार कुशवाहा ने सभी को पुस्तकालय के अधिकतम उपयोग हेतु प्रेरित किया और पुस्तकालयाध्यक्ष एवं उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, शोधार्थी और पुस्तक प्रेमियों ने भाग लिया तथा पुस्तकालय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल एवं सभी विभागाध्यक्ष, अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम राजपूत, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, डॉ. फैजल अंसारी व डॉ. शुएब आली खान, उज्ज्वल कुमार, एनपीएस भण्डारी, ललित राठी, विमल कश्यप, अपूर्व वर्मा, सर्वजीत सक्सेना, अपूर्व वर्मा, फुरकान अहमद, देवेंद्र सिंह पुंडीर, संगीता शर्मा, श्वेता गौड़, निकिता, मोनिका गौड़ आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## संसद में राष्ट्रीय मुद्दों को बेखौफ उठा रहे चंद्रशेखर आजाद



**धामपुर।** आजाद समाज पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद ने कहा कि, नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद संसद में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए सक्रियता के साथ राष्ट्रीय मुद्दों को बेखोफ होकर उठाने का काम कर रहे हैं। फहीम अहमद ने कहा कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में कोई भी राजनीतिक दल बिना आजाद समाज पार्टी का समर्थन लिए सरकार नहीं बन सकेगा। उन्होंने आने वाले जिला पंचायत चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से कमर कसने का आह्वान कर पार्टी उम्मीदवारों को विजयी बनाने का अनुरोध किया तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान कर कहा कि व लोगों को आजाद समाज पार्टी के सदस्य बनाकर संगठन को और अधिक मजबूत कर एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत बनाएं।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की बैठक




**नूरपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की समीक्षा बैठक डॉ. नफीस गुलरेज अंसारी के निवास पर हुई। जिसमें मजाहिर रुहेला पठान राष्ट्रीय संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (मदरसा छात्र प्रकोष्ठ) मौजूद रहे । राष्ट्रीय संयोजक द्वारा डॉ. नफीस गुलरेज अंसारी को प्रांत संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (मदरसा छात्र प्रकोष्ठ) बनाया गया। मजाहिर रुहेला पठान ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़कर पहचान बनाए। जिससे भारत हर क्षेत्र में तरक्की करता रहे। बैठक में इलियास खान, ने पूर्व डवलपमेन्ट, डॉ. अय्यूब अहमद, डॉ. अली हसन, मौलाना इरशाद अहमद, डॉ. सुहेल शाद इदरीसी, रईस अहमद, कफील ठेकेदार कुरैशी, सरदार सुरजीत सिंह, रविन्द्र कौर, वसीम सिद्दीकी, कदीर अहमद अंसारी, मौहम्मद इमरान अंसारी, अजीम गुलरेज अंसारी, नईम अहमद मंसूरी, सुलेमान मंसूरी, मौहम्मद मुजाहिद, मौहम्मद इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# बारिश में भी दिखा भाजपाईयों का जोश

## तिरंगा यात्रा के माध्यम से दिया देश भक्ति का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आंकू मंडल में भाजपाईयों ने बारिश के दौरान भी पूरे जोश के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा विभिन्न स्थानो से निकाली गई। तिरंगा यात्रा के माध्यम देश भक्ति का संदेश दिया गया।



जानकारी के अनुसार आंकू मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें उपस्थित रहे तिरंगा यात्रा मुख्य अतिथि भाजपा के किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शोभित त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, मंडल महामंत्री पवन दक्ष, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कपिल चौधरी, बूथ अध्यक्ष अरविंद कुमार, हुकम सिंह, धर्मपाल सिंह आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारी बारिश के बीच भी आकू मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि शोभित त्यागी ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बारिश के दौरान उत्साह पूर्व तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अब फिर...**

है, जबकि स्थानीय लोग यह संख्या 60 से अधिक बता रहे हैं। इनमें 29 नेपाली मजदूर भी शामिल हैं, जिनमें से 5 से संपर्क हो चुका है और 24 अब भी लापता हैं। फिलहाल केवल एक शव बरामद हुआ है, जबकि मलबे में दर्जनों लोगों के दबे होने की आशंका है। गंगनानी से आगे लिम्चागाड़ में टूटा पुल अब के स्थान पर वैली ब्रिज तैयार हो गया है, जिससे उत्तरकाशी और धराली का संपर्क फिर से जुड़ गया, लेकिन भूस्खलन से गंगोत्री हाईवे डबारानी और धराली से पहले 350 मीटर बंद है।

**वोटर वेरिफिकेशन...**

व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई। सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे। विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। वहीं संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके गए। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के उपनेता की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीवान के दरौंदा विधानसभा की वोटर के रूप में रजिस्टर्ड मिंता देवी की उम्र 124 नहीं बल्कि 35 साल थी। उनके आवेदन में गलती के कारण उनकी उम्र में बदलाव किया गया।

**योगेंद्र यादव ने ...**

छिन सकता है। कपिल सिब्बल ने बताया कि एक निर्वाचन क्षेत्र में 12 जीवित लोगों को मृत दिखाकर उनकी वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए। चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है और यह प्रक्रिया कानूनी है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख नाम हटाए गए, जिनमें 22 लाख मृतक और 36 लाख स्थानांतरित लोग शामिल हैं। हालांकि, आयोग ने इन नामों की सूची सार्वजनिक करने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं, तो वह हस्तक्षेप करेगा। जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि क्या प्रक्रिया संवैधानिक है और क्या आयोग को नागरिकता सत्यापन का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सितम्बर 2025 तक अवैधता साबित होती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द की जा सकती है।

**आवारा कुत्तों...**

विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है। ये बेजुबान हैं और इनसे ऐसी कोई 'समस्या' नहीं हैं जिनके कारण उनको खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल के जरिये सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखा जा सकता है। इनको क्रूरता से हटाना अदूरदर्शी है और हमारी करुणा को खत्म करता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जन सुरक्षा और पशु कल्याण साथ-साथ चलें। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि शहर के सभी आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में भेजने का नतीजा उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्हें रखने के लिए पर्याप्त आश्रय गृह भी मौजूद नहीं हैं। शहरी परिवेश में जानवरों के साथ दुर्व्यवहार और क्रूरता होती है। निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल की जा सके और उन्हें सुरक्षित भी रखा जा सके। कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी होते हैं, वे इस तरह की क्रूरता के लायक नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कल दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) को राष्ट्रीय राजधानी के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि हर इलाके को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाने में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

# आईपीएस बीके सिंह यूपी पुलिस के नए महानिदेश नियुक्त किए गए



**लखनऊ।** सीनियर आईपीएस अधिकारी बीके सिंह को यूपी पुलिस का नया महानिदेशक(डीजीपी) नियुक्त किया गया है। उनका पूरा नाम बिनोद के सिंह है और वह 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। बीके सिंह मूल रूप से बिहार की राजधानी पटना के रहने वाले हैं, उनके पिता का नाम श्रीकृष्णा सिंह हैं। सिंह का जन्म नौ मई 1971 को हुआ था। बीके सिंह ने इतिहास विषय से एमए, एमफिल और एलएलबी किया है।

सीनियर आईपीएस बीके सिंह मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेश साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं उन्हें अभी तक कई महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा जा चुका है। इस आशय की जानकारी राज्यपाल की आज्ञा से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने दी है।

## बिहार वोटर यात्रा के लिए कांग्रेस के जिला समन्वयक नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मंगलवार को 25 जिला समन्वयक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। उनकी सूची में इस प्रकार है, रोहतास में अजय राय तथा रामकिशन ओझा, औरंगाबाद में धीरज गुर्जर, गया में कमलेश्वर पटेल, नवादा के लिए दिनेश गुर्जर (विधायक), नालंदा में दिनेश गुर्जर (विधायक), शेखपुरा में संजय कपूर, जमुई में कुलदीप इंदोरा, लखीसराय में सत्य नारायण पटेल, मुंगेर के लिए नीलांशु चतुर्वेदी, भागलपुर में अशोक को नियुक्त किया है। सिंह (सांसद), कटिहार में भजनलाल जाटव, पूर्णिया में रामलाल जट्ट, अररिया में नदीम जावेद, सुपौल में वीरेंद्र राठौर, मधुबनी में शिशपाल सिंह (शिशपाल केहरवाला, विधायक), दरभंगा में अनिल चौधरी, मुजफ्फरपुर में कुलदीप वत्स, सीतामढ़ी में असलम शेख, मोतिहारी में काजी निजामुद्दीन, पश्चिम चंपारण के लिए तनुज पुनिया (सांसद), गोपालगंज में प्रियांव्रत सिंह, सीवान में राजेश ठाकुर, छपरा (सारण) में सचिन यादव, आरा (भोजपुर) में कुमार जय मंगल (विधायक), पटना में अविनाश पांडे, सत्यज बंटी पाटिल तथा चेतन चौहान।

## परिषद के बाहर गिर पड़े पूर्व मंत्री बलराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानभवन में मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद की कार्यवाही में हिस्सा लेने पहुंचे पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य बलराम यादव परिषद के बाहर गिर पड़े।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# समी ठेकेदार ने आत्मदाह के लिए डाला पेट्रोल

## वाटर पार्क पर कब्जा लेने के दौरान ड्रामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** फैरी लैंड वाटर पार्क पर कब्जा लेने के दौरान पार्क स्वामी अब्दुल समी ठेकेदार व उसके परिजनों ने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगाने का प्रयास किया, जिससे हड़कम्प मच गया। राजस्व विभाग की टीम, बैंक स्टाफ व पुलिसकर्मियों ने उन्हें किसी तरह आग लगाने से रोका। समी ठेकेदार ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दायर होने का हवाला दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार विदुर कुटी रोड पर जानी के चौराहे के समीप रहने वाले अब्दुल समी ठेकेदार ने चक्कर रोड पर फैरी लेंड के नाम से वाटर पार्क बनाया था। इसके लिए उन्होंने पीएनबी की स्थानीय शाखा से लोन लिया था। अब्दुल समी को इसमें नुकसान हो गया। लोन न चुकाने की स्थिति में 22 फरवरी 2024 को बैंक ने पार्क को नीलाम कर दिया था। नीलामी रोहित कुमार, गुलबहार व डिग्गी के नाम छुटी थी। लेकिन नीलामी लेने वाले इन तीनों लोगों को पार्क पर कब्जा नहीं मिला था। जिसके बाद वह हाईकोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट ने बैंक को 21 अगस्त तक कब्जा दिलाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अब्दुल समी ठेकेदार सुप्रीम कोर्ट चले गये हैं। समी ठेकेदार का दावा है कि सुप्रीम कोर्ट में उनकी अर्जी स्वीकार कर ली गई है और एक-दो दिन में उनकी अर्जी पर सुनवाई होगी। इस बीच आज दोपहर बैंक कर्मी नीलामी लेने वाले लोगों, राजस्व विभाग की टीम व पुलिस को साथ लेकर कब्जा लेने के लिए वाटर पार्क पहुंच गए।

अब्दुल समी ने उनसे 20 अगस्त तक का समय मांगा। अब्दुल समी का कहना था कि यदि उसे सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिलती, तो वह 20 अगस्त को पार्क की चाबी उन्हें सौंप देगा। टीम ने अब्दुल समी की इस बात को नहीं माना। जिस पर समी व उसके परिजनों ने खुद पर तेल डालकर आग लगाने की कोशिश की। जिससे वहां पर हड़कम्प मच गया। पुलिस, राजस्व टीम व बैंक कर्मियों ने उन्हें किसी तरह रोका। हालात देख कर सभी पार्क से वापस आ गये हैं। अब्दुल समी का कहना है कि यदि जबरन कब्जा लेने की कोशिश की गई, तो वह व उसका परिवार आत्मदाह कर लेगा। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मंडावर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



## साम्प्रदायिक सौहार्द व एकता का दिया संदेश

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाल कर हिंदू मुस्लिम एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया।

मंगलवार को नगर के झंडा पार्क में भाजपा कार्यकर्ता इकठ्ठा हुए। जहां से बिजनौर सदर विधायक चौधरी सुचि सिंह के पति चौधरी ऐश्वर्य सिंह उर्फ मौसम चौधरी, चेयरमैन पद के भाजपा प्रत्याशी अजमल उमर एड., सुनीलपाल मनोहारिया आदि के नेतृत्व में डीजे पर भारत माता व देशभक्ति गीतों की धुन पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा झंड़ा पार्क से हनुमान मंदिर, पत्थर वाला कुआं, सनातन धर्म शाला, सब्जी बाजार, अम्बेडकर मूर्ति, बस स्टैण्ड चोराहे और बिजनौर मार्ग से होती हुई, नई मार्केट कालोनी में पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गई। सभा की अध्यक्षता मंड़ल अध्यक्ष मनोज अहलावत ने की और संचालन जितेन्द्र राजपूत किया। विधायक पति चौधरी ऐश्वर्य सिंह उर्फ मौसम चौधरी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश आजादी का पर्व हमारी आन, बान व शान का प्रतीक है। ये पर्व सभी हिंदू मुस्लिम पर्वो से ऊपर है। उन्होंने आपरेशन सिंदूर को भाजपा सरकार का मजबूत कदम बताते हुए कहा कि हमनें दुश्मनों के घर घुस कर उन्हे उनकी औकात दिखाई हैं। उहोंने तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ पत्रकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनीलपाल मनोहारिया, महेश कुमार लाटियान, भोला राजपूत, अभिषेक, धनीराम, राजेश गुर्जर, आदेश राजपूत, सोनू, अभिषेक, मोनू कश्यप, जगदीश प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मजदूर की मौत पर हंगामा

**नजीबाबाद।** कोतवाली देहात मार्ग पर ग्राम बाजोपुर में मजदूरी कर के साइकिल से घर वापस लौट रहे सुनील (40 वर्ष) पुत्र तपराज निवासी ग्राम शहजादपुर को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे बाहर रैफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सुनील की मौत हो गई। घटना से गुस्साएं लोगों ने कोतवाली देहात मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने बाद में लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। वह आरोपी चालक को पकड़ने की मांग कर रहे थे।

## नियमों को ताक पर रख कर शराब की बिक्री

**हीमपुर दीपा।** रावटी रोड स्थित देशी शराब की दुकान साढ़े आठ बजे ही खुल जाती है। इससे आबकारी नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं।

# अनुज व मौहम्मद जैद का स्वागत

## युवा रालोद की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा राष्ट्रीय लोक दल की समीक्षा बैठक में रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष एड अनुज चौधरी एवं उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव गठित कमेटी के सदस्य व नगर पालिका नहटौर चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद का जोरदार स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पार्टी कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लो. कदल आज उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार में शामिल है। दोनों ही सरकारों में देश व प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है। आम जनता तक सरकारी योजनाएं पहुंच रही हैं। जिससे आम जनता को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। उन्होंने युवा राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि लगातार उनकी पार्टी का जनाधार पूरे देश के अंदर बढ़ रहा है और पार्टी और जयंत चौधरी को मजबूती मिल रही है। यह मजबूती केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय लोकदल के हर कार्यकर्ता को मिल रही है।

चुनाव कमेटी के सदस्य मौहम्मद जैद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, वह उसका निर्वहन पूरी मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ करने का काम करेंगे। उन्होंने युवा राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं से कहा कि युवा देश का भविष्य होते हैं और राष्ट्रीय लोकदल एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसमें सबसे ज्यादा युवा कार्यकर्ता है। जो पूरे जोश के साथ पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव के लिए पुरी लगन और ईमानदारी से मेहनत करने का आह्वान किया।

युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी ने कहा कि युवा कार्यकर्ता पूरी लगन और ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के अंदर युवाओं की सबसे ज्यादा आवाज उठाने वाले उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ही एकमात्र नेता है। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र आचार्य ने की। जबकि संचालन युवा राष्ट्रीय सचिव हनी तोमर ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जावेद एड., प्रीतम सिंह, ब्रजवीर सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लवकुश फौजी, महेंद्र सिंह, सुधीर राठी, चौधरी अलबेल सिंह, प्रदेश महासचिव शिवम राणा, अंकित चौधरी, सूर्य प्रताप, रविंद्र चौधरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# धामपुर में लगातार गिर रहे पेड़ बने खतरा

## कालागढ़ मार्ग पर विशाल पेड़ गिरा बड़ा हादसा टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शहर में पेड़ों के गिरने की घटनाएं लगातार चिंता का विषय बनती जा रही हैं। मंगलवार को कालागढ़ मार्ग पर जीआरएम अस्पताल के पास अचानक एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर पड़ा। यह हादसा उस समय हुआ जब कई वाहन वहां से गुजर रहे थे, स्कूलों की बच्चों की छुट्टी हो चुकी थी। लेकिन गनीमत रही कि समय रहते सभी चालक रुक गए और कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पेड़ अचानक जोरदार आवाज के साथ सड़क के बीचोंबीच आ गिरा। जिस समय यह हादसा हुआ, आसपास कोई पैदल यात्री मौजूद नहीं था, वरना परिणाम गंभीर हो सकते थे। पेड़ गिरते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टीम की मदद से पेड़ को काटकर हटवाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

गौरतलब है कि पेड़ गिरने की यह घटना पिछले एक सप्ताह में तीसरी है। इससे पहले, परीलोक अस्पताल के बाहर और काशीराम आवास के सामने भी भारी जलभराव के चलते सड़क किनारे खड़े बड़े पेड़ गिर चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले सप्ताह से हो रही लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव बना हुआ था, जिससे पेड़ों की जड़ें कमजोर हो गई हैं और वे गिरने लगे हैं।

इन घटनाओं से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को पुराने और कमजोर पेड़ों का सर्वे कराकर समय रहते उनकी छंटाई या हटाने की कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है, ऐसे में सतर्कता और भी जरूरी हो गई है।

# प्रेमी युगल दम्पति से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

## पुलिस ने चार आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव तुराबनगर में 8 वर्ष बाद घर लौटे प्रेमी युगल दम्पत्ति से मारपीट करने वाले नौ लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

क्षेत्र के गांव तुराबनगर में शुक्रवार की सुबह करीब 10:00 बजे दो पक्षों के बीच पुराने मामले को लेकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान अफरा तफरी मच गई। पूर्व प्रधान अबरार अंसारी की बाईक तोड़ दी गई और गुलशन पत्नी शादाब आलम, सदब पुत्री शादाब आलम व शादाब की मां हाशमी घायल हो गए। घायलों को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से गुलशन व सदब को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 8 वर्ष पूर्व शराफत की पत्नी गुलशन प्रेम प्रसंग के चलते शादाब आलम के साथ चली गई थी। इसके बाद गांव में पंचायत हुई। गुलशन ने शादाब आलम से निकाह कर लिया। पंचायत में फैसला हुआ कि गुलशन व शादाब गांव में नहीं रहेंगे। वह उस समय गांव से चले गए थे। 8 वर्ष बाद करीब 10 दिन पूर्व गुलशन व शादाब आलम गांव तुरबनगर लौट आए थे। जिसको लेकर शुक्रवार को गांव लौटने का विरोध किया था और इसी मामले को लेकर दोबारा से शुक्रवार को पंचायत होने जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान शराफत पक्ष ने उनके घर में घुसकर मारपीट कर दी। मारपीट में गुलशन उसकी पुत्री सदब, सास हाशमी घायल हो गई। घायलों को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से गुलशन व सदब को जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

उधर दूसरे पक्ष ने भी आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया है कि नौ लोगों खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आफताब आलम, फहीम, रियासत, अल्तमस को मंगलवार को उनके घर से गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. मंजू चौधरी की उपस्थिति में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीपा, डॉ. आस्था प्रताप एवं डॉ. शीबा के निर्देशन में 'हर घर तिरंगा' के अंतर्गत देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने तथा स्वतंत्रता दिवस का भाव उत्सव को ध्यान में रखते हुए 'आजादी के रंग' पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना, राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आस्था प्रताप द्वारा स्वागत वक्तव्य से किया गया। प्रतियोगिता में स्नातक कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से तिरंगे के रंगों का संदेश, राष्ट्र की एकता और अखंडता तथा स्वतंत्रता संग्राम के महत्त्व को सुंदर व कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मंजू चौधरी, प्रो. मंजू अरोड़ा, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. आबिदा एवं डॉ मीनू सिरोही सम्मिलित थे, जिन्होंने रचनात्मकता, विषय वस्तु, रंग-संयोजन एवं प्रस्तुति के आधार पर पोस्टरों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु राजप. ूत बी.ए 5जी सेमेस्टर, द्वितीय अलीशा बी.ए. 5जी सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान कशफ रूही एवं मरियम परवीन बी.ए. 3 तक सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. दीपा एवं डॉ. शीबा परवीन, डॉ. अनुरानी एवं अन्य छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आस्था प्रताप ने किया। यह प्रतियोगिता छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव साबित हुई, जिसने उनमें राष्ट्रीय गौरव और सृजनात्मकता की भावना को और भी सशक्त किया।

# तिरंगा यात्रा में देश भक्ति के नारों की गूंज

## नागरिकों ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा एक भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरंगा यात्रा पुराने डिग्री कॉलेज से प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्गों रामलीला ग्राउंड, मिल चौराहा, सब्जी मंडी, गुरुद्वारा और जुमरात का बाजार से होती हुई फव्वारा चौक पहुंची। वहां से यात्रा एक मैरिज हॉल में प्रवेश कर राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीतों की गूंजे और हाथों में लहराते हजारों तिरंगों ने वातावरण को देशप्रेम से सराबोर कर दिया। जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर यात्रियों का स्वागत किया। वहीं यात्रा के दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर पुष्पवर्षा की गई।

इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता और अखंडता के संकल्प को दोहराने की अपील की। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता और नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अशोक कुमार राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. दीप सौरभ, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार राणा, अरुण कुमार वर्मा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित कुमार वर्मा, मुकेश रस्तोगी, आलोक अग्रवाल, डॉ. विनीत देवरा, मनोज भटनागर, इंजीनियर उबैदुर रहमान, श्वेत रस्तोगी, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, विपिन शर्मा, मनोज कुमार, सुरेंद्र सैनी, दिनेश कुमार, डायरेक्टर दीपांशु, विजय पाल, शरणजीत जोशी, सेवक वाल्मीकि, मदनपाल चौहान, संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष अकरम अल्वी, सुरेश तोमर, करन सिंह, रोहिताश सिंह, हरिओम, परमवीर यादव, हरपाल सिंह, डॉ. नेपाल सिंह, मनुज वर्मा, कनिष्क वर्मा, निखिल वर्मा, पंडित राजेंद्र शास्त्री, हेमंत वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, अक्षय वर्मा, सोनू वर्मा, मोहित वर्मा, शोभित वर्मा, विवेक वर्मा, अंशुल वर्मा, हरीश अरोड़ा, कृष्ण अरोड़ा, सुभान भाइ, मो. अहमद, विपिन मिगलानी, सलमान, पीयूष रस्तोगी, महेंद्र सिंह सैनी, कुश कुमार सहित अनेक अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। यात्रा में शामिल प्रत्येक नागरिक के हाथ में तिरंगा लहरा रहा था। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी में देशभक्ति का अद्भुत जोश देखने को मिला। यह यात्रा न केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव थी बल्कि नगर वासियों में राष्ट्रीय एकता भाईचारे और देशप्रेम का संदेश भी दे रही थी। वही व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा ने आए हुए सभी तिरंगा यात्रा में लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि तिरंगा हमारे देश का गौरव है।

## एक नजर

### तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित



**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज पीपलसाना धामपुर में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह अभियान 11 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और लोगों को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही आसपास के गाँवों में लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ममता सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए देश की शान, आन और मान की गरिमा को बनाए रखने की शपथ दिलाई। वहीं, कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. शिखा सिंह ने विद्यार्थियों को देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रबल करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, जिनमें सलोनी चौहान, इकरा परवीन, रूबी मैम सहित अन्य शिक्षकगण इस कार्यक्रम मे शामिल रहे।

### विद्युत पोल गिरने से बैल घायल



**मंडावर।** कस्बे के मोहल्ला मंगल बाजार निवासी शाबीर अहमद सोमवार की सुबह अपने खेत पर जाने के लिए अपनी बैल बुग्गी तैयार कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने बैल को बुग्गी में जोड़ा, वैसे ही अचानक वहां खड़ा एलटी लाईन का विद्युत पोल गिर गया। पोल गिरने पर शाबीर ने किसी तरह घर के अंदर घुस कर अपनी जान बचाई लेकिन विद्युत पोल बैल के ऊपर गिरने से बैल गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहल्ले वासियो ने मंडावर बिजली घर पर कर्मचारियो को सूचना देते हुए विद्युत आपूर्ति बंद कराई, जिस समय विद्युत पोल गिरा उस समय लाईन में विद्युत आपूर्ति चालू थी। गनीमत रही की इस दौरान कोई विद्युत करंट की चपेट में नहीं आया, नहीं तों कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मोहल्ले वासियों का कहना है कि तीन दिन पूर्व नगर पंचायत द्वारा पानी कि टंकी के पाईप दबाने के लिए सडक खुदवाई जा रही थी। सड़क खोदने के दौरान जेसीबी का बूम लगने के कारण विद्युत पोल काफी तिरछा हो गया था, जिस कारण वह गिरा है। वही विद्युत विभाग के जई खेमचंद ने बताया कि पोल को वहां से हटवा दिया गया है।

### विद्यार्थियों को खिलाई कृमिनाशक टेबलेट



**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर में हजारों छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल ( कृमि नाशक ) खिलाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने बताया कि चिकित्सकों की सलाह के अनुसार बच्चों को कृमि नाशक टेबलेट दी गई। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में बच्चों के पेट कीड़े पैदा हो जाते है। इस टेबलेट के खाने से सभी कीड़े पेट से मर कर निकल जाते है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा और स्वस्थ रहते है। इस दौरान प्रवक्ता केशव शरण, हरवीर सिंह, संजय कुमार सिंह, राकेश सैनी, भीम सिंह, अर्चना शर्मा, तनु सैनी, नीति, सुप्रिया, पूनम सैनी, गीता शर्मा, एकता, संजय कुमार गोयल, आदि मौजूद रहे।

### बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी



**नांगल सोती।** जीतपुर खास पंचायत में ग्राम प्रधान पति मोनू राजपूत की देखरेख में आरोह फाउंडेशन के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता जन जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि आरबीआई लखनऊ के एलडीओ नितिन कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अखिल कुमार, अग्रणी बैंक कार्यालय सीबी सिंघल, पीएनबी नांगल के सहायक शाखा प्रबंधक रतन कुमार, बैंक सखी रीना रानी ने क्रेडिट कार्ड, ओवर ड्राफ्ट, बैंक लिमिट, समृद्धि और सुकन्या बैंक खाता, पीएमसवीवाई आदि बैंक योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही ग्रामीणों को बैंक की योजनाओं में निवेश के लिए प्रेरित किया। इस क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### युवकों ने रोडवेज बस में की तोड़फोड़

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर डिग्री कॉलेज के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से बाल बाल बचे बाईक सवार युवकों ने रोडवेज बस को रोककर बस में तोड़फोड़ कर डाली थी। सोमवार की सांय को नगीना से वाया नहटौर होते हुए बिजनौर डिपो की बस बिजनौर जा रही थी। नहटौर में कोतवाली देहात रोड पर डिग्री कालेज के पास अचानक आए दो बाइक सवार रोडवेज बस की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। आरोप है कि सड़क पर आए बाईक सवारों से साइड लेने के लिए रोडवेज चालक अर्जुन सिंह ने हॉर्न बजाया था। जिससे गुस्सा आए युवकों ने बाइक तेज चलाकर बस के आगे लगा दी और बस के रुकते ही शीशा तोड़ दिया। इसके अलावा डंडा उठाकर बस के शीशे तोड़ दिए थे। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि इस मामले में नहटौर के मोहल्ला जोशियान पश्चिमी निवासी सोहित, जौनी, दीपक को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मंडावर में भाजपा नेता के भाई ने लगाई फांसी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** रहस्यमय परिस्थितियों में भाजपा नेता के भाई ने फांसी लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर निवासी योगेंद्र पुत्र श्याम सिंह (45 वर्ष) का शव मंगलवार देर शाम ग्राम के ही रिंकू के खेत में बिजली के खंबे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार योगेंद्र आठ अगस्त से घर से लापता था और परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। मंगलवार को एक ग्रामीण ने खेत में शव लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त योगेंद्र के रूप में की। शव कई दिन पुराना होने के कारण उससे तीव्र दुर्गंध आ रही थी। मंडावर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक का छोटा भाई नमामि गंगे का जिला संयोजक है, जबकि योगेंद्र स्वयं किसान था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस आत्महत्या की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए आसान नहीं है। ग्रामीण तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे है।

# नजीबाबाद के होटलों में वैश्यावृत्ति



## भाजपा किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के होटलों में चल रही वैश्यावृत्ति को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इन होटलों में छापा मार कर कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ललित पाल के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जानकारी दी गई कि राजन होटल हरिद्वार रोड मालन नदी के पास अदब सिटी कालोनी के सामने अवैध वैश्यावृत्ति का धंधा चल रहा है। क्षेत्र के अन्य होटलों, जिसमें होटल साजन कोटद्वार रोड, होटल चंद्रयान निकट डबल फाटक, होटल महेश गुप्ता व होटल अजय गुप्ता निकट स्टेशन में भी उक्त धन्धा चल रहा है। जिस कारण क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है तथा नवयुवकों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। क्षेत्रवासियों ने उपरोक्त राजन होटल मालिक से कई मर्तबा कहा कि वह होटल में अवैध वैश्यावृत्ति का धन्धा बन्द कर दे, लेकिन उपरोक्त होटल मालिक किसी भी तरह से सुनने व समझने को तैयार नहीं है। उपरोक्त होटल के आस पास इण्टर कालेज के बच्चे भी आते है।

उपरोक्त होटल पर हर समय गुण्डा व अपराधिक किस्म के लोग बैठे रहते है । शराब आदि नशीले पदार्थों का सेवन करके हुडदंग बाजी व गाली गलौच व अश्लील गाने गाते है।

उपरोक्त व्यक्ति समझाने पर धमकी देता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता मेरी पुलिस आदि में अच्छी पैठ है। यदि मेरी कही भी शिकायत करोगे तो में तुम्हे उल्टा फंसा दूंगा। इस संबंध में होटल मालिकों का पक्ष फिलहाल प्राप्त नहीं हो पाया है।

## एक नजर

### डॉ. महबूब का इंतकाल



**अफजलगढ़।** मौहल्ला चिरंजीलाल निवासी डॉ. महबूब अख्तर का सोमवार को देहरादून के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हार्ट अटैक से इंतकाल हो गया। उनका इलाज देहरादून के एक निजी अस्पताल से चल रहा था। जहां देर रात दो बजे हार्ट अटैक से उनका इंतकाल हो गया। जैसे ही उनके इंतकाल की सूचना परिजनों व नगर वासियों को मिली, वैसे ही शोक की लहर दौड़ गई। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। वह एक समाजसेवी, मिलनसार तथा हंसमुख इंसान थे। वह मूल रूप से कस्बा स्योहारा के निवासी थे। वह 40 वर्षों से अफजलगढ़ में रह रहे थे। उनको स्वास्थ्य में काफी नॉलेज थी। वह अपने पीछे तीन बेटी व दो बेटे छोड़ कर दुनिया से अलविदा कह गए। उनके घर पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, शेख इरशाद हुसैन, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष नफीस कुरैशी, पूर्व पालिका अध्यक्ष जावेद विकार, मास्टर सलाउद्दीन, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश उर्फ मुन्ना, मास्टर मौहम्मद असद, सभासद मौहम्मद इमरोज, सभासद कलवा कुरैशी, वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव, भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, हाजी मौहम्मद इदरीस, मौलाना अब्दुल रहीम, उबेद विशाल आदि मौजूद रहे।

### छात्रा अर्शी परवीन सम्मानित



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी अर्शी परवनी व आरजू परवीन मदरसा इस्लामिया रहमानिया स्कूल की छात्रा है। उनके द्वारा टैस्ट कंप्टीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। मदरसे के हाफिज शाहिद व हाफिज उमर ने दोनों छात्राओं को सम्मानित कर हौसला अफजाई की है। दोनों छात्राओं ने कंप्टीशन जीत कर अपने मदरसे का नाम रोशन किया है। इस मौके पर हाफिज उमर, मौलाना आकिल कासमी, प्रधानाचार्य मास्टर इमरान आदि मौजूद थे।

### विश्व हाथी दिवस मनाया



**कालागढ़।** हाथी कैम्प में विश्व हाथी दिवस मनाया गया। मनीष कुमार वन क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके द्वारा स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए हाथियों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। हाथियों से सम्बन्धित अनेक प्रकार की जानकारी से अवगत कराया गया। हाथियों की प्रजातियों के विषय में बताया गया। इन्दर सिंह बिष्ट वन क्षेत्राधिकारी कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र कालागढ़ द्वारा हाथी संरक्षण के विषय में विचार प्रकट किए गए। हाथियों को केले, गन्ना, गुड आदि खिलाये गये। कार्यक्रम में भारत सिंह रावत, महेश चन्द्र जोशी, ललित मोहन चौधरी, होशियार सिंह एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज भाकियू का ऐतिहासिक आंदोलन

## कार्यकर्ताओं में भरा जोश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कल (आज) भाकियू टिकैत के द्वारा अपनी मांगों को लेकर ऐतिहासिक आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए रणनीति बनाई गई है। कार्यकर्ताओं में काफी जोश दिखाई दे रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा 21जुलाई को दिए गए मांग पत्र की उपेक्षा से कार्यकर्ताओं मे भारी आक्रोश है। 11 अगस्त को भाकियू पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य मांग पत्र देने के बाद पहली बार वार्ता हुई थी। वार्ता विफल होने के बाद भाकियू टिकैत ने अपने 13 अगस्त के प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च व अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए तैयारी तेज कर दी हैं। जिला मुख्यालय की ओर जाने वाले किसानों का मार्गदर्शन करने, यातायत सुचारू बनाये रखने मे सहयोग करने तथा धरना स्थल पर चलने वाले भंडारों की व्यवस्था संभालने के लिए 200 कार्यकर्ताओं की विशेष तैनाती की जा रही है। धरना स्थल पर रात्रि मे भंडारों आदि की व्यवस्था संभालने के लिए अलग से 50 कार्यकर्ताओं का चयन किया गया है। यातायात व्यवस्था में सहयोग करने वाले सभी विशेष कार्यकर्ता 13 अगस्त को प्रात: आठ बजे से ही अपने अपने निर्धारित प्वाइंट पर पहुंच जायेंगे।

भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बिजनौर गन्ना समिति पर पंहुच कर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये कार्यकर्ताओं को तिरंगे झण्डे व भाकियू किसान संगठन के झंडे वित. रित किए। गन्ना समिति में भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ आन्दोलन को शान्ति पूर्वक तरीके से अंजाम तक ले जाने की कार्ययोजना तैयार की गयी। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि प्रशासन ने 21 जुलाई को दिये गये मांग पत्र की उपेक्षा करके हमें आन्दोलन करने के लिए मजबूर किया है, तो हम जनहित में आन्दोलन करेंगे। हमारा आन्दोलन पूरी तरह शान्तिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता यह भी ध्यान रखें कि किसी ट्रैक्टर पर दो झंडे लगे होने की स्थिति में तिरंगा झंडा दूसरे झंडे से ऊपर रहे। कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने व ट्रैक्टर मार्च में शामिल ट्रैक्टरों को एक पंक्ति मे चलवाने तथा आम जनता को भी परेशानी से बचाने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये गये। स्कूली बच्चों के वाहन व एम्बुलेंस को निकलवाने का भी ध्यान रखा जाएगा।

# शेरकोट में देश भक्ति नारों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** लोगों में देशप्रेम व आजादी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के संदेश हेतु भारतीय जनता पार्टी की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर की गलियां और चौराहे देशभक्ति के नारों से गूंज उठे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को बस स्टैंड के निकट बैंक ऑफ बड़ौदा चौराहे से शुरू हुई तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख नीरज द्वारा फीता काटकर किया गया।

तिरंगा यात्रा नगर के मोहल्ला अचारजान, शेखान, नायक सराय, समनासराय , नगर पालिका चौराहा, मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा चौराहे पर संपन्न हुई।

यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं और नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' जैसे जोशीले नारे लगाकर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

इस मौके पर भाजपा नेता अनामिका जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी, नितिन प्रकाश सैनी, अचल चौहान, कामेश्वर राजपूत, प्रदीप यादव, रणजीत सिंह दारा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बरसात के मौसम में बीमारियों से बचें रहे: डॉक्टर तुफैल

## कई बीमारियां फैलने का खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** डॉ. तुफैल ने कहा कि बरसात के मौसम में बीमारियों से बचने की कोशिश की जानी चाहिए। छोटी बीमारियों को भी गंभीरता से लेना चाहिए, वरना यह आगे चल कर बड़ी बीमारी बन जाती है।

नगर के एसएल हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर तुफैल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस मौसम में लापरवाही बरतना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। डॉक्टर तुफैल ने कहा कि बारिश के दिनों में डेंगू, मलेरिया, टायफाइड, उल्टी, वायरल बुखार और स्किन इंफेक्शन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टर तुफैल ने कहा कि बारिश के कारण जगह-जगह पानी भर जाता है, जो मच्छरों के प्रजनन का मुख्य कारण है। मच्छरों से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं। वहीं गंदे पानी और नमी के कारण बीमारियां तेजी से पनपती हैं। जिससे पेट से जुड़ी बीमारियां और संक्रमण फैलने लगते हैं। डॉक्टर तुफैल ने कहा कि लक्षणो पर ध्यान दें। जैसे तेज बुखार, शरीर में दर्द, सिर दर्द और आंखों के पीछे दर्द, डेंगू, वायरल बुखार के संकेत, बार-बार ठंड लगना और पसीना आना मलेरिया के लक्षण है। डॉक्टर तुफैल ने कहा कि बरसात में घर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। पानी की टंकियों को ढ़क कर रखें। मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। पीने का पानी उबाल कर या फिल्टर करके ही पिएं। बरसात में कच्चे सलाद या खुले में बिकने वाला खाना न खाएं। गीले कपड़े तुरंत बदलें और शरीर को सूखा रखें। बाहर जाते समय छाता या रेनकोट का इस्तेमाल करें, ताकि भीगने से बचें। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। डॉक्टर तुफैल ने कहा कि बरसात का मौसम सुंदर तो है, लेकिन स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण भी है। थोड़ी सी सावधानी आपको गंभीर बीमारियों से बचा सकती है। डॉक्टर तुफैल ने बताया कि बासी खाना बिल्कुल नहीं खाएं, वरना आप बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं।

# एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती

## कई परीक्षाओं का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनसीसी सीनियर डिविजन में भर्ती की गई।

राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज की एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती डीपीएस के प्रांगण में 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के कमान अधिकारी कर्नल रोहिताश शर्मा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुई। भर्ती में कैडेट्स का शारीरिक परीक्षण या शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़, डंड बैठक और लिखित परीक्षा आयोजित हुई। राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल और सूबेदार मेजर जगत सिंह नेगी ने हरी झंडी दिखाकर कैडेट्स की दौड़ की शुरुआत की। सूबेदार मेजर जगत सिंह नेगी ने कहा कि एनसीसी की देश भक्ति, निष्ठा एवं ईमानदारी की भावना के साथ-साथ राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका रहती है। प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने कहा कि एनसीसी से कैडेट्स में शिष्टाचार आदि की शिक्षा से अच्छे कैरियर बना सकता है। इसलिए एनसीसी की सभी गतिविधियों में रूचि से प्रतिभागी करना चाहिए। भर्ती में लगभग 150 कैंडिडेट्स ने उत्साह पूर्वक शारीरिक परीक्षण या शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया। उसके बाद सभी कैडेट्स की लिखित परीक्षा हुई। जिसमें लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्र पाल सिंह, नायक सूबेदार मुमताज, बीएचएम प्रशांत, वरिष्ठ लिपिक शरीफ, चंद्रहास सिंह, बालेश कुमार, विनीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मदरसा फारुक-उल उलूम में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

**साहनपुर।** मदरसा फारुक-उल उलूम जूनियर हाई स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मदरसे के छात्र-छात्राओं ने भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के चित्र को अपनी-अपनी कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड पर बनाया। कार्यक्रम में सलीम अहमद प्रधानाचार्य, मौहम्मद इरफान, मौहम्मद आबिद, अब्दुल्लाह, गालिब, मौहम्मद शाहनवाज, मौहम्मद दिलशाद, गोविन्द सिंह, मौहम्मद राशिद, मौहम्मद सादिक, मौहम्मद शाकिर, हसीनुद्दीन, फसीहुल हसन, ग्यासुद्दीन, इदरीस, शबीना मलिक आदि उपस्थित थी।

# सीओ से मिले पीड़ित



**नजीबाबाद।** मंडावली के ग्राम मोहनपुर में दो पक्षों में हुए झगड़े में आरोपियों पर कोई कार्रवाई न होने पर नाराज वादी पक्ष के लोग सीओ नजीबाबाद से मिले और मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की । मंडावली के थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में 10 अगस्त को शाम सात बजे रविदास लीला मंच के सामने ठेले पर मोमोज खाने के बाद गौरव पुत्र अर्जुन सिंह और उसका दोस्त अनिकेत कुमार पुत्र अरविंद कुमार घर लौट रहे थे। रास्ते में मोहनपुर गांव निवासी तीन युवकों के द्वारा रास्ता रोककर गाली गलौज और जाति सूचक शब्द कहते हुए मारपीट की गई। आरोप है कि चाकू से हमला भी किया गया। जिससे गौरव पुत्र अर्जुन सिंह और उसका दोस्त अनिकेत कुमार पुत्र अरविंद कुमार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वादी की तहरीर पर आरोपी आकाश, ऋषि और पंकज के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा अभी तक मामले में उचित कार्रवाई न होने पर वादी पक्ष के लोग आज तहसील पहुंचे और सीओ से इस संबंध में शिकायत की। उचित कार्रवाई की मांग की है।

# अलीगंज संपर्क मार्ग में कटान

## नागरिकों का विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** अत्यधिक बरसात के चलते नाले के तेज बहाव से अलीगंज संपर्क मार्ग का कटान शुरू हो गया है। जिससे आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

स्थानीय निवासी हितेश कश्यप, रईस अहमद, सूरजभान, महेंद्र कश्यप, पप्पू आदि ग्रामीणों ने बताया कि एक किलोमीटर लंबे रेहड़ - अलीगंज संपर्क मार्ग से गांव लाल. पुरी, अलीगंज, मकोनिया, देवानंदपुर गढ़ी, मलकंठपुर गढ़ी और रेहड़ के ग्रामीणों का आवागमन होता है। रेहड़ में स्थित राजकीय नवरत्न इंटर कॉलेज से रामकिशोर तोमर के घर तक पक्का नाला बना हुआ है। रामकिशोर तोमर के घर से आगे इस मार्ग संपर्क मार्ग के किनारे पक्का नाला नहीं है।

रामकिशोर तोमर के घर तक बने पक्के नाले का बरसाती पानी इसी संपर्क मार्ग के किनारे से बहता हुआ पीली नदी में जाता है। अत्यधिक बरसात के चलते गांव के पक्के नाले में आए पानी के तेज बहाव से रामकिशोर तोमर के घर के पास गांव अलीगंज को जाने वाले इस संपर्क मार्ग का कटान शुरू हो गया है। जिससे आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। कटान के चलते संपर्क मार्ग की चौड़ाई कम हो गई है जिससे चार पहिया वाहनों का आवागमन भी बंद हो गया है। महेंद्र सिंह कश्यप, हितेश कश्यप, पप्पू तोमर, रामकिशोर तोमर, रईस अहमद, खुर्शीद, इदरीस, अबरार, सुलेमान आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग पर पक्का नाला व सीसी रोड बनवाये जाने की मांग की है।

# महिला को लूटा

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा निवासी वृद्ध महिला राशिदा घर पर अकेली थी। बीती रात करीब दो बजे एक युवक दीवार फांदकर घर में घुस गया। उसने बेलन की मूठ को तमंचा बताते हुए वृद्ध महिला के लगा दिया। उसके साथी बाहर होने की बात कहते हुए डरा धमकाकर महिला की नाक से सोने की लौंग निकाल ली। इसके अलावा रखी हुई चांदी की पायल के अलावा करीब आठ सौ रूपए निकालकर फरार हो गया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। रात में ही शोर शराबा होने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया। घर पर अकेली वृद्ध महिला के साथ इस तरह की घटना को लेकर सभी अचंभित रह गए। वृद्ध महिला का पुत्र बाहर करने के लिए गया हुआ था। पता चलने पर आसपास के लोगों ने जानकारी ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 04 के सम्पत्ति संख्या 182 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में बृजपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह के नाम दर्ज है। अत: बृजपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह का नाम निरस्त कर श्रीमति सोनू रानी पत्नी संजीव कुमार का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तपश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**न्यायालय सिविल द्वितीय अपर जज जू.डि. नगीना**

प्रकीर्ण वाद सं.-120/21

वाद सं.-574/1996

**रामनाथ सिंह आदि बनाम गोल्डी आदि**

रामनाथ सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी ग्राम चकराजमल, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**-प्रार्थी/वादी**

**बनाम**

1. गोल्डी पुत्र गजराज सिंह 2. पुखराज सिंह 3. लुकमान सिंह पुत्रगण निहाल सिंह 4. महावीर सिंह पुत्र हरिराज सिंह निवासीगण ग्राम चकराजमल, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा /वसीयत/बैनामा/दान पत्र कैंसिलेशन के सम्बंध में के दायर की है। लिहाजा आपको हुकम होता है कि बतारीख 21-08-2025 वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ अमुर अहमद मुतालिक के मुकदमा का जबाव दे सके या जिस के पास और कोई सख्त हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर बताईये अपना जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें जो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक : 21.08.2025

**प्रबंधक**

**द्वितीय अपर सिविल जज ( जू.डि. ) नगीना ( बिजनौर )**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. शाहनवाज व उसकी पत्नी सना परवीन मेरे कहने व सुनने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार, गाली गलौच व मारपीट करते है और जान से मारने की धमकी देते है। मैंने आए दिन की उनकी इन्हीं हरकतों से तंग व परेशान होकर इन्हें बेदखल करते हुए अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इनके द्वारा किसी भी कृत्य व लेनदेन के यह खुद जिम्मेदार होंगे। मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **मौ. हसन पुत्र कल्लू, निवासी सराय शेख हबीब, थाना व तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

# मंदिर परिसर से बिना अनुमति के काटे पेड़

## वन विभाग ने कब्जे में ली लकड़ी





**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** वन विभाग की बिना अनुमति के नीम व पीपल के पेड़ काट दिए गए। शिकायत पर वन विभाग ने लकड़ी अपने कब्जे में ले ली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला रम्पुरा में वाल्मीकि जिला गुरु गद्दी के अंदर अवैध तरीके से नीम और पीपल के पेड़ काट दिए गए। वन विभाग से कोई अनुमति भी नहीं ली गई। पेड़ काटने वाले शेर सिंह पुत्र पन्नालाल और विनोद पुत्र नौरतू निवासी मोहल्ला रमपुरा हरिद्वार रोड नजीबाबाद ने अनुमति लेना गंवारा नहीं समझा। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल वन दरोगा परशुराम सिंह को मौके पर भेज कर कटे हुए पेड़ों को अपने कब्जे में लिया। पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। अब देखना यह है कि अवैध तरीके से पेड़ काटने व कटवाने वालों पर क्या कार्रवाई होती है। जबकि धार्मिक मान्यताओं के हिसाब से पीपल के पेड़ को पूजनीय माना जाता है और नीम के पेड़ को औषधि के हिसाब से काफी लाभदायक माना गया है । नागरिकों का कहना है कि कार्रवाई अमल में लाने की बहुत ज्यादा जरूरत है, ताकि कोई भी हरे-भरे व धार्मिक महत्व के पेड़ों को काटने की गलती न करें।

# बजाज समूह में नेतृत्व की पांचवीं पीढ़ी का सशक्त आगमन

## आनंदमयी बजाज के नाम की घोषणा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बजाज समूह ने अपने संस्थापक जमनालाल बजाज की पांचवीं पीढ़ी की प्रतिनिधि आनंदमयी बजाज के समूह में शामिल होने की ऐतिहासिक घोषणा की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चीनी, इथेनॉल, बिजली और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के उत्पादन से जुड़े भारत के जाने माने समूह के अध्यक्ष कुशाग्र नयन बजाज की सुपुत्री आनंदमयी बजाज समूह की पहली महिला उत्तराधिकारी भी बन गई हैं। जो सक्रिय रूप से नेतृत्व की भूमिका में शामिल होंगी। आनंदमयी ने कोलंबिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क से वित्तीय अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री के साथ ही गणित में भी डिग्री प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों को समृद्ध किया है। अपनी तीव्र बौद्धिक क्षमता, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण और पारिवारिक विरासत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ, आनंदमयी बजाज समूह में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण लेकर आई हैं। महज 22 वर्ष की आयु में वह बजाज एनर्जी, बजाज कंज्यूमर और बजाज हिंदुस्तान शुगर जैसी प्रमुख कंपनियों के नेतृत्व दल के साथ मिलकर कार्य करेंगी और मुंबई स्थित मुख्यालय से अपनी पूर्णकालिक भूमिका की शुरुआत करेंगी। अपनी भूमिका की शुरुआत के दौरान वह विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में क्रॉस-फंक्शनल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और 2025 के अंत तक प्रमुख संचालनात्मक जिम्मेदारियाँ निभाने के लिए पूरी तरह तैयार होंगी।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर कुशाग्र नयन बजाज ने एक भावनात्मक संदेश में कहा आनंदमयी का पालन-पोषण हमारे मूल्यों और विरासत के साथ हुआ है। वह नई सोच, गहरी समझ और जमीन से जुड़ी जिम्मेदारी लेकर आ रही हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वह समूह को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम हैं। अपनी नई भूमिका पर आनंदमयी बजाज ने कहा बजाज समूह से औपचारिक रूप से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं सीखने, बढ़ने और समूह की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं। यह एक जिम्मेदारी है, जिसे मैं पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगी।

बजाज समूह आज एक +2.5 बिलियन का विविध समूह है। जिसकी उपस्थिति चीनी, इथेनॉल, बिजली और एफएमसीजी जैसे क्षेत्रों में है। समूह के पास 5 बिलियन डॉलर से अधिक का परिसंपत्ति आधार है और इसमें 12,000 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं। आनंदमयी के आगमन के साथ, समूह एक नई सोच, नई ऊर्जा और नई दिशा की ओर अग्रसर होता दिख रहा है।

# दीवार फांद कर घर में घुसे चोरों ने जेवरात किए चोरी

## पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** चोरों ने बीती रात एक घर की दीवार फांदकर कमरे में रखी दो अलमारी से लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। परिजनों का कहना है कि रात में परिवार घर की छत पर सोया हुआ था। सुबह उठने पर चोरी का पता चला। पीड़ित व्यक्ति ने चोरी की तहरीर पुलिस को देते हुए कार्यवाही कि मांग की है। पुलिस चोरी की घटना को संदिग्ध मान रही है।

रविवार की रात्रि मौहल्ला चमारान निवासी मुहम्मद राशिद सब्जियों की ढुलाई का काम करता है। वह रात में सब्जियों को लेकर पिकअप गाड़ी से किरतपुर से रुड़की गया था। घर पर परिवार की महिलाएं ही थीं। रात्रि में किसी समय चोर पीछे से घर की दीवार फांदकर कर घर में घुस गये और उन्होंने घर में रखी अलमारी के ताले काटकर उसमें रखे लाखों रुपये के सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। सुबह चार बजे चोरी का पता चला। पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित ने तहरीर देकर चोरी का खुलासे करने मांग की है। चोरी गये सोने, चांदी के आभूषणों की कीमत चार-पांच लाख रुपये बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है।

## खस्ताहाल सड़क पर स्कूली बच्चे और राहगीर हो रहे चोटिल

**नजीबाबाद।** तहसील क्षेत्र नजीबाबाद कौड़िया निकट उत्तर प्रदेश उत्तराखंड बॉर्डर कोटद्वार कौड़िया तेलीपाड़ा को जाने वाली सड़क काफी खस्ता हाल है। सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे है, जिसमें वर्षा होने से पानी जमा हो गया है। इन गड्ढों में आए दिन स्कूली बच्चे और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। इस ओर कोई संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा है।

# अर्चित, राहुल व सौरभ पर शिकंजा

## दर्ज कराई गई एफआईआर

**जिशान अंसारी**

**सहसपुर।** भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा चलाई गई योजना में धोखाधड़ी को लेकर अर्चित, राहुल व सौरभ पर शिकंजा कस गया है। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अर्चित अग्रवाल, राहुल रामानी एवं सौरभ पांडे ने मिलकर 220 छात्र-छात्राओं का भविष्य लगभग पांच साल से अंधेर में रखा है। न तो परीक्षा कराई गई और न ही सार्टिफिकेट दिलाए गए। सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को कौशल विकास और नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक सरकारी पहल है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कराना है। सभी विद्यार्थियों का कहना है कि सीखो और कमाओ योजना के अंतर्गत सत्र 2019-20 में जयराम एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से तीनों ने लगभग पांच साल पहले जनपद बिजनौर व मुरादाबाद के बॉर्डर पर स्थित एक प्रशिक्षण केंद्र को अपना निशाना बनाया। उन्होंने कहा था कि इस स्कीम के तहत छात्र-छात्राओं के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य करे। जब छात्र-छात्राओं के भविष्य के बारे में कहा तो इस पर स्टाफ के मन में एक अलग ही खुशी पैदा हो गई थी। केंद्र के स्टाफ ने काफी मेहनत करके लगभग 220 छात्र-छात्राओं को एमएलटी कोर्स के लिए जगह-जगह से एकत्रित किया। सभी 220 छात्र-छात्राओं ने कोर्स को समय सीमा के अनुसार पूरा किया। सभी छात्र-छात्राओं का कहना है कि सेंटर के स्टाफ ने बहुत मेहनत की और हमारे भविष्य को उज्जवल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस योजना को लगभग पांच साल बीत चुके है, पर अभी तक न कोई परीक्षा कराई है और न ही कोई सार्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। कुछ छात्र-छात्राओं का यह भी कहना है कि हम ने काफी स्थानों पर शिकायत की। अब इन तीनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हो गई है। निदा, फरहा, आलम, सादिया, नौशाद, मंतशा, फरहा, शोएब आदि ने न्याय की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### व्यापारियों के साथ बैठक



**नजीबाबाद।** उप जिलाधिकारी ने व्यापारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस पर हर दुकान व हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराने एवं नगर को स्वच्छ रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया। व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर संरक्षक उमापति गर्ग के नेतृत्व में अजय अग्रवाल, चंद्र प्रकाश गुप्ता, सरदार हरिंदर सिंह नगर अध्यक्ष, कमल बंधु महामंत्री, अनुज अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल जिला मंत्री, विशेष महेश्वरी उपाध्यक्ष, अनूप अग्रवाल नगर मंत्री, मौहम्मद आदिल नगर मंत्री, वरुण अग्रवाल उपाध्यक्ष, अंश अग्रवाल नगर मंत्री, शक्ति गर्ग नगर प्रचार मंत्री, सिकंदर खान आदि व्यापारियों ने हिस्सा लिया। नगर में बिजली व्यवस्था आदि मुद्दे व्यापारियों द्वारा उठाए गए। नगर पालिका ईओ एवं सफाई इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद जल्द से जल्द निवारण का आश्वासन दिया गया।

### भाकियू की मतत्वपूर्ण बैठक



**अफजलगढ़।** ग्राम कादराबाद में भाकियू टिकैत की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष सुनील चौधरी एवं युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत संधू ने समस्याएं सुनी और 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर मार्च में शामिल होने का आह्वान किया। जिला सचिव मुखत्यार सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष मदन राणा ने समस्याएं रखीं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अफजलगढ़ वसीम गुर्जर, चौधरी बलजीत सिंह, राणा सैनी, गुरविंदर सिंह, विजेंद्र सिंह, देवेंद्र कौशिक, रमेश शेखावत, सरदार कुलदीप सिंह, चक्रधर शर्मा, शैलेंद्र चौहान, जसपाल सिंह बब्बू, दर्शन रावत, चिरंजीवी लाल, हरी सिंह, ज्ञानी अवतार सिंह, चरणदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, गुरप्रीत सिंह मिंटा, जसबीर सिंह आदि ने ट्रैक्टर मार्च की सफलता के लिए रणनीति बनाई।

### राहुल देश का गौरव: आदित्य



**बिजनौर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आदित्य सिंह ने कहा कि राहुल गांधी देश का गौरव है। आज जब भारतीय लोकतंत्र पर सवालों के बादल मंडरा रहे हैं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 300 से अधिक सां. सदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के दफ्तर तक प्रदर्शन कर एक स्वर में लो. कतंत्र की रक्षा का आहवान किया। यह ऐतिहासिक कदम न केवल वोट चोरी के खिलाफ एकजुटता का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय जनमानस को यह विश्वास दिलाता है कि हमारे लोकतंत्र को बचाने के लिए सच्चाई और न्याय की लड़ाई अभी जिंदा है। राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर एक लाख से अधिक फर्जी वोटों के सबूत पेश कर न सिर्फ चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, बल्कि यह भी उजागर किया कि कैसे मोदी सरकार के संरक्षण में लो. कतंत्र की नींव को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। यह प्रदर्शन केवल एक मार्च नहीं, बल्कि हर भारतीय के वोट के अधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एक संकल्प है।

### जिला अस्पताल में चले लात-घूंसे

**बिजनौर।** बीती रात जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में पुलिस की मौजूदगी में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि मुकुल नामक युवक का स्थानीय भरत विहार कॉलोनी निवासी बादल (18 वर्ष) से करीब दो माह पहले विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर रविवाद को लेकर रविवार की देर रात मुकुल ने अपने दो साथियों के साथ बादल को एसपी आवास के सामने घेर लिया और बुरी तरह मारना-पीटना शुरू कर दिया। बादल किसी तरह छूट कर जिला अस्पताल चला गया। आरोप है कि मुकुल व उसके साथियों ने अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष में भी पुलिस की मौजूदगी में उसके साथ मारपीट की। मुकुल व उसके साथियों द्वारा की गई। मारपीट से बादल व उसका रिश्तेदार चमन (45 वर्ष) बुरी तरह घायल हो गए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### बंटवारे की वार्ता बनी चर्चा का विषय

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र की आदर्शनगर चौकी पर तैनात रहे एक दरोगा व सिपाही के बीच मोबाइल पर वार्ता शहर में चर्चा का विषय बनी है। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। वायरल ऑडियो में सिपाही अशोक कुमार ने कहा जय हिंद साहब! मैं तो जा रहा। डॉक्टर वाले मामले का मुझे तो कर देते तीन महीने के लिए जा रहा हूं तीन महीने बाद आप भी भूल जाओगे और मैं भी। क्या मेरा कुछ नहीं उसमें, जिस पर दरोगा अन्नू कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि क्यों नहीं तुम मिले ही नहीं। मैंने तुझे बुलाया तू आया ही नहीं कोई बात नहीं जब वापस आएगा तब मिलना। गाली देते हुए दरोगा ने कहा पकड़े गए चोर भी और उनके अल्टीनेटर भी पकड़े गए। अंत में दरोगा ने कहा परेशान ना हो फोन पर करा देंगे। अब क्या कर देंगे। यह बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई। कुछ सोशल मीडिया ग्रुप पर इस मामले में लोगों ने लिखा कि दोनों के बीच रुपए के बंटवारे को लेकर बात चल रही है, तो कुछ लोगों ने दूसरे तर्क भी दिये।

## एक नजर

### टेंट व्यापार एसो. की बैठक



**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन मैरिज हॉल में हुआ। अध्यक्षता तसनीम सिद्दीकी ने की एवं संचालन मौहम्मद सलीम ने किया। बनारस से आए अभिलेश वर्मा, मौहम्मद हसीन आजाद, जितेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज रावत अचछू, अनिल मौर्य, रोहित पाठक, मौहम्मद अख्तर, सुभाष धवन, लड्न खां, साबिर जैदी, मनोज टांक, दीपक अग्रवाल, निसार अहमद, मौहम्मद असलम, अनिल गोयल आदि ने भाग लिया। बैठक में जनपद के भारी संख्या में टैंट व्यापारी शामिल हुए।

### नूरपुर में निकाली तिरंगा यात्रा



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। देश भक्ति के तरानों के साथ नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा की शुरुआत मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रेंस एकैडमी स्कूल पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने व्यवस्था बनाई। भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बाबी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह व ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ संयुक्त रूप से हुआ। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता देशबंधु, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, मंडल महामंत्री वीर प्रकाश, प्रयमुन गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, जीतू भुइयार, प्रेमपाल रवि, राहुल यादव, सुरेंद्र पाल, विनोद वाल्मीकि, अनिकेत घाघट, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, जुगनू चौधरी, धर्मेंद्र जोशी, डॉ. गुलरेज अंसारी, शीला राणा, तकदीश अंसारी, संदीप जोशी, अंकित जोशी, सरदार हरभजन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया बैराज का निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज शाम मध्य गंगा बैराज पुल सिलेब्स में आई हुई दरारों का स्थलीय निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह के अलावा एनएचआई विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा निरीक्षण के दौरान गंगा बैराज पुल के गेट नंबर 1516 तथा 23 24 के सिलेबस में आई दरारों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने एनएचआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिल. बस में आने वाली दरारों की तत्काल तकनीकी जांच करें और इसको रोकने के लिए आवश्यक उपाय करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जब तक दरारों की समस्या का हल नहीं हो जाता तब तक भारी वाहनों का आवागमन बंद रखें। इसके अलावा उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैराज पुल के सभी गेटों के सिलेबों पर कड़ी निगाह रखते हुए उसकी स्थिति का पूरी सजगता और सटक सतर्कता के साथ निगरानी का कार्य जारी रखें।

# भाकियू व प्रशासन की वार्ता विफल

## 13 को निकलेगा ट्रैक्टर मार्च



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत व प्रशासन की वार्ता विफल हो गई है। जिसके बाद 13 मार्च को ट्रैक्टर मार्च निकालने का निर्णय बरकरार रखा गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के 13 अगस्त को धरने व ट्रैक्टर मार्च को लेकर एक वार्ता प्रशासनिक अधिकारियों और भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के बीच महात्मा विदुर सभागार कलेक्ट्रेट में हुई। जिसमें 21 जुलाई को दिए गए मांग पत्र पर चर्चा हुई। मांग पत्र में दी गई मांगों का समाधान करने के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी ही बैठक में उपस्थित नहीं था। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम सदर लगभग एक माह बीतने के बाद भी स्वयं अपनी ही तहसीलों से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं करा सके। जिस कारण वार्ता विफल हो गई और किसान पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए सभा कक्ष से बाहर चले गए। सभा कक्ष के बाहर भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 13 अगस्त को प्रस्तावित आन्दोलन की तैयारी मे जुट जाएं। बारिश हो चाहे या आंधी आये, अब हमारा आन्दोलन और भी बड़ा तथा अनिश्चितकालीन होगा, जब तक समस्याओं का समाधान करने मे सक्षम प्रत्येक विभाग के उच्च अधिकारी वार्ता के लिए उपस्थित नहीं होंगे, तब तक वार्ता का भी कोई औचित्य नहीं है, सुनील प्रधान ने कहा कि आज की वार्ता में मध्यस्थता करने वाले अधिकारी अपने ही विभाग की समस्याओं का समाधान नहीं करा पाये, तो काहे की वार्ता।

इस मौके पर किसानों की ओर से राम अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, बाबूराम तोमर, मनप्रीत सिंह, प्रमोद कुमार, जितेंद्र सिंह, मुनेंद्र काकरान, संदीप त्यागी, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, विजय चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, गजेंद्र सिंह, मुनेश अहलावत, अमरपाल सिंह, कल्याण सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरीराज सिंह, कोमन सिंह, सोनू वीरक, कविराज सिंह, विनीत चौधरी, मुनिदेव, आशु चौधरी, अजय बालियान, अमित कुमार, अशोक कुमार, शुभम, आक. श चौधरी, किरत बालिया आदि मौजूद थे।

## फ्लाई ओवर ब्रिज में जीने का मामला

# मानवाधिकार आयोग ने मांगा स्पष्टीकरण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** फ्लाईओवर में जीना न बनाए जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संबंधित विभाग से स्पष्टीकरण मांगा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा नजीबाबाद के जलालाबाद स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 और गढ़मलपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से कराया गया था। परंतु विभाग के पास धनराशि होने के बाद भी जीना नहीं बनाया गया है। जिस कारण कई लोगों की मृत्यु लाइन क्रॉस में हो चुकी है। इस संबंध में खुद रेलवे विभाग ने भी जानकारी दी है।

उधर शिकायत को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है।

इस संबंध में आयोग ने उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान से चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी गई है। ताकि अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की सजा नागरिक भुगत रहे है।



सम्भल-शेर खां सराय स्थित कब्रिस्तान में प्राचीन पक्की कब्रों को ध्वस्त करती जेसीबी।

# कांग्रेसियों ने चौपाल में बतायी वोट चोरी की हकीकत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष क वोट चोरी के खुलासे के आरोपों को गांव-गांव पहुंचकर जनता के सामने रखना शुरू कर दिया गया है। चौपाल कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों को राहुल गांधी की वार्ता को सुनाया और समेत विपक्षी सांसदों की गिरफ्तारी का रोष बढ़ता जा रहा है। गुस्साय कांग्रेसियों ने प्रर्देशन कर गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाध्यक्षा आरिफ तुर्की ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने न्यू दिल्ली में एक प्रेस कान्फ्रेंस में वोट चोरी का पर्दाफाश करते हुए आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हेतु वोटर लिस्ट में हुए व्यापक पैमाने पर अनियमिताओं को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयोग के गठजोड़ का खुलासा किया था। इस मामले में पूरे साक्ष्य मीडिया के समक्ष रखे थे। राहुल गांधी जी द्वारा निडरता पूर्वक किए गए इस खुलासे को जन जन तक पहुंचने के उद्देश्य से हम सभी कांग्रेस जनों की जिम्मेदारी है कि मोदी सरकार द्वारा चुनाव आयोग से साठगांठ करके वोट चोरी के जरिए आम जनता के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या की सत्यता को जनता के बीच पहुंचाया जाये। के उद्देश्य से आज ब्लाक पंवासा के ग्राम गोविन्दपुर में जनता के बीच चौपाल लगाकर राहुल गांधी जी की प्रेस कान्फ्रेंस की वीडियो टीवी पर दिखाया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आरिफे तुर्की जिला कंट्रोल रूम इंचार्ज इकराम तुर्की जिला सचिव नोमान हैदर मंडल अध्यक्ष मजारुल हसन,अनीस अहमद ,मोहम्मद हारून, जुनैद तुर्की, दीप चंद,विजय सिंह,मेंबर आकिल सैी, जेगम अली, छतारा सिंह, मरगूब हस्त, अब्बास अली, इकबाल हुसैन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस प्रशासन ने पुख्ता कब्रों पर चलाया बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस-प्रशासन ने शेर खां सराय में दर्जन भर से अधिक पुख्ता कब्रों को बुल्डोजर चलाकर जमींदोज़ कर दिया। तहसील न्यायालय से पारित आदेश के आधार पर आनन-फानन में की गई इस कार्यवाही को लेकर वक्फ कब्रिस्तान के मुतवल्ली के परिवार के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस-प्रशासन ने यह कार्रवाई वक्फ के अस्तित्व को समाप्त करने वाली तथा मनमानी पूर्ण है।

राजस्व अभिलेखों में ग्राम शेरखां सराय के गाटा संख्या 128/2,रकबा 0.105 है. व गाटा सं. 129 रकबा 0.109 पर कब्रिस्तान व नवीन परती दर्ज है। जबकि खेवट में भूमि पर ज़मींदारों के नाम स्वामित्व के रूप में दर्ज हैं। तहसीलदार न्यायालय ने 9 जुलाई को गाटा सं. 121 रकबा 0.109 को कनवीन परती के रूप में दर्ज बताते हुए अज्ञात कब्जेदारों के विरूद्ध बेदखली की कार्रवाई के आदेश पारित किये हैं। जबकि इससे पूर्व नोटिस पाइंदा असद हुसैन व जावेद हुसैन पुत्र आशकार निवासी मौहल्ला कोट गर्बी ने अपनी आपत्ति 28 जून को प्रस्तुत कर कहा था कि उक्त भूखंड पर कोई कब्जा व अतिक्रमण नहीं किया गया है।

नोटिस देहिंदा ने 6 लाख 75 हज़ार 800 रूपये की क्षतिपूर्ति का जो नोटिस जारी किया है उसे निरस्त/वापिस लिया जाये। तहसीलदार के आदेश पर अमल दरामद करने के लिए मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम नगर पालिका की जे सी बी के साथ शेर खां सराय पहुंची और प्राचीन कब्रिस्तान में बनी दर्जन भर से अधिक पक्की कब्रों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। उधर वक्फ कब्रिस्तान के मुतवल्ली रहे सय्यद उसमान अली ने बताया कि जिस आराजी पर पुख्ता कब्रों को जमींदोज किया गया है वह वक्फ बोर्ड में वक्फ संख्या 687 मुरादाबाद पर दर्ज है तथा उन्हे वर्ष 2000 में इस कब्रिस्तान व दरगाह हजरत शाह मदार साहब के मज़ार और मस्जिद प्रबंध के लिए मुतवल्ली नियुक्त किया गया था। वह 2019 तक इस वक्फ सम्पत्ति की देखभाल करते रहे हैं। दरगाह व कब्रिस्तान की इस आराजी पर 1980 में गैर कानूनी तरीके से किये गये पटटों को तुरंत निरस्त करने व वक्फ सम्पत्ति की सुरक्षा करने के आदेश दिए गए।

## पूर्व मुतवल्ली ने कहा हमारी भावनायें की आहत

**सम्भल।** जब पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने शेरखां सराय में कदीम कब्रिस्तान में स्थित पुख्ता कब्रों को बुल्डोज किए जाने की खबर कब्रिस्तान के पूर्व मुतवल्ली सै. उसमान अली को मिली तो वह बुजुर्गों की के मज़ारों की बेहुरमती किए जाने पर फफक-फफक कर रोने लगे। कहा कि मुरादाबाद में रहने वाले उनके परिवार की एक महिला को एक महीने पहले ही इस कब्रिस्तान में दफन किया गया था। हमारे बहुत से बुजुर्गों की कब्रें इस कब्रिस्तान में मौजूद है। इससे हमारी भावनायें जुड़ी हुई है।

# सपा सांसद के मकान मामले में अदालत ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के सांसद के मकान के नक्शे को लेकर चल रहे मामले में अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। फैसले से सपा सांसद की मुश्किलें बढ़ गयी है।

विगत वर्ष 24 नवम्बर को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने से भड़की हिंसा के बाद घर-घर गली और मौहल्लों में की गई चैंकिग के दौरान सपा सांसद के निर्माणाधीन मकान को बिना नक्शा पास कराये निर्माण कराने का आरोप लगाकर विनियमित क्षेत्र से नोटिस जारी किया गया था। आठ माह पहले शुरू हुए इस मामले में काफी तिथियां पड़ीं। अब उपजिलाधिकारी की अदालत ने बिना अनुमति नक्शा पास कराये चले मुकदमें मं मंगलवार को अदालत ने अपना निर्णय सुना दिया है। जिसके तहत सांसद की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। अदालत के आदेशानुसार सांसद जियाउर्रहमान बर्क के मकान के 1 मीटर गहराई और 14 मीटर लंबाई वाले हिस्से को अवैध मानते हुए हटाने का निर्देश दिया गया। जबकि इस हिस्से को हटाने के लिए सांसद को 30 दिन का समय दिया गया है। अगर तय समय में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया, तो बुलडोजर से यह अवैध निर्माण गिराया जाएगा। सपा सांसद के घर के बाहर से कुल 151 वर्ग फीट एरिया हटेगा। जिसमें नीचे के फ्लोर में बने हॉल का आगे का हिस्सा जाएगा। ऊपर मंजिल में भी हॉल का ही हिस्सा जाएगा। सपा सांसद का घर 125 वर्ग मीटर में बनकर तैयार हो रहा है। बता दें कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क के मकान का निर्माण बर्क मंजिल के नाम से उनके दादा पूर्व सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के समय शुरू हुआ था। एसडीएम विकास चन्द्र ने कहा कि सांसद ने बिना नक्शा पास कराए मकान बनवाया मकान में अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम अदालत में मुकदमा चल रहा था। उन्होने कहा कि आदेश का पालन नहीं होने पर प्रशासन सख्त कदम उठाएगा। इस मामले में जो कार्रवाई की गई है। वह एक संदेश भी है। कानून सभी के लिए बराबर है। यदि कोई व्यक्ति कानून से अलग जाकर काम करेगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-विद्याकुंज स्कूल में जन्माष्टमी मनाते बच्चे।

### श्रीकृष्ण वेश में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चे

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में श्री ृष्णि जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में बचपन प्ले के नन्हे-मुन्नें बच्चों ने श्रीकृष्ण का रूप धारण किया तथा उनकी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्ले से प्रथम स्थान पर आन्या व ज्योत्सना, दूसरे स्थान पर अक्षिता, तीसरे स्थान पर आरव विजय रहे। एन सी से प्रथम स्थान पर दिव्यांश दूसरे स्थान पर श्रेया व प्रेम, तीसरे स्थान पर ईविका, एल के जी से प्रथम स्थान पर श्रेष्ठ दूसरे स्थान पर देवांश तीसरे स्थान पर शिवांश व ध ृति, यू के जी से प्रथम स्थान पर आदविक गोयल दूसरे स्थान पर अथर्व तीसरे स्थान पर छवि विजेयता रहे। ततपश्चात मटकी फोड़ने का कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें कक्षा चार के हिमांशु ने श्री कृष्ण का रूप धारण किया और मटकी फोड़ी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध क अतुल गोयल ,कपिल गोयल, कार्तिक गोयल, गर्वित गोयल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कपिल गोयल ने विद्यालय के श्रीकृष्ण के स्वरूप में आए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका मनोबल भी बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, विनीता अग्रवाल, रुचि वार्ष्णेय, खदीजा, नाज, रीता, रितु, मीनल, प्रतिभा, नव्या, अंशु मीनाक्षी यादव, वर्तिका, अंजलि गुप्ता, कुमकुम ,विशाल, कनक मोहित, अमित उपस्थित रहे।



सम्भल- उपजिलाधिकारी के साथ वार्ता करते भाकियू असली पदायिकारी।

### पर्याप्त खाद की व्यवस्था का किसानों को मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में किसानों को पर्याप्त खाद न मिलने के कारण लंबी-लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है, जिससे किसानों में रोष है। भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने इसके विरोध में 6 अगस्त को जुलूस निकालकर अपर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव पर उपजिलाधिकारी की ओर से निश्ति की गई तिथि पर किसानों संग वार्ता की गई। घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को वार्ता हुई, वार्ता में उप जिलाधिकारी विकास चंद्र एवं ऐ आर मौजूद रहे। 2 घंटे चली वार्ता में ए आर से किसान नेताओं की तीखी नोंक झोंक हुई। जिस पर उप जिलाधिकारी ने पहुंचकर व्यवस्था को संभाला और आस्वशत किया गया कि, एक हेक्टेयर के किसान को यूरिया खाद के पांच कट्टे और एक एकड़ के किसान को दो कट्टे दिए जाएंगे। साथ ही केंद्रो एवं सभी समितियां पर पर्याप्त खाद की व्यवस्था की जाएगी। वार्ता के दौरान और यह भी तय हुआ कि जिला कृषि अधि कारी द्वारा प्राइवेट दुकानदारों को लिखित आदेश जारी किया जाएगा कि वह किसी भी किसान को खाद के साथ नैनो जैसा अन्य प्रोडक्ट जबरन ना दें, बैठक में श्रृषभ चौधरी,जयवीर सिंह यादव, चौधरी संजीव गांध ी, राजपाल सिंह यादव, दिलशाद भाई, डा. जावेद, निक्सम चौधरी, अनीस अहमद, हाजी यूसुफ हाफिज, टिंकू , हरिओम यादव, वसीम, सरदार मुकेश, हाजी महबूब, गुड्डू, मोनू चौधरी आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

### ब्रेकर पर उछलकर महिला गम्भीर घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ब्रेकर पर बाइक से उछलकर गिरकर महिला घायल हो गयी।उसको अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल महिला को रैफर कर दिया। बाइक सवार नीरज कुमार निवासी सुल्तानपुर थाना बहजोई अपने गांव से गुन्नौर तहसील के गांव ईसमपुर डाडा ससुराल आया था। पत्नी गीता को बुलाकर वापस सुल्तानपुर जा रहा था।तभी गांव ईसमपुर डांडा से निकलते ही ब्रेकर पर बाइक से उछलकर गीता गिर गयी। उसके सिर में गंभीर चोटें आई। उसको सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुन्नौर लेकर आए। जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर अलीगढ़ रेफर कर दिया।

### आज निकाली जाएगी बाइक रैली

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत एक बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा जो आज (बुधावार) को सुबह 9:00 बजे से पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के आवास से प्रारंभ होकर गुन्नौर नगर में होते हुए जुनावई तक जाएगी। जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।।

## समिति मनाएगी भारत विभाजन विभिषिका दिवस

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** इतिहास संकलन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 14 अगस्त को संध्या के समय श्री सनातन धर्म मंदिर में भारत विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत विचार गोष्ठी तथा सामूहिक नरसंहार में काल के गाल में समाए असंख्य जनों को प्रज्वलित दीपों से श्रृद्वांजलि दी जाएगी।

तिरंगा मार्केट में आयोजित बैइक में जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि देश के विभाजन के समय नर पिशाचों द्वारा सामूहिक नरसंहार करके भारत माता के दो टुकड़े कर दिए गए। उस भारत विभाजन विभीषिका को याद करने, इसका कारण समझने, तथा वीभत्स नरसंहार में अपना जीवन खोने वालों के प्रति श्रृद्वांजलि देने का कार्यक्रम 14 अगस्त को संध्या 8:00 बजे पंजाबी मंदिर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारियों, समाजसेवियो, संस्थाओं तथा देशभक्त और राष्ट्र सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतलाल गंभीर भगत, करेंगे। बैठक में मीनू रस्तोगी, सुबोध कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शत-प्रतिशत किया जाये वसूली कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अधीक्षण अभियंता ने बैठक के प्रमुख बिंदुओं के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया जिसको लेकर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग में वसूली का कार्य शत प्रतिशत किया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में आयोजित बैठक में जिलाधि कारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि एक अभियान चलाकर विद्युत चेकिंग की जाए। विद्युत चोरी को लेकर भी जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर कनेक्शन दिए जाएं और उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम जनपद के ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, अध्यापक इत्यादि को प्राथमिकता पर विद्युत कनेक्शन दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा , अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार गुप्ता,उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र सहित समस्त संबंधित अधि कारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चलती कार में पीछे से बाइक ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** चलती कार में पीछे से बाइक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको अस्पताल पहुंचाया गया।

सोमवार को मेरठ बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुन्नौर कोतवाली के सामने बाइक सवार छोटेलाल पुत्र डोरी लाल निवासी मोहल्ला फजेल थाना गुन्नौर बाइक से कुछ काम से जुनावई जा रहा था। तभी कार ने अचानक धीमी हो गयी। वह पीछे से उसमे घुस गई। घायल को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया।जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए घायल को जिला अस्पताल सम्भल रेफर कर दिया।

# जन चौपालों पर शत-प्रतिशत रहें उपस्थित

## 0डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा को ली बैठक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या विभाग की योजना के क्रियान्वयन विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए जिला पंचायती राज अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देशित दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक मे अधिकारी रत्नेश कुमार ने रैंकिंग आदि विभिन्न बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। बैठक में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की रैंक की जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने योजना के अन्तर्गत बैंकों से लोन प्रदान करने की जानकारी ली। जबकि मनरेगा को लेकर भी निर्देशित किया। आंगनवाड़ी भवन निर्माण एवं पीएमजेएसवाई को लेकर अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए दैनिक विद्युत आपूर्ति को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी ली।



जबकि जल जीवन मिशन ग्रामीण तथा फैमिली आईडी पर भी चर्चा की गयी। बैठक में पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधि कारी ने जिला पंचायती राज अधि कारी को आवश्यक दिशा निर्देशित किया तथा पर्यटन, सामाजिक वानिकी, पर चर्चा की। जबकि आपरेशन कायाकल्प को लेकर भी चर्चा की गयी। गौवंश संरक्षण तथा टीकाकरण को लेकर संबोधि त को निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत नई सड़कों तथा सड़कों के अनुरक्षण को लेकर चर्चा की गयी।साथ ही शुक्रवार को समस्त अधिकारी जन चौपाल में उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में ग्रीन चौपालों का आयोजन किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधि कारी गोरखनाथ भटट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, परियोजना अधिकारी डी आर डी ए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधि कारी राम आशीष,उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार आदि मौजूद रहे।

# गंगा में जल स्तर हुआ कुछ कम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगा नदी पर उत्तराखंड में लगातार हो रही बरसात और बादल ?टने की घटनाओं का असर अब साफ दिखाई दे रहा है। गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़कर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है।रविवार को नरौरा बैराज पर गंगा में पानी का बहाव 3 लाख 5 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा था। सोमवार को घटकर 2 लाख 67 हजार रह गया।जबकि मंगलवार को घटकर 2 लाख 33 हजार चल रहा है। प्रशासनिक मानकों के अनुसार नरौरा बैराज में ढाई लाख क्यूसेक पानी होने पर बाढ़ का खतरा पैदा हो जाता है। राजघाट में गंगा का जलस्तर 1924 के हाईफ्लड लेवल तक पहुंच गया है, जिसे पानी का 'डेंजरस लेवल' माना जाता है। यहां घाटों पर बैठने की जगह तक नहीं बची है। बाढ़ का पानी शांति उपवन मार्ग तक आ गया है, जिसके चलते यह मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।



गुन्नौर तहसील क्षेत्र के करीब 20 गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है, क्योंकि पानी का दबाव लगातार बढ़ रहा है और निचले इलाकों में गंगा का पानी तेजी से फैल रहा है।गंगा किनारे के गांव ईसमपुर गंगावास, फरीदपुर में पानी खेतों में आ गया है।सिंचाई विभाग व तहसील प्रशासन के अधिकारी बांधा को देख रहे हैं। सेई के गडढा करने व पानी के कटान से ग्रमीण दिन रात नजर बनाए हुए हैं।नरौरा बैराज पर पिछले समय मे पानी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे राजघाट और आसपास के क्षेत्रों में खतरा और बढ़ गया है। बाढ़ नियंत्रण विभाग और प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। गुन्नौर एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आपदा प्रबंधान टीमों को तैयार रखा गया है। वहीं, ग्रामीणों को ऊंचाई वाले स्थानों पर सुरक्षित रहने और गंगा किनारे जाने से बचने की सलाह दी गई है। रविवार की अपेक्षा सोमवार को जल कम हो गया।

## समाज को जागरूक करने के लिए वरदान हैं पुस्तकें: पूनम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिन्दू जागृति मंच के तत्वावधान में एक साहित्यिक कार्यक्रम इंडियन स्कॉलर एकेडमी में आयोजित किया गया, जिसका शुभारम्भ पूनम शुक्ला, डा. संदीप सचेत एवं दीपक गोस्वामी चिराग द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान परिवेश की स्थिति को इंगित करते संकलित लेखों पर, प्रसिद्ध आलोचक दिलीप कुमार पाण्डेय एवं व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा द्वारा संपादित पुस्तक आभासी दुनिया का सच का लोकार्पण किया गया। प्रध ानाचार्य शिवशंकर शर्मा ने आभासी दुनिया का सच पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहित्य की सेवा करना, कोई आसान कार्य नहीं होता। साहित्यिक सेवाएँ एक पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि अनंतकाल तक के लिए वरदान साबित होती हैं।

# फीस न बढ़ाने से इंजीनियरिंग छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए बड़ी राहत मिली है। जिसकी लोगों ने सराहना की है। प्राविधिक शिक्षा विभाग ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए भी डिग्री, डिप्लोमा और सहायता प्राप्त डिप्लोमा इंजीनियरिंग संस्थानों में फीस न बढ़ाने का निर्णय लिया है। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि निजी क्षेत्र के डिग्री, डिप्लोमा और सहायता प्राप्त डिप्लोमा इंजीनियरिंग संस्थानों में चल रहे पाठयक्रमों का मानक शुल्क पहले की तरह ही रहेगा। विभाग का मानना है कि शुल्क वृष्ठि से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्र-छात्रआों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इसलिए यह कदम जनहित में उठाया गया है। विभाग के संयुक्त सचिव प्रभाकर मिश्र ने प्रवेश एवं फीस नियमन समिति को पत्र भेजकर इस निर्णय का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्तमान में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऐसे में यह फैसला नए प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए विशेष रूप से राहतकारी साबित होगा। सरकारी संस्थानों में भी पहले से ही शुल्क न बढ़ाने का निर्णय लागू है। इस पर कार्तिक गोयल, कपिल गोयल, रविराज गुप्ता, संजीव कुमार, दिनेश कुमार, रवि शर्मा, हरेश बाबू शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# कल्किदेव तीर्थ समिति की बैठक में पुलिस चौकी को जमीन आवंटित करने के निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कर तीर्थ एवं कूपों के चिन्हांकन की जानकारी ली।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपजिलाधि कारी विकास चन्द्र ने सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थ एवं 19 कूपों के चिन्हांकन के की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश देते हुए पर्यटन के प्रस्ताव एवं वंदन योजना के अंतर्गत प्रस्ताव को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देशित किया। और सम्भल कल्कि तीर्थ विकास परिषद का एक्ट बनने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्भल तीर्थ के प्रस्ताव बनाते हुए संबंधित विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। क्षेमनाथ तीर्थ पर पार्किंग व्यवस्था एवं पुलिस चौकी के लिए जमीन आवंटित करने को सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में दो दिन बैठना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट,अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल विकास चंद्र, ईओ नगर पालिका परिषद डा. मणि भूषण तिवारी एवं महंत श्रृषि राज गिरी आदि मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा दर्शाएं: नेहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान में भगत जी इंटरनेशनल विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय में प्रधानाचार्या के निर्देशन में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मैनेजमेंट कमेटी से सर्वेश भगत जी, विमलेश वार्ष्णेय, भावना वार्ष्णेय, पारुल वार्ष्णेय, प्रधानाचार्या नेहा मलय के साथ ही अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रध ानाचार्या नेहा मलय ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएँ और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा दर्शाने की अपील की।

# अवैध रूप से संचालित क्लीनिक सील

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** अप्रशिक्षित व बिना डिग्रह धारक चिकित्सक (झोलाछाप) पर स्वास्थ्य विभाग का चाबुक चल गया। नोडल अधिकारी ने कई स्थानों पर छापमारी कर अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों को सील कर दिया।

अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व अस्पतालों को लेकर जिलाधिकारी की सख्ती और मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग नींद से जाग गया। सोमवार को नोडल अधिकारी डा.मनोज चौध री के नेतृत्व में पहुंची टीम ने असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में डा. .अशरफ के शमा हेल्थ केयर, डा. सैफ अली के बच्चा क्लिनिक और डा. अब्दुल सत्तार के क्लिनिक को बंद कराया। वहीं, मनौटा में स्थित धर्मावती अस्पताल पर भी कार्रवाई करते हुए उसे सील



कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस सख्त कार्रवाई से अवैध क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मच गया है। विभाग का कहना है कि बिना पंजीकरण और अनुमति के स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना कानूनन अपराधा है और ऐसी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम जरूरी है। ग्रामीणों ने भी विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इससे फर्जी डाक्टरों और अवैध अस्पतालों पर लगाम लगेगी।

# सपा विधायक ने उठाए क्षेत्र के मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने फतेहपुर के एक ऐतिहासिक मकबरे पर हुए हमले का मुद्दा तीखे अंदाज में उठाया और इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे केवल एक धार्मिक स्थल पर हमला नहीं, बल्कि प्रदेश की गंगा-जमुनी तहजीब, साझा विरासत और सांस्कृतिक धरोहर पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह मकबरा वर्षों से आपसी भाईचारे, मोहब्बत और एकता का प्रतीक रहा है। यहाँ आने वाले लोग केवल इबादत के लिए नहीं, बल्कि आपसी मोहब्बत और इंसानियत के रिश्तों को मजबूत करने के लिए भी आते हैं। इस पवित्र और ऐतिहासिक धरोहर पर हमला करने वालों का असली मकसद समाज में नफरत और विभाजन फैलाना है, जो कि प्रदेश की शांति और सौहार्द के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे कृत्य न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि हमारी सभ्यता और इतिहास का भी अपमान हैं। उन्होंने सरकार से इस घटना में शामिल सभी दोषियों की तुरंत पहचान कर उन्हें उदाहरणात्मक और सख्त से सख्त सजा दिए जाने की मांग की,



इसके साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि सभी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल तैनात किए जाएं और स्थायी प्रबंध किए जाएं, जिससे इन स्थलों की गरिमा और पवित्रता बनी रहे। कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब हमारी पहचान है और इस पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब तक इस विरासत और भाईचारे की हिफाजत नही होती यह लड़ाई जारी रहेगी

# सिंचाई विभाग की बैठक में समय से निर्माण कार्य पूरे न करने पर अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक का आयोजन मुख्य कार्यालय में किया गया जिसमें जल संसाधन एवं सिंचाई विभाग के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने निर्माणाधीन कार्य समय से पूरे न किए जाने को लेकर नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि नलकूप संख्या 244 एजी का पुन: बोरिंग महमूदपुर रजबाहे को कोकरपुर से गांगन नदी तक जोड़ना तथा शहीद राम प्रकाश सिंह महाविद्यालय शिवपुरी मुंडा पांडे के सामने पुल का निर्माण पूर्ण न किए जाने को लेकर वह नाराज दिखे।

उन्होंने बताया कि बाढ़ और अधिक वर्षा होने के कारण नहरो में पानी का संचालन रोक दिया गया है कुछ नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिन्हें ठीक करा कर संचालित करने का कार्य जारी है नलकूप संख्या 78 एजी से सड़क क्रॉस करके नए कुलावे को स्वीकृति दे दी गई है। छजलैट माइनर पर निंगु नगला में टूटे हुए पुल को ठीक करने का आदेश भी उन्होंने बैठक में दिया। लघु सिंचाई के अंतर्गत निर्मित नलकूपों की सब्सिडी काफी किसानों को नहीं मिल पाई है उन्होंने इस धनराशि का भुगतान करने का भी आदेश जारी किया। कहा कि किसानों का किसी



भी प्रकार का भुगतान रुकना नहीं चाहिए। बैठक में अधिशासी अभियंता नलकूप नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग रवि प्रकाश सिंह सहायक अभियंता नलकूप कुमारी पूजा अभियंता नलकूप सृष्टि भट्ट अभियंता लघु सिंचाई तोड़ी लाल सहायक अभियंता अफजलगढ़ राणा मनोरविंद सिंह मलखान सिंह अभियंता नलकूप राकेश कुमार अकील अली अधिशासी अभियंता विद्युत अंबरीश कुमार अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड सुशील कुमार मुकेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई और संचालन प्रमोद कुमार ने किया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. पी. जी. कॉलेज चन्दौसी में 'हर घर तिरंगा अभियान-2025' के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के द्वितीय चरण में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल द्वारा झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। तिरंगा रैली का आयोजन राष्ट्रीय पर्व समिति प्रभारी डा. सुमन श्रेष्ठ के नेतृत्व में किया गया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर संभल गेट, लाठी बाजार, घंटाघर, हुसैनी बाजार, फुब्बारा चौक, मालवीय चौक, रामस्वरुप रोड से होते हुए महाविद्यालय वापिस आई। रैली में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान डा0 बबीता, डा0 नीता गुप्ता, डा0 सपना अग्रवाल, डा0 मनीषा अग्रवाल, डा0 ममता शर्मा, डा0 रीता सिंह, राजेन्द्र, अंकित, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

# इंडियन लाइब्रेरी साइंस के जनक डॉ. रंगनाथन की जयंती पर क्विज प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की सेंट्रल लाइब्रेरी की ओर से भारतीय पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एसआर रंगनाथन का जन्मदिवस राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर डॉ. रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में ज्ञान-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्री विकास सैनी विजेता रहे। श्री अंकित चौधरी ने द्वितीय और श्री कमल कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी की चीफ लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, इस प्रकार



की प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञानवर्धक होती हैं, बल्कि शोध प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने और पुस्तकालय उपयोग की आदत विकसित करने में भी सहायक होती हैं। डॉ. विनीता ने कहा, आज के डिजिटल युग में पुस्तकालयाध्यक्ष की भूमिका पारंपरिक लाइब्रेरियन की तुलना में कहीं अधिक व्यापक हो गई है। साथ ही बोलीं, प्रत्येक लाइब्रेरियन को समय की माँग के अनुसार अपने कौशल को निरंतर विकसित करना चाहिए। टीएमयू के उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का भंडार मात्र नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, शोध, नवाचार और आजीवन अधिगम का जीवंत केंद्र है। उन्होंने डिजिटल युग में पुस्तकालयाध्यक्ष की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब पुस्तकालयाध्यक्ष सूचना का संरक्षक ही नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, नवप्रवर्तक और शोध सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। इस अवसर पर लाइब्रेरी स्टाफ और फैकल्टी उपस्थित रहे। संचालन श्री हर्षित सिंह ने किया।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई विश्व हिंदू आर्थिक मंच की बैठक: राजकमल




**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू आर्थिक मंच की बैठक ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में संपन्न हुई जिसमें सम्मिलित होकर मुरादाबाद वापस लौटे विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने कहा कि इसमें पूरे विश्व से उद्योगपति सम्मिलित हुए और भारत को पुन: परम वैभव एव विश्व गुरु बनाने के साथ भारत को विश्व पटल पर प्रसिद्ध करने का संकल्प लिया इसमें हिंदुओं को आर्थिक रूप से संपन्न समाज बनाने के साथ उसके विभिन्न पहलुओं पर चिंतन मनन किया गया। हिंदू धर्म हिंदू विचारधारा तभी स्थापित होगी जब हिंदू राष्ट्र बनेगा भारत। हिंदू धर्म के मन बिंदुओं को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयास जारी है। जिसमें स्वामी विज्ञानंद द्वारा लिखित हिन्दू मैनिफेस्टो पुस्तक का विमोचन हुआ। इस बैठक में विश्व के सभी प्रतिनिधि एवं ऑस्ट्रेलिया सरकार के मंत्री गण उपस्थित हुए।

### गुरु जम्भेश्वर महाराज के जीवन पर सुनाई हरिकथा



**कांठ।** कथा के तृतीय दिवस कथा वाचक स्वामी रामेश्वर नंद महाराज समराथल धोरा ने गुरु महाराज के जीवन परिचय पर और जीवन समय से किस प्रकार व्यतीत करना चाहिए को लेकर कथा सुनाई। कथा में स्वामी चमन ऋषि मुक्तिधाम मुकाम स्वामी जगदेव आनंद जी ऋषि आनंद जी राजेश्वरानंद नगीना शांतानंद और विजय आनंद जी झाड़ वाले मंदिर और अरविंद कुमार बीर सिंह कुबर सुरेंद्र सिंह इंस्पेक्टर दिलावर सिंह सीपी सिंह महावीर सिंह कृष्ण गोपाल सिंह आदि ने भाग लिया। कथा का संचालन श्री ओम सिंह ने किया।

### गुमथल गांव में बिजली विभाग का चेकिंग अभियान

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में मंगलवार सुबह से बिजली विभाग ने बकाया वसूली और विद्युत चोरी रोकने के लिए डोर-टू-डोर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल 10,000 से लेकर 43,000 रु. तक बकाया थे, उनके कनेक्शन काट दिए गए और समय पर बिल जमा करने की सख्त हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में बिजली विभाग की टीम ने 14 बकायादारों के कनेक्शन काटे और 20,000 रु. का ऑनलाइन समन शुल्क वसूला। साथ ही सभी उपभोक्ताओं को समय पर बिल जमा करने की सलाह दी। अभियान में हरिओम सिंह टीजीटू, लाइनमैन संविदा कर्मचारी संजीव दिवाकर, कुलदीप कुमार, राकेश कुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड की बैठक के उपरांत किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा



**शाह टाठम्स संवाददाता**

**कांठ।** सहकारी गन्ना समिति कांठ के बोर्ड की बैठक का आयोजन अध्यक्ष गन्ना समिति कुंवर सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें गत बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई तथा जुलाई में खर्च हुई धनराशि का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसे सहर्ष स्वीकार किया गया। डायरेक्टर गौरव कुमार ने शरद कालीन बुवाई के लिए डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। सचिन कुमार ने रेटून मैनेजर 30 इंच वाला मंगवाने का प्रस्ताव रखा संजय सिंह एवं गौरव कुमार द्वारा गन्ना विकास परिषद अगवानपुर में कृषि यंत्र रखवाने का प्रस्ताव रखा गया और कहा कि इससे किसानों को यंत्र लाने ले जाने में सहूलियत होगी। इसके बाद गन्ना सचिव खेत सिंह और अध्यक्ष कुवर सुरेंद्र सिंह ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण कर पानी से हुए नुकसान का जायज लिया। बैठक में संजय कुमार राहुल कुमार उधम सिंह सूरज सिंह गौरव कुमार सचिन कुमार समरपाल सिंह एवं चीनी मिल अगवानपुर से निर्मला पंत स्योहारा मिल से राजीव चौधरी तथा रानी नंगल से योगेंद्र सिंह मौजूद रहे।

संचालन गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह द्वारा किया गया।

# टिमिट में एंटी रैगिंग वीक के अवसर पर स्लोगन राइटिंग पोस्टर मेकिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में आज एंटी रैगिंग वीक के अवसर पर रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्रारम्भ हुआ, जिसमें प्रबंधन संकाय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा देना था, साथ ही रैगिंग जैसे नकारात्मक व्यवहार के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश देना था। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों को न केवल अपनी कला और विचार अभिव्यक्त करने का अवसर मिला, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ। प्रो. विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने अपने संबोधन में कहा कि रैगिंग किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। हमें एक ऐसा




वातावरण तैयार करना है जहाँ विद्यार्थी एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और मित्रता का भाव रखें। इस प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताएँ हमें यह अवसर देती हैं कि हम न केवल अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करें बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश भी दें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विश्वविद्यालय के शून्य रैगिंग नीति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टर और स्लोगन में रैगिंग के दुष्प्रभाव और आपसी सौहार्द्र के महत्व को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने अनूठे और रचनात्मक विचार प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की।

# महिला संबंधी अपराध में अभियुक्तों को दस वर्ष का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महिला सम्बन्धी अपराधों पर न्यायालय द्वारा कठोर कार्यवाही की जा रही है। न्यायालय द्वारा लगातार अपराधियों पर हंटर चलाया जा रहा है। पारदर्शिता के साथ पीडि़तों को न्याय दिलाने का कार्य चल रहा है। यहां बताते चें कि विद्वान न्यायाधीश एडीजे अवधेश कुमार द्वारा चार्ज संभालते ही पुराने वादों का निस्तारण शुरु कर दिया है। कई मुकदमे तो कई वर्षो से लांबित थे, उनके द्वारा लगभग एक दर्जन से अधिक पुराने वादों को निस्तारित किया गया।

वहीं अपराधियों में पिछले तीन माह से खासा भय है क्योंकि सैकड़ों की संख्या में जो वाद लांबित थे, उनमें साक्ष्य एवं गवाहों के आधार पर दो अभियुक्तों को पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 10 वर्ष की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। मु.अ.सं. 28/2020 कंप्यूटर पंजीकरण अपराध सं0 471/2020 राजा आदि पवन आदि थाना गुन्नौर जिला संभल के मामले में अभियुक्त पवन व सुनील को धारा 363 अपराध के लिए तीन-तीन वर्ष की सजा व 03 हजार रु. का अर्थदंड जुर्माना अदा न करने पर 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के अपराध के लिए पांच-पांच वर्ष का कारावास 05 हजार रु. जुर्माना अर्थदंड जमा न करने पर 20 दिन का साधारण कारावास अभियुक्त पवन को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 04 के लिए 10 वर्ष का कारावास 15 हजार रु. अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड जमा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भोगेगा। वहीं अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़ि्ता को दी जायेगी।

सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियुक्तों द्वारा पूर्व में बिताई गई जेल की अवधि सजा में समायोजित की जायेगी।

# क्षेत्र में नशेड़ियों का बोलबाला, लोग दहशत में

## नशाखोरी के खिलाफ कोतवाली प्रभारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** थाना मैनाठेर निवासी संजीव कुमार पुत्र स्व. श्यामलाल सिंह सैनी व रामअवतार पुत्र स्व. खेम सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर नशेड़ियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि मौहल्ले के रहने वाले गोपी पुत्र प्रेम वाल्मीकि, खेमपाल (खूबी) पुत्र रामचन्द्र प्रतिदिन मदिरापान करके संजीव कुमार के दरवाजे पर आकर गंदी-गंदी गालियां देते है। उनके द्वारा मना करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते है। मौहल्ले में दिन व दिन ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही है जिससे मौहल्ले के रहने वाले लोगों व उनके परिवारजनों का घर से निकलना दूभर हो गया है। देर रात्रि तक यह लोग नशा करके गलियों में घूमते रहते है इससे पहले भी उक्त लोगों द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जाये। उक्त लोगों पर कार्यवाही की जानी चाहिए। बताते चले कि क्षेत्र में नशाखोरी बढ़ रही है। नशे का कारोबार करने वाले लोग फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा नशा खोरी की वजह से नगर में संदिग्ध लोग नशा खरीदने के लिए आते हैं। गली मोहल्लों में नशा हो रहा है। जिससे युवा पीढ़ी पर भी दुष्ट प्रभाव पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इसको रोका जाए।

### खेत में भरे पानी को निकालने को लेकर खूनी संघर्ष, पांच घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धनुपुरा में सोमवार की शाम खेत में भरे वर्षा का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़ में 05 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम धीरेन्द्र, निखिल अपने खेत में भरे वर्षा का पानी अपने चचेरे भाई के खेत में निकाल रहे थे। चचेरे भाई के खेत के नीचे आरोपियों के खेत हैं। आरोपियों द्बारा पानी निकालने का विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में हुयें खूनी संघर्ष में निखिल, धीरेन्द्र, धर्मेन्द्र व अवनेश तथा दूसरे पक्ष से ठकुरी सिंह घायल हुए हैं जिसमें दो लोग निखिल व धीरेन्द्र अधिक घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नरौली भेजा है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अंकित को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अंकित के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शीशपाल पुत्र उदल सिंह** निवासी मकान संख्या-350, शिव सहाय मंदिर के पास, पाकबड़ा तह. व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैं अपनी पुत्री अलीशा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अलीशा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती फिरोज पत्नी नफीस निवासी वरवारा मझरा, भैंसिया तह. व जिला मुरादाबाद।

**नीलामी विज्ञप्ति**

आज दिनांक 13.08.2025 को पूर्व मा0 वि0 हुसैनपुर छिरावली वि0 क्षे0 कुंदरकी में जि0 बे0 शि0 अधिकारी के पत्रांक सं0 एस.एस.ए./ज.भ./11448-53/25-26 दिनांक 22.02.2025 के अनुसार एक कक्षा भवन की नीलामी दिनांक 13.08.2025 को 9.00 AM पर होगी।

**आज्ञा से-**
**प्रधानाध्यापिका**
**राना बतूल**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हटहट**
**विकास खण्ड-मुरादाबाद जनपद मुरादाबाद**

पत्रांक 01/ग्रा.पं.हटहट/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनांक: 12.08.2025

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हटहट वि०ख० मुरादाबाद, जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 13.08.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 20.08.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 20.08.2025 | सां. 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत हटहट**
**विकास खण्ड मुरादाबाद, मुरादाबाद**

# रामगंगा के तेज बहाव में आकर सिपाही डूबा

## गोताखोर कर रहे तलाश, डीआईजी सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका मुआयना

**ठाकुरद्वारा।** राम गंगा का बढता हुआ जलस्तर अब भयानक रूप लेने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों और खेतों को अपने आगोश में समा जाने के लिए बेताब ,राम गंगा का दिल हिला देने वाला रौद्र रूप अब ग्रामीणों में दहशत का कारण बन गया है। बाढ़ की इस खतरनाक और अंधेरी रात में दिल को झकझोर देने वाला एक ऐसा दुखद हादसा उस वक्त हुआ जब रात्रि गश्त पर निकला थाना डिलारी में तैनात सिपाही मोनू को गंगा की लहरों ने समा लिया। पानी के तेज बहाव में फिसलने के कारण सिपाही मोनू संतुलन खो बैठा और बहाव में बह गया। मिली जानकारी के अनुसार मछुआरों ने सड़क किनारे पर मछली फांसने के लिए जाल लगा



रखा था जिसे हटाने की कोशिश में मोनू का संतुलन बिगड़ा और उसकी यही कोशिश जानलेवा साबित हो गई। गाजियाबाद जिले के रहने वाले सिपाही मोनू 20 18 के बैच के सिपाही है।

घटना से मचे हड़कंप से मची सनसनी में अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची और मोनू की तलाश में स्थानीय गोता खोरो और एस डी आर एफ की टीमों को रेस्क्यू के लिए उतार दिया गया। घटना स्थल पर पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित तमाम अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया और रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चलाने के आदेश दिए। रेस्क्यू ऑपरेशन में पी ए सी के गोताखोरों को भी लगाया गया है। परंतु अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है । एस डी आर एफ सहित गोताखोरों की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जी जान से जुटी हुई हैं।

# कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कीट बीमारियों एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद, हरपाल सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध संस्थान शाहजहाँपुर से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ० अरविन्द कुमार सिंह, डॉ० अजय कुमार तिवारी, डॉ० अनिल कुमार सिंह सिंह, जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद, राम किशन एवं महाप्रबन्धक गन्ना, टी०एस०यादव द्वारा त्रिवेणी चीनी रानीनांगल ग्रामों सुरजन नगर, बल्लमगढ़, बहापुर, नाजर पट्टी, मडैयाँ पीपली, लालापुर, मलकपुर सेमली, पाइन्दापुर, करनपुर, तिगरी, महदूद कलमी, बेगमपुर, खूँटखेड़ा एवं मोढ़ी हजरपुर आदि में गन्ना फसल में कीट एवं रोग की स्थिति का अवलोकन करने के साथ हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित गन्ना क्षेत्रों का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ प्लाटों में छिट-पुट रेड-रॉट के संक्रमण से प्रभावित कलम्प पाये जाने के साथ कही-कही मिली बग एवं बैक्टीरिया रॉट का भी प्रकोप पाया गया जो कि अब समाप्त हो गया है। वैज्ञानिक टीम ने मौके पर मौजूद कृषकों को बाढ़ से प्रभावित खेतो में यथासंभव जल निकास के प्रयोग किये जाये, सल्फर 5 किग्रा एकड़ के हिसाब से प्रयोग किया जायें, पुरानी पत्तियों को खेतों से निक. ाला जायें, कार्बन्डाजिम एवं कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का 02 ग्राम/ली० का घोल बनाकर स्प्रे करें, जल विलय उर्वरक एन0पी0के0 19:19:19 का स्प्रे 02 कि०ग्रा०,एकड़ की दर से करें कीट प्रबन्धन हेतु निगरानी करें समय-समय पर आवश्यकतानुसार कीटनाशक का छिड़काव करते रहे, लाल सड़न रोग से बचाव के लिये सुझाव एवं जानकारी दी। जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद, कृषकों को सुझाव दिया गया कि रेड-रॉट से प्रभावित कल्मपों को उखाड़ कर जला या गाड़ दे तथा ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव कर, टाइकोडर्मा का प्रयोग करें। उक्त के क्रम में महाप्रबन्धक गन्ना, टी०एस०यादव द्वारा कृषकों से अपील की गयी इस कठिन परिस्थिति एवं प्राकृतिक आपदा में आप सभी धैर्य बनायें रखे, आप लोग आगामी शरदक. ालीन गन्ना बुवाई में अधिक से अधिक रकबे में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0-0118, 98014, 15023, को० लख०- 94184, 14201 एवं कोशा0-13235 की बुवाई करें तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से जल निकासी के उपरान्त एन०पी०के० अथवा माइक्रोन्यूट्रिएन्ट, यूरिया का स्प्रे करे तथा चीनी मिल द्वारा अनुदान पर दी जा रही सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

## एक नजर

### ब्लाक सभागार से तिरंगा यात्रा भारत माता की जय करो के साथ प्रारंभ होकर पेट्रोल पंप तक पहुंची



**कुंदरकी।** ब्लाक सभागार से तिरंगा यात्रा भारत माता की जय करो के साथ प्रारंभ होकर कुंदरकी पेट्रोल पंप तक पहुंची पुन: तिरंगा यात्रा शहीद स्मारक ब्लॉक में समापन हुई जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य ने बताया कि 14 तारीख को सभी को अपने घरों पर झंडा लगाकर फोटो व सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डालनी है कार्यक्रम में विकासखंड अधिकारी राजेंद्र सिंह एडीओ कुलदीप सिंह ग्राम सचिव सुरेंद्र सिंह ग्राम सचिव विवेक चौधरी ग्राम सचिव अंकित चौधरी ग्राम सचिव राशिद हुसैन ग्राम सचिव रईस आलम ग्राम सचिव नरेश कुमार ग्राम सचिव फैजान हुसैन ग्राम सचिव नाजिम इकबाल ग्राम सचिव नरेश सिंह ग्राम सचिव राखी भारती ग्राम सचिव इरशाद हुसैन ग्राम सचिव नित्यानंद ग्राम सचिव सतीश सागर ग्राम सचिव कुलदीप सिंह यादव ग्राम सचिव राम प्रकाश ग्राम सचिव अनुज सिंह बड़े बाबू दीपक कुमार सील प्रकाश हिमांशु ऋषिपाल सिंह संजय सिंह वसीम शान जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप , पूर्व मंडल अध्यक्ष रमन भूषण एडवोकेट,मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, मंडल महामंत्री संजय दिवाकर,मंडल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, देव सिंह सैनी, शफीक अब्बासी,पियूष गौतम,बाबू पाशा,कलीम अख्तर,जयपाल सिंह,नरेंद्र सिंह,डाक्टर असलम मालिक,नुरूल हसन,राजकुमार सैनी, हुकम सिंह,राजाबाबू, समून मालिक,हरपाल सैनी,रनवीर सिंह आदि रहे।

# इस्कॉन भक्तों की भागीदारी से जन्माष्टमी शोभा यात्रा में बिखरी कृष्ण भक्ति की अनोखी छटा

**चन्दौसी।** शहर के फुब्बारा चौक के निकट स्थित श्रीसनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे माह धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की पावन बेला को और भव्य व यादगार बनाने के लिए सोमवार, 12 अगस्त को विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शहरभर के श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा में लगभग 30 भव्य और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें वृंदावन-मथुरा से इस्कॉन मंदिर के विदेशी भक्तों की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। झांकियों में



भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों, रास-लीला और बाल रूप के साथ-साथ अन्य देवी-देवताओं के सुंदर स्वरूपों का जीवंत चित्रण किया गया।

मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर और प्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत करते रहे। नगर पालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय, शिक्षिका दुर्गा टंडन, भाजपा नेत्री मंजू दिलेर, आशा गोस्वामी, ब्रजवाला, प्रतिभा चौधरी, नमिता, नूतन चौधरी, प्रियंका, डॉ. सुधा आदि महिलाएं इस्कॉन भजन-कीर्तन मंडली के साथ हरे रामा, हरे कृष्णा का जाप करते हुए शोभायात्रा में शामिल रहीं। भक्ति गीतों, मृदंग-करताल की धुनों और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और सजी-धजी झांकियों ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया कि मानो पूरी चन्दौसी नगरी कृष्णमय हो गई हो। नगरवासियों के चेहरों पर भक्ति, उल्लास और उत्साह की झलक इस आयोजन को अविस्मरणीय बना रही थी।

# राजा पराश्रित और राजा धुंधकारी की कथा सुनकर श्रोतागण मंत्रमूग्ध

**ठाकुरद्वारा।** नगर की सिंचाई विभाग कालौनी स्थित मनोकामना पूर्ण श्री शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत् कथा का शुभारंभ अपर्णा ओद्यौगिक प्रशिक्षण केंद्र के डायरेकटर अनिरूद्ध चौहान ने दीप प्रज्वलित और कथा वाचक को तिलक कर किया। कथा वाचक नितिन मोहन भारद्वाज ने दूसरे दिन कथा में राजा धुंधकारी और पराक्षित की कथा का मनोहर वर्णन किया। उन्होने बताया कि कलयुग में भागवत भागवान की महिमा व संकीर्तन के महत्व का उल्लेख किया। इसके उपरांत भागवत भक्त गोकर्ण व उसके भाई अधर्मी धुंधकारी के प्रसंग पर व्याख्यान दिया। धुंधकारी के गलत कार्यो में संलिप्त होने के कारण उसकी हत्या हो गई और अकाल मृत्यु होने के कारण वह प्रेत योनि में चला गया। भाई गोकर्ण ने प्रेत योनि से मुक्ति दिलाने के लिए सूर्य भगवान के बताए सूत्र पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया और भाई धुंधकारी को कथा सुनाई, जिसके श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली। इससे स्पष्ट होता है कि कर्म, धर्म मनुष्य को संयमित और वेद रीति नीति से करना चाहिए। साथ ही भाई से रंजिश नहीं रखना चाहिए, क्योंकि आखिर में भाई ही भाई के काम आता है। इसके साथ ही राजा पराक्षित की कथा का भी विस्तार से बताया। राजा धुंधकारी और राजा पराक्षित की कथा सुनकर श्रोतागण मंत्रमूध हो गए। कथा में संतोष देवी, गीता शर्मा, शांति देवी शीला देवी, निर्मला देवी शशि देवी राधा देवी, प्रियंका यादव, वीरेन्द्र कुमार शर्मा , महेश सिंह तन्नू सिंह करन सिंह, होमवीर सिंह ज्ञानप्रकाश, धर्मपाल सिंह आदि मोजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस से पहले हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल कुचावली में निकाली तिरंगा रैली



**छजलैट।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय स्कूल कुच. ावली मुरादाबाद में हर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शाने आजम ने शहीदों को नमन करते हुए हर घर तिरंगा जागरूकता रैली को रवाना किया।तिरंगा रैली कार्यक्रम का संचालन एवं क्रियान्वयन श्रीमती गीतांजली दक्ष द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने हाथ में तिरंगा लिए भारत माता के जयकारों के साथ पूरे जोश और उत्साह से कुचावली ग्राम में तिरंगा रैली निकाली। आसमान और हवाएं भारत माता के जयकारों से गूंज उठी। तिरंगा रैली संचालिका श्रीमती गीतांजली दक्ष ने बताया कि तिरंगा रैली निकालने का उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक के भीतर देश भक्ति की भावना जगाने और हर घर तिरंगा का संदेश पहुंचाना है। प्रधानाचार्य श्री शानेआजम द्वारा बच्चों एवं ग्राम वासियों को बताया गया कि देशभक्ति का यह जज्बा ही हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

इस अवसर पर श्रीमती निशि रस्तोगी, श्रीमती मीनू, श्रीमती रीता, श्रीमती अनुश्री चौहान, श्रीमती श्वेता बाजपेई आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# श्रीसनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर से निकली विशाल शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर के फुब्बारा चौक के निकट स्थित श्रीसनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरे माह धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की पावन बेला को और भव्य बनाने के लिए सोमवार, 12 अगस्त को विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें शहरभर के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना शुरू हो गया था। ध्वज-पताकाओं और फूलों से सजे मंदिर परिसर में भक्ति का उल्लास और आस्था का वातावरण देखते ही बन रहा था। मंदिर के मुख्य पुजारी मेवाराम शर्मा के पूजन एवं मंत्रोच्चार के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि रामपाल सिंह, अंकित जैन, अंकुर अग्रवाल, पप्पू चौधरी और मंजू दिलेर भी मौजूद रहे, जिन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में लगभग 30 भव्य और आकर्षक झांकियां शामिल थीं। इस्कॉन वृंदावन भक्तों द्वारा सजाई गई महाकाल बाबा की शाही पालकी, बांके बिहारी का निधि बंगला, महिला मंडल द्वारा तैयार की गई गणेशजी की



स्वचालित झांकी, डी.जे. की धुन पर प्रस्तुत अघोरी नृत्य, काली माता के विभिन्न स्वरूप और विजय बैंड का मधुर संगीत लोगों को मंत्रमुग्ध करता रहा। झांकियों में रंग-बिरंगी लाइटें, पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण देखते ही बनता था। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से निकली इस शोभायात्रा में बुजुर्गों को विशेष रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। रास्ते में जगह-जगह समाजसेवी संगठनों, व्यापारी मंडलों और आम नागरिकों ने पुष्पवर्षा, प्रसाद और जलपान की व्यवस्था कर शोभायात्रा का स्वागत किया। बता दें कि फव्वारा चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्रा मालवीय चौक, रामस्वरूप रोड, सम्भल गेट, घंटाघर, फडिघ्याई बाजार, ब्रह्म बाजार, घास मंडी, बड़ा बाजार होते हुए मुरादाबाद गेट से पुन: मंदिर परिसर में पहुंची। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और जय श्रीकृष्ण, राधे-राधे के गगनभेदी जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं रही, बल्कि इसने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का सशक्त संदेश भी दिया। भक्तजन देर रात तक झांकियों और भक्ति-गीतों का आनंद लेते रहे और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व को एक अविस्मरणीय स्मृति में बदल दिया। शोभायात्रा में संच. ालक गुलशन खत्री, सतीश अरोरा, विपिन आहूजा, सुधीर मल्होत्रा, पारस बजाज, ओम खत्री, गगन अरोरा, रमेश अरोरा, मोहित, विट्टू अदलखा, नीलेश साहनी, अशोक अरोरा, मोनू खुराना, प्रदीप श्रीवास्तव, रचित अग्रवाल, अर्पित, शिवांश, लखन, दुर्गा टंडन, मंजू, पूनम अरोरा, रीना, रुचिका गुप्ता, ब्रजवाला, प्रतिभा चौधरी, नूतन चौधरी, प्रियंका, सुधा चौधरी, अभिषेक, संजीव, प्रमोद आदि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नागरिक एकता परिषद के तत्वावधान में होगा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम



**बिलारी।** नगर में नागरिक परिषद के द्वारा ब्रजरतन बैंकट हॉल में शाम 4 बजे से 7 बजे तक एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन होगा। 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में देश के शहीदों को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा, साथ ही युवाओं को देश प्रेम के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ राकेश रफीक, शकील साबरी,राकेश जैन, सुनील आर्य, प्रेम कुमार, डॉक्टर जितेंद्र दक्ष, आसिफ कमल एडवोकेट, प्रदीप, रघुनाथ शरण सक्सेना आदि सहित भारी तादात में लोग शामिल रहेंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली तिरंगा यात्रा

**सुरजन नगर।** सुरजननगर के हरि बैंक्विट हॉल में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकली जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ युवा एवं महिलाओं भी शामिल हुई भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान व कार्यकर्ता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने हरी वेंकट हॉल में समस्त कार्यकर्ताओं को एकत्रित करते हुए डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों के साथ हाथों में तिरंगा झंडा लिए कार्यकर्ताओं नारे लगाते हुए सुरजन नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस हरि वेंकट हॉल में यह यात्रा पुरी की गई साथ ही शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर 15 अगस्त से पहले हर घर तिरंगा लगने का आवाहन किया तिरंगा यात्रा स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में निकाली गई यात्रा के दौरान सुरजन. नगर के मुख्य बस स्टैंड पर सभी दुकानदार भाइयों ने तिरंगे के सम्मान में खड़े होकर यात्रा पर पुष्प अर्पित किया इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता ठाकुर अजय प्रताप द्वारा शहीद स्मारक पर जाकर साफ सफाई कर उन पर पुष्प अर्पित में माल्या अर्पण किया भाजपा के आवाहन पर निक. ाली गई। यात्रा में भाजपा वरिष्ठ नेता भानू प्रताप सिंह, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान सुबोध बिश्नोई बृजेश बिश्नोई राहुल चौहान मनवीर बिश्नोई राजू चौहान मुकेश चौहान जितेंद्र कुमार रानू बिश्नोई खुशीराम चौहान समूह कार्यकत्री जूली देवी हिमानी बिश्नोई अनुपम देवी सोनी देवी छाया रानी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**भगतपुर।** मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंडल भोजपुर में तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह के नेतृत्व मे निकाली गई यात्रा नगर पंचायत भोजपुर से शुरू होकर गोकुलनगर श्यामपुर, बहोरनपुर डूंगरपुर चौराहा मानपुर चौकी से सिरसवां हरचंद होते हुए निवाड़ खास खबरिया घाट एवं पसियापुर होते हुए बहोरनपुर कला पर समापन हुई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत सुंदर गिरि महाराज जी जिला पचांयत सदस्य, अर्शमान चेयरमैन प्रतिनिधि, मंडल उपाध्यक्ष अर्पित पाल लेखराज सैनी समरपाल सिंह, मंडल मंत्री शंकर पासी धर्मेंद्र सैनी, डॉ सुरेश राजकुमार सभासद इस्तेकर यासीन मलिक तहसील कादरी नजीर प्रधान तौकीर कुरैशी गयासुद्दीन, राजू प्रधान बबलू पाल पूर्व सभासद सूरज सिंह मंडल मंत्री सानू कुरैशी राधेश्याम राजकुमार कश्यप, शुभम सैनी सचिन सैनी राजू सिंह, नितिन शर्मा सत्यपाल कश्यप राजपाल सिंह पाल शंकर पासी आकाश सैनी आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। बही भगतपुर क्षेत्र में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत मण्डल अध्यक्ष भगतपुर पवन शर्मा के नेतृत्व में भी एक तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम हुआ जिसमें तिरंगा यात्रा चांदपुर से शुरू होकर रोशनपुर, लाल. पुर,विलाबाला होते हुए नेपा चौकी पर समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान भजनलाल पाल, मुकेश पाल आदि के साथ काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र नव्य कीर्ति सिंह को साथ लेकर अपने छोटे पुत्र अर्पित सिंह से गलत संगत/व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में मेरे छोटे पुत्र अर्पित सिंह द्वारा किये जाने वाले गलत कृत्यों/मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा उक्त अर्पित सिंह से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **हरिओम सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी प्रीत विहार कालोनी, खुशहालपुर, जिला मुरादाबाद।**

### समर्सिबल से हैंडपंप और मोटर चोरी करके ले गए अज्ञात लोग

**कांठ।** पिछले साल चोरों ने जनरेटर से अल्टीनेटर चोरी कर लिया और इस बार तो बिल्कुल ही हद कर दी समरसेबल में लगे हैंडपंप के साथ-साथ मोटर को भी लेकर कर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मोहल्ला पटेगंज निवासी राजकुमार पुत्र घनश्याम सिंह का वरदान बैंकट हॉल के सामने प्लाट है जहां पर उसका समरसेबल में हैंडपंप लगा हुआ था बताया गया की रात को किसी वक्त चोर हैंडपंप और अंदर पड़ी मोटर निकाल कर फरार हो गए पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि पिछले साल उसके जनरेटर का चोर अल्टीनेटर उतार कर ले गए थे।

## रामगंगा विहार मंडल में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन




**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के तत्वाधान में रामगंगा विहार में मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन बड़े ही भव्य रूप से किया गया।तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर विनोद अग्रवाल शामिल रहे ।मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल ने तिरंगा ध्वज दिखाकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा अंबेडकर पार्क आशियाना से शुभारंभ होकर विवेकानंद, हरथला,कांठ रोड, किला तिराहा, मधुबनी पार्क, पीएसी तिराहा, नवीन नगर, दीनदयाल नगर,वेव सिनेमा, सेल टैक्स चौराहा होते हुए अंबेडकर नेचर पार्क आशियाना पर ही जाकर सम्पन्न हुई।महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि 2014 केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्य काल में देशवासियों में देश प्रेम की अलख जगाने हेतु उनके आवाहन पर प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया था एवं प्रत्येक वर्ष देश भर में बड़ी संख्या में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाता है प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाया जाता है इसी क्रम में हम महानगर के सभी दस मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रहे हैं इसी क्रम में आज रामगंगा विहार मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया था।तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, शर्मा आदि मंडल के पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण एवं मंडल के क्षेत्रवासी शामिल रहे।

# बस चालक के खिलाफ दुर्घटना का केस दर्ज

**भोजपुर।** मंगलवार को पुलिस ने रक्षा बंधन के दिन बस और ई-रिक्शा की टक्कर में मृत कमलेश के पति थाना मूंढापांडे के गांव गोबिंदपुर कला निवासी जयपाल पुत्र नन्हे की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाते हुए ई-रिक्शा में टक्कर मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। महिला रक्षाबंधन के दिन पति के साथ ई-रिक्शा में बैठकर अपने मायके थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर तिगरी को राखी बंधवाने आ रही थी। सिरसवां दोराहे के निकट अस्पताल के सामने अज्ञात बस चालक ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मारकर वाहन को मौके पर छोड़कर भाग गया था।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 1995 अनुक्रमांक 0382890 व इण्टर मीडिएट वर्ष 1997 अनुक्रमांक 0238955 का प्रमाण पत्र व अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए है। **अफरोज सिद्दीकी पुत्री अब्दुल मजीद हाल निवासी नियर मिलन मैरिज हाल लक्ष्मीपुर पट्टी रोड काशीपुर, उद्यमसिंह नगर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र मनोज कुमार और उसकी पत्नी सुषमा से आए दिन मारपीट पर उतारू होने और गलत व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य की मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होंगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगें। **वीर सिंह पुत्र अशरफी लाल निवासी-ग्राम नूरपुर तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

# दबंगों ने पिता-पुत्र को लाठी डंडों से पीटकर किया घायल

**भोजपुर** गांव इस्लामनगर निवासी ग्रामीण ने दो भाईयों एवं दो अज्ञात युवकों के खिलाफ बेवजह गाली गलौज करने, पीटने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण सूरजपाल पुत्र बाबू राम ने बताया है कि 8जुलाई की रात को दस बजे अपनी दूकान के सामने खड़ा था। गांव के राहुल व मनोज पुत्र जागन गांव बल्लभगढ़ निवासी अपने दो रिश्तेदारों के साथ आकर बेवजह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। बेटा अजय बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 09वीं वाहिनी पीएसी को वित्तीय वर्ष 2025-26 में मानक मद-25 लघु निर्माण कार्य के अन्तर्गत आवंटित अनुदान से कराये जाने वाले अनुमोदित 02 कार्यों के टेण्डर दिनांकः 18-08-2025 को समय सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेंगे तथा उसी दिन समय सायं 05:00 बजे तक टेण्डर खोले जायेंगे। अनुमोदित 02 कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

1- वाहिनी की आरटीसी में 10 सीटर टायलेट - 16.97(अनुमानित लागत लाख में )
2- वाहिनी की आरटीसी में 10 सीटर बाथरूम - 14.73(अनुमानित लागत लाख में)

विस्तृत जानकारी वाहिनी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा ठेकेदारों की पात्रता एवं शर्तो का टेण्डर नोटिस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा।

UPID-236841, DATE-11/08/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

सेनानायक
09वीं वाहिनी पीएसी
मुरादाबाद।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें ।

| टेन्डर संख्या | 101-DRM-MB-25-26 Date - 16.07.2025 | 123-DRM-MB-25-26 Date - 29.07.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair of hand pump of platform at various station and level crossings in the section of SSE/W/NBD under the jurisdiction of ADEN/NBD. | Heavy repair of PF surface at BEK PF No. 2, MSDR Station and raising of track drains in MSDR Yard in the section of SSE/W/NBD under the jurisdiction of ADEN/NBD. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 04.09.2025 | 04.09.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 69,84,552.04 | 94,94,812.72 |
| धरोहर राशि | 1,39,700.00 | 1,89,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 21.08.2025 | 21.08.2025 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक 11.08.2025 2458/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान 17 करोड़ ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया

**मुंबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई सबसे यादगार टेस्ट श्रृंखला के समापन के साथ ही, 17 करोड़ से ज्यादा लोगों ने जियोहॉटस्टार पर लॉग इन किया, जिससे यह डिजिटल पर किसी भी टेस्ट श्रृंखला की अब तक की सबसे ज्यादा पहुंच बन गई। जैसे-जैसे श्रृंखला एक असाधारण और रोमांचकारी समापन की ओर बढ़ रही थी, ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन जियोहॉटस्टार पर 1-3 करोड़ दर्शकों की अधिकतम संगामी पहुंच दर्ज की गई - जो डिजिटल पर किसी भी टेस्ट मैच की अब तक की सबसे ज्यादा संगामी पहुंच है। रोमांचक मुकाबलों और रोमांचक मोड़ों के साथ, इंग्लैंड-भारत सीरीज़ ने जियोहॉटस्टार पर 65 अरब मिनट के विशाल व्यू टाइम के साथ भारत का ध्यान खींचा।

### संभावित दो स्तरीय डब्ल्यूटीसी ने बढ़ाई विंडीज क्रिकेट की चिंता

**नई दिल्ली, वार्ता।** अगरआईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए दो स्तरीय प्रणाली (टू टियर सिस्टम) तय करती है तो वेस्टइंडीज शीर्ष स्तर की टीमों से बाहर हो सकती है क्योंकि डब्ल्यूटीसी के तीनों संस्करण में वेस्टइंडीज नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही थी और मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में भी वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीनों टेस्ट में हार मिली है। टू टियर सिस्टम की संभावना से वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक लचतित हैं और क्रिकेट वेस्टइंडीज़ (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी क्रिस डेहलरग ने कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के हितधारक इस संबंध में अपनी बात रखने की उम्मीद कर रहे हैं। रविवार और सोमवार को त्रिनिदाद में हुई सीडब्ल्यूआई की आपात बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबो. धित करते हुए डेहलरग ने कहा कि इस संबंध में हमें भूमिका अदा करनी होगी, हमें आईसीसी के समक्ष अपनी बात रखनी होगी।

### 64वां सुब्रतो कप 19 अगस्त से शुरू होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 64वां संस्करण 106 टीमों के साथ शुरू होगा, जो जूनियर ब्वायज, जूनियर गर्ल्स और सब-जूनियर ब्वायज - इन तीन वर्गों में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट 19 अगस्त से 25 सितंबर तक नई दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में आयोजित होगा। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा राजधानी में आकाश ऑफिसर मेस में आयोजित एक प्रेस कार्यक्रम में की गई, जिसमें एयर मार्शल एस शिवकुमार आदि उपस्थित थे।

# एशिया कप: भारत के लिए ओपनिंग पर सवाल

**अभी तक चार दावेदार सामने आए, सैमसन-यशस्वी और अभिषेक- गिल के बीच टक्कर**



**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे की समाप्ती के बाद अब भारत का अगला असाइनमेंट एशिया कप है। इसकी शुरुआत नौ सितंबर से होगी और सारे मैच यूएई में खेले जाएंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ ही करेगी।

इसके बाद शेडयूल के मुताबिक, टीम इंडिया 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगी। हालांकि, इस टूर्नामेंट से पहले चयनकर्ताओं के सामने असली चुनौती है। दरअसल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पिछले कुछ समय से टी-20 टीम का हिस्सा नहीं थे और अब अगर ये एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध बताते हैं तो चयनकर्ताओं के सामने ये चुनौती होगी कि ओपनिंग के लिए किसे चुना जाए। गिल और यशस्वी इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल फरवरी में खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज का हिस्सा नहीं थे। गिल और यशस्वी, दोनों ने अपना-अपना पिछला टी-20 मुकाबला जुलाई 2024 में पल्लेकल में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद से किसी भी टी-20 सीरीज में ओपनिंग की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के कंधों पर रही है। जुलाई 2024 के बाद भारत ने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेली हैं और अभिषेक और सैमसन पर ही ओपनिंग की जिम्मेदारी रही है। हालांकि, अगर गिल और यशस्वी वापसी करते हैं तो ओप. निंग किसे दी जाएगी, यह सबसे बड़ा सवाल है। सैमसन खुद भी बता चुके हैं कि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने यह जिम्मेदारी निभाने को कहा था। हालांकि, तब सूर्यकुमार ने उन्हें सात मैचों की बात कही थी। यानी बांग्लादेश के खिलाफ तीन और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैच। इस सात मैचों में सैमसन ने तीन शतक जड़े थे और खुद को साबित किया था। वहीं, अभिषेक मौजूदा समय में टी-20 के नंबर एक बल्लेबाज हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में अपनी कई तूफानी पारियों से धमाल मचा दिया है। वहीं, गिल टेस्ट टीम के कप्तान हैं और यशस्वी विस्फोटक ओपनर हैं। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के सामने एक सही स्क्वाड चुनने की जिम्मेदारी होगी। सैमसन और अभिषेक ने हाल फिलहाल में खुद को साबित किया है और उनके आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। सैमसन और अभिषेक को पिछले साल अक्टूबर से साथ ओपनिंग करने की जिम्मेदारी मिली और तब से भारत ने 12 में से 10 टी-20 जीते हैं। इसके अलावा सैमसन विकेटकीपर की अतिरिक्त भूमिका निभाते हैं, जबकि अभिषेक स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। सैमसन ने अब तक टी-20 में 42 मैचों में 152.39 के स्ट्राइक रेट से 861 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं, अभिषेक ने 17 टी-20 मैचों में 193.85 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। अगले साल टी-20 विश्व कप होना है और उसे देखते हुए इन दोनों की ओपनिंग जोड़ी को छेड़ना खतरे से खाली नहीं होगा।



● कोहली का जलवा इंस्टग्राम पर बरकरार

# विराट इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालोअर्स वाले एशियाई एथलीट

**रोनाल्डो-मेसी और राक बस उनसे आगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली का जलवा सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर भी बना हुआ है। वह इंस्टा पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एशियाई एथलीट हैं। वह शीर्ष-10 की लिस्ट में इकलौते क्रिकेटर और एशियाई हैं। इस लिस्ट में फुटबॉल खिलाड़ियों की भरमार है। कोहली के इंस्टा पर करीब 273 मिलियन यानी 27.3 करोड़ फालोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम पर ओवरआल सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स में चौथे नंबर पर हैं। शीर्ष-दो पर दुनिया के दो महानतम फुटबॉलर्स में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी का बोलबाला है। रोनाल्डो पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान हैं और फिलहाल सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्र के लिए खेल रहे हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 662 मिलियन यानी 66.2 करोड़ फालोअर्स हैं। वहीं, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान मेसी के इंस्टाग्राम पर 506 मिलियन यानी 50.6 करोड़ फालोअर्स की संख्या है। मेसी फिलहाल अमेरिकी मेजर लीग साकर में इंटर मियामी टीम का हिस्सा हैं। तीसरे नंबर पर श्द राकश के नाम से मशहूर रेसलर और एक्टर ड्वेन जानसन हैं। इंस्टाग्राम पर ड्वेन जानसन के फालोअर्स की संख्या 392 मिलियन यानी 39.2 करोड़ है। इसके बाद विराट कोहली का नंबर आता है।

**इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फालो किए जाने वाले एथलीट्स की लिस्ट**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | खेल | फालोअर्स |
|---|---|---|---|---|
| 1 | क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | फुटबॉल | 66.2 करोड़ |
| 2 | लियोनेल मेसी | अर्जेंटीना | फुटबॉल | 50.6 करोड़ |
| 3 | ड्वेन जानसन | अमेरिका | रेसलिंग | 39.2 करोड़ |
| 4 | विराट कोहली | भारत | क्रिकेट | 27.3 करोड़ |
| 5 | नेयमार जूनियर | ब्राजील | फुटबॉल | 23.1 करोड़ |
| 6 | किलियन एम्बाप्पे | फ्रांस | फुटबॉल | 12.5 करोड़ |

# बेहोश होकर गिरे इतावली ओरिएंटियरिंग एथलीट की मौत

**चेंगदू, वार्ता।** चेंगदू में 2025 विश्व खेलों में प्रतिस्पर्धा के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े इतालवी ओरिएंटियरिंग एथलीट मटिया डेबर्टोलिस की मंगलवार को मौत हो गई। आयोजकों और उनके खेल के शासी निकाय ने इसकी पुष्टि की।

अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (आईडब्ल्यूजीए),चेंगदू 2025 विश्व खेलों की स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओरिएंटियरिंग महासंघ (आईओएफ) ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संयुक्त बयान जारी किया। बयान के अनुसार, डेबर्टोलिस शुक्रवार सुबह, 8 अगस्त को विश्व खेलों के 12वें संस्करण के तहत पुरुषों की मध्यम दूरी की ओरिएंटियलरग स्पर्धा के दौरान बेहोश पाए गए। घटनास्थल पर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। बाद में उन्हें गहन चिकित्सा के लिए चीन के एक प्रमुख चिकित्सा संस्थान में स्थानांतरित कर दिया गया। निरंतर विशेषज्ञ चिकित्सा प्रयासों के बावजूद, मंगलवार को उनका निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि वर्ल्ड गेम्स परिवार, एलओसी और आईओएफ इस त्रासदी से स्तब्ध हैं और एथलीट के परिवार, दोस्तों और पूरे ओरिएंटियरिंग समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एमएस धोनी की अर्जी पर सुनवाई

**मानहानि केस**



● **मद्रास हाईकोर्ट का आदेश, माही ने मीडिया हाउस पर 100 करोड़ का दावा किया था**

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी के 100 करोड़ रुपए मानहानि केस में मद्रास हाई कोर्ट ने सुनवाई करने के आदेश दिए हैं। धोनी का बयान एडवोकेट कमिश्नर के माध्यम से रिकार्ड किया जाएगा, ताकि भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति से बचा जा सके। धोनी ने 2014 में यह केस दर्ज किया था, जिसमें दो प्रमुख मीडिया चौनलों से हर्जाने की मांग की गई थी।

आरोप था कि 2013 के आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले पर टीवी डिबेट के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी। एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है, जो धोनी की ओर से सबूत और बयान दर्ज करेंगे। धोनी ने हलफनामे में कहा कि वे कोर्ट और कमिश्नर के निर्देशों का पालन करेंगे और चाहते हैं कि ट्रायल में देरी न हो। 2013 में हुई थी स्पाट फिक्सिंग आईपीएल 2013 में स्पाट फिक्सिंग हुई थी। पुलिस की जांच में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के दामाद, टीम चेन्नई सुपर किंग्स के हेड गुरुनाथ मयप्पन और शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा जैसे बड़े नामों पर आरोप लगे थे। राजस्थान रॉयल्स के 3 खिलाड़ी एस. श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला तो गिरफ्तार हो हुए थे। दोनों टीमों पर सवाल खड़े होने लगे।

हाईप्रोफाइल मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से लोढ़ा कमेटी बनाई गई। साल 2015 में कमेटी की सिफारिश पर दोनों टीमों पर 2 साल का प्रतिबंध लगाया गया था। धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और आईपीएल में सीएसके की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

# विभु ने डेफलम्पिक्स गोल्फ सेलेक्शन टायल्स में पहला स्थान हासिल किया

● **यूपी के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ की जसतर सिंह बिलिंग ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** महाराष्ट्र के विभु त्यागी ने डेफलम्पिक्स सेलेक्शन ट्रॉयल्स 2025 में पुरुष प्रतिभागियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करते हुए विजेता का ताज पहना। ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में दो दिनों तक चले इस चुनौतीपूर्ण मुकाबले में त्यागी ने कुल 168 (24-ओवर पार) स्कोर करते हुए लीडरबोर्ड में पहला स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला अत्यधिक गर्मी, उमस और तेज हवाओं जैसी कठिन परिस्थितियों में खेला गया, जिसने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और कौशल की कड़ी परीक्षा ली। इस चयन ट्रायल का आयोजन एआईएससीडी द्वारा भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के मार्गदर्शन में किया गया था। 6 से 8 अगस्त, 2025 तक आयोजित इस आयोजन में छह समर्पित एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें एक महिला खिलाड़ी भी शामिल थीं, जो भारत में श्रवण-बाधित खिलाड़ियों के लिए खेलों में बढ़ती समावेशिता को दर्शाता है। त्यागी के बाद उत्तर प्रदेश के हर्ष सिंह और चंडीगढ़ के जसतर सिंह बिललग ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। यह ट्रायल्स डेफलम्पिक्स 2025, टोक्यो के लिए भारत की गोल्फ टीम का चयन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। ट्रायल्स की शुरुआत आईजीयू के कोषाध्यक्ष संजीव रत्तन द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिनके साथ एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक सोमेश शर्मा और तकनीकी निद. ेशक (बैडलमटन) श्रीमती सोनू आनंद शर्मा भी उपस्थित रहीं। एआईएससीडी के चेयरमैन मोलहदर सिंह ने कहा कि चयन ट्रायल्स को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित किया गया। भले ही प्रतिभागियों की संख्या कम थी, लेकिन प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही और सभी खिलाड़ियों ने दोनों राउंड्स में निरंतर प्रदर्शन किया। मैं भारतीय गोल्फ संघ को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शब्दों में, 'जो खेले, वो खिले', इन विशेष खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला है और यह बहुत गर्व की बात है।

# भारत ने एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते 27 पदक

● **10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं**

**एशियाई अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक विजेता**-रितिका, **रजत पदक विजेता**-यात्री, प्रिया, नीरज, इशान, **कांस्य पदक विज.ता**-भावना , पार्थवी, प्रांजल, श्रुति, हर्ष, अंकुश, रॉकी, मयूर।

**एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025: भारतीय पदक विजेता**

**स्वर्ण पदक विजेत**-निशा, मुस्कान, राहुल, **रजत पदक विजेत**-विनी, निशा, आरती, कृतिका, प्राची, मौसम, हेमंत, **कांस्य पदक विजेत**-यक्षिका, आकांक्षा, शिवम, गौरव।

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने बैंकॉक में आयोजित एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, रितिका ने सोमवार को बैंकॉक में महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई अंडर-19 और अंडर-22 मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के अभियान का समापन किया। टीम ने विभिन्न आयु वर्गों में कुल 27 पदक जीते। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 10 दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं एक साथ आईं, जिसमें भारत की अंडर-19 टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही और अंडर-22 टीम चौथे स्थान पर रही। भारत ने 40 मुक्केबाजों का दल उतारा था।

प्रत्येक आयु वर्ग में बीस। अंडर-19 दल ने तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य सहित 14 पदक जीते, जबकि अंडर-22 मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण, चार रजत और आठ कांस्य पदक जीते। अंतिम दिन के बारे में बताते हुए, विज्ञप्ति में कहा गया कि रितिका भारत की एकमात्र अंडर-22 चैंपियन बनकर उभरीं, जिन्होंने अंतिम दिन 80+ किग्रा के फाइनल में कजाकिस्तान की एस्सेल टोकटासिन को हराने के लिए दबाव में भी अपना संयम बनाए रखा। यात्री पटेल को महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान की खुमोराबोनू मामाजोनोवा से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि 60 किग्रा के फाइनल में प्रिया का पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की यू तियान के खिलाफ जोशीला मुकाबला 3-2 से हार के साथ समाप्त हुआ। बाद में, नीरज ने पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में उज्बेकिस्तान के शावकटजोन बोल्ताएव से हारकर रजत पदक जीता। ईशान कटारिया ने भी 90+ किग्रा भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में उज्बेकिस्तान के खलीमजोन मामासोलिएव से हारकर रजत पदक जीता। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि इस साल की शुरुआत में, अंडर-15 और अंडर-17 टीमों ने एशियाई चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 43 पदक जीते थे।

# हरमनप्रीत-मंधाना को विश्व कप जीतने का भरोसा

**8 टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से होगा**



**मुंबई, वार्ता।** भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है।

आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से भारत में शुरू होगा, जहां भारत का पहला मैच श्रीलंका से है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा घस होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की को. शिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों कर रहे हैं। भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा। अभी भारत का आत्मविश्वास कैसा है? इस सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो बहुत ऊंचा है। पिछले कुछ साल में हमने जितना क्रिकेट खेला है, उसने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। जिस तरह हम पिछले कुछ साल से खेल रहे हैं, हम बस उसे जारी रखना चाहते हैं। मेरा मानना है कि यह सब हमारी मानसिकता और बेखौफ क्रिकेट पर निर्भर है, जो हम खेल रहे हैं। इंग्लैंड में वनडे सीरीज जीत से पहले टीम को वहां 3-2 से टी20 सीरीज में भी जीत मिली थी, जो इंग्लैंड में भारत की पहली टी20सीरीज जीत भी है। हरमनप्रीत ने कहा कि हम इंग्लैंड के नतीजों से हैरान नहीं थे क्योंकि हमें पता था कि हमने कैसी तैयारी की है। हमें पता था कि हम यह आसानी से कर सकते हैं। हमने इसके लिए बहुत मेहनत की थी, लेकिन साथ ही चीजों को बहुत सिंपल भी रखा था। हमें भरोसा था कि हम कोई भी सीरीज या टूर्नामेंट आसानी से जीत सकते हैं। हम सिर्फ इस पर बात कर रहे थे कि कैसे जीतना है, कैसे खुद को सुधारना है। हमारे लिए यह कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी बल्कि यह हमारी दिनचर्या का नतीजा था और हम इसे बार-बार करते रहना चाहते हैं। टीम की उपकप्तान मंधाना ने कहा कि टीम के हालिया फॉर्म का कारण मैदान से बाहर की तैयारियां भी हैं। उन्होंने कहा कि हम जो ट्रेलनग और मेहनत कर रहे हैं, उसका नतीजा मिल रहा है। उम्मीद है कि यह विश्व कप हमारे लिए बहुत खास होगा। इंग्लैंड में पिछले डेढ़ महीने में कई सही चीजें हुईं। मैदान से बाहर भी पूरी टीम का एकजुट रहना और हर दिन कड़ी मेहनत करना हमारे लिए बहुत अहम है।

# मो बोबाट लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त



● **मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता रखते हैः जूलियन**

**लंदन, वार्ता।** मो बोबाट को लंदन स्पिरिट में क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया है और वे 1 अक्टूबर, 2025 से यह पदभार ग्रहण करेंगे। इंग्लैंड के पूर्व पुरुष टीम के प्रदर्शन निदेशक और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के वर्तमान क्रिकेट निदेशक, फ्रेंचाइजी की 2026 सीजन की तैयारी के लिए पहली बड़ी नियुक्ति हैं।

बोबाट का आगमन ऐसे समय में हुआ है जब स्पिरिट एक नए स्वामित्व युग में प्रवेश कर रहा है, जिसमें एमसीसी के पास टीम में 51: हिस्सेदारी है और अमेरिका स्थित तकनीकी निवेश समूह टेक टाइटन्स के पास शेष 49प्रतिशत हिस्सेदारी है। ईसीबी ने हाल ही में पुष्टि की है कि सभी आठ हंड्रेड टीमें निजी स्वामित्व में चलेंगी। इस बीच, लंदन स्पिरिट नए ढांचे के तहत अपना नाम बरक. रार रखेगी, और 2026 की शुरुआत में इसका नया ब्रांडिंग करने की योजना है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बोबाट ने कहा कि ऐसे रोमांचक समय में लंदन स्पिरिट में शामिल होना सम्मान की बात है।

एमसीसी और हमारे नए साझेदारों, टेक टाइटन्स के साथ काम करते हुए, इस फेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने का अवसर अविश्वसनीय रूप से रोमांचक है। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास बनाने के लिए उत्सुक हूं। लंदन स्पिरिट के अध्यक्ष जूलियन मेथेरेल ने कहा कि आज लंदन स्पिरिट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। मो बोबाट क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बेजोड़ विशेषज्ञता और दूरदर्शिता लेकर आते हैं, और हमें उनका स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

साथ ही, लंदन स्पिरिट नाम को बरकरार रखना उस पहचान में हमारे विश्वास को दर्शाता है जो हमने बनाई है - एक ऐसी पहचान जो राजधानी, हमारे प्रशंसकों और हमारे मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होती है। अब हम नई ऊर्जा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ एक नए युग की ओर देख रहे हैं।

# दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई जबकि पुत्री अभी गंभीर रूप से घायल है। अस्पताल वाले पुलिस की इंतजार में शब परिजनों के हवाले नहीं कर पाए हैं।



थाना कांठ क्षेत्र के गांव ध्यानपुरा निवासी संजय पुत्र सोमपाल अपनी चार साल की बेटी के साथ रक्षाबंधन पर ससुराल गया था। जब वह वहां से वापस आ रहा था तो कुमखिया के पास एक दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें संजय और उसकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया। लड़की को तो वहां से घर भेज दिया गया लेकिन हालत खराब होने पर संजय को निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आज दोपहर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना स्थल थाना नौगावा सादात का होने के कारण वहां की पुलिस को सूचना दी गई अस्पताल वालों ने पुलिस के बिना परिजनों को शब देने से इनकार कर दिया लेकिन शाम तक भी पुलिस अस्पताल नहीं पहुंची तो परिजनों को परेशानी होने लगी समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजन पुलिस के आने का इंतजार कर रहे थे। मृतक अपने पीछे दो छोटे छोटे बच्चे छोड़ गया है

# विश्व हाथी दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में मकोनिया गेट के ग्राम देवानंदपुर गढ़ी में विश्व हाथी दिवस के अवसर पर ग्रामीण लोगों को टीम टाइगर सेविन समिति द्वारा जागरूक किया गया। टीम टाइगर सेविन समिति के अध्यक्ष/ वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए०आर० रहमान एवं उनकी टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में घूम कर लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जानवरों के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है जिससे जंगली जानवरों और इंसानों के बीच सुरक्षा बनी रहे। आपस में संघर्ष ना हो। इसी उद्देश्य से विश्व हाथी दिवस के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गई और उनसे जाना गया कि आपके पास के जंगल से निकलकर हाथी अक्सर खेतों में आ जाते हैं जिससे फसलों और मनुष्यों को नुकसान होता है, इससे कैसे बचा जाए टीम टाइगर सेविन समिति द्वारा ग्रामीणों को बताया गया की कोशिश करें जंगल के किनारे गन्ने की खेती या दूसरी कोई फसल न उगाई जाए जिससे की हाथी खेतों में ना आए बताया गया की हाथी




बहुत समझदार जानवर होता है और बहुत ताकतवर भी होता है। अक्सर देखा गया है की हाथी उसी रास्ते पर आते है जिससे वह पहले कभी आया करते थे पर हम मनुष्यों ने उनके आने जाने के रास्ते बंद कर दिए हैं। जिससे वह गुस्सा है। बताया गया हाथी अक्सर खेतों में रात के समय ज्यादा आते हैं। कोशिश करें खेतों में 20 फीट से ऊंची जगह पर आराम करें, बताया गया की हाथी को दूर से ही इंसानों के आने की आहाट हो जाती है और वह अपना रास्ता बदल लेता है और निकल जाता है। टीम टाइगर सेविन समिति सभी से अपील करती हैं कि हाथियों से हमेशा दूरी ही बनाए रखें जिससे आप भी सुरक्षित रहें और हाथी भी सुरक्षित रह सके। 12 अगस्त, 2012 को एशियाई और अफ्रीकी हाथियों की गंभीर दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए विश्व हाथी दिवस की शुरुआत की गई। इस अवसर पर ए आर रहमान, गुरप्रीत सिंह, सुखवीर सिंह, हरविंदर सिंह, अजमेर सिंह, अंकित कुमार, शिवम कुमार, परमजीत सिंह मौजूद थे।

## चेकिंग में 3.5 क्विंटल भैंसवंशीय मांस बरामद

**भोजपुर।** मंगलवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान साढ़े तीन क्विंटल भैंसवंशीय मांस बरामद कर वाहन चालक समेत चार मांस कारोबा. रियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को हल्का इंचार्ज ब्रजपाल सिंह हमराह हेड कांस्टेबल कुलदीप अत्रि एवं कांस्टेबल कपिल कुमार को साथ लेकर मुरादाबाद टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव गणेशपुर के निकट ढेला नदी के पुल पर वाहनों की चौकिंग कर रहे थे। पुलिस को भोजपुर दिशा से त्रिपाल से ढकी पिकअप आती दिखी। पुलिस ने वाहन को रोक. कर त्रिपाल हटाकर देखा तो उसमें मांस रखा था। चालक ने अपना नाम आसिफ पुत्र रियासत निवासी नक्कालान बताया। पूछताछ में बताया भैंसों का कटान जामा मस्जिद निवासी शकील पुत्र जमील व फैसल पुत्र शमीम अपने घर पर करके थाना सिविल लाइन के गांव अगवानपुर निवासी आकिब पुत्र कामिल को बेचते हैं। कामिल उक्त मांस को दुकान से छोटे टुकड़ों में उपभोक्ताओं को बेचता है। पुलिस ने पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर बरामद मांस की जांच कराई तो उन्होंने भैंसवंशीय पशुओं का मांस होने की पुष्टि की। पुलिस ने वाहन चालक आसिफ और मांस तस्करों शकी,फैसल और आकिब के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

# बजाज ऑटो ने लॉन्च किया 220 किमी चलने वाला रिकी ई-रिक्शा



**मुरादाबाद।** एकेसी वर्ल्ड बजाज एवं बजाज ऑटो द्वारा एक चार्जिंग में 220 किलोमीटर चलने वाला ऑटो लॉन्च किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेसी वर्ल्ड बजाज के चेयरमैन अशोक अग्रवाल के द्वारा की गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौतम मोदी वाइस प्रेसिडेंट (बजाज ऑटो)ने बताया कि जिस तरह सड़कों पर चल रहे लोकल रिक्शों के चालकों के अनुभव लेने के बाद इस ई रिक्शा को बनाया गया है जिसका तोड़ पूरी बाजार में नहीं हैं साथ ही कुछ खूबियां भी बताई जैसे एक चार्जिंग में लगभग 220 किलोमीटर चलेगा, मजबूत चेसिस और मेटल बॉडी के साथ है, इससे ग्राहकों की आमदनी बढ़ेगी। बजाज रिक्की एल3 श्रेणी में पहला इलेक्ट्रिक रिक्शा है, जिसमें 220 किमी की रेंज है। बजाज रिक्की को भारत के व्यस्त शहरों में ड्राइवरों और यात्रियों दोनों की वास्तविक दुनिया की मांगों को पूरा करने के लिए बनाया गया है,बजाज रिकी को भारतीय सड़कों पर सेगमेंट में अग्रणी सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है जो आराम, आत्मविश्वास और हाइड्रोलिक ब्रेक श्रेणी में प्रथम,अधिक शक्तिशाली, सभी परिस्थितियों में सुरक्षित ब्रेकिंग ,स्वतंत्र सस्पेंशन शहरी और अर्ध-शहरी सड़कों पर अधिक सुचारू, स्थिर सवारी के लिए है।जिसमें मोनोकोक चेसिस अधिक मजबूत,अधिक लचीला निर्माण,अधिक जीवन और बेहतर भार-संचालन के लिए है।जिसमें 2-स्पीड ट्रांसमिशन (पी4006 में) अलग-अलग गति पर टॉर्क, रेंज और ग्रेडेबिलिटी में सुधार करता है।जिसको 4 घंटे में पूरी तरह चार्ज किया जा सकता है जिसकी वारंटी 3 वर्ष या 60 हजार किमी तक चिंता मुक्त है साथ ही उच्च प्रदर्शन, कम रखरखाव और अधिकतम अपटाइम के लिए डिजाइन किया गया, रिकी ड्राइवरों को आराम या नियंत्रण से समझौता किए बिना लंबी शिफ्ट में गाड़ी चलाने और ज्यादा कमाई करने की सुविधा देता है। साथ ही बजाज द्वारा बताया गया कि रिकी सबसे पहले मुरादाबाद में शुरू हुई है, और अगले कुछ हफ्तों में अन्य प्रमुख राज्यों में भी इसका वितरण शुरू हो जाएगा

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दिया संचारी रोगों से बचाव का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील के प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल बहा. ेरनपुर नरौली में कृमि दिवस पर कृमीनाशक दवा खिलाई गई और बताया कि इस दवा के खाने से पेट के अंदर उत्पन्न हुए कीडे मर जाते हैं । जिससे बच्चे कुपोषण से बच सकते हैं।

मंगलवार को प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल गोली खिलाई गई । जिसमें विद्यालय के 87% बच्चों ने गोली खाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि स्वच्छता अंदर की हो या बाहर की अति आवश्यक है। गंदगी से ही अनेकों बीमारियां फैलती हैं। इसलिए नित्य प्रति हाथों की सावुन से सफाई करें।

कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमाराष संकल्प को दोहराते हुए छात्रों को बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण और खून की कमी हो जाती है। जिसके कारण बच्चे का शारीरिक तथा मानसिक विकास सम्पूर्ण नहीं हो पाता । इसलिए खुले में शौच ना करें ।हमेशा शौचालय का प्रयोग करें। हाथ पैरों के नाखून साफ व छोटे रखें क्योंकि इनके द्वारा गंदगी हमारे पेट में पहुंच जाती है। जिस कारण छोटे-छोटे कृमि पेट के अंदर उत्पन्न होकर बच्चे के विकास को रोक देते है । इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव, अनिल चौहान , आदित्य राघव कल्बे अली रंजीत विजय कुमार सजल राघव गीता देवी रचना आदि स्टाफ मौजूद रहा

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई छजलैट (प्राथमिक संवर्ग) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा शिक्षकों के सम्मुख आ रही समस्याओं के दृष्टिगत ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार से वार्ता का ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि शिक्षकों/ कर्मचारियों की जी0पी0एफ0 पंजिका पर प्रत्येक वर्ष शिक्षकों द्वारा अवलोकन करने व हस्ताक्षर करने के विभागीय प्रावधान हैं परंतु पिछले काफी समय से यह कार्य अपूर्ण है जिससे शिक्षकों को जी0पी0एफ0 से अंतिम ऋण लेने तथा सेवा निवृत्ति के समय अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इससे उनके शोषण की संभावना बनती है।

उन्होंने बी0 आर0 सी0 कार्यालय पर एक तिथि निर्धारित कर जी0पी0 एफ0 पंजिका शिक्षकों को अवलोकित करा कर उनके हस्ताक्षर कराने के निर्देश की मांग उठाई,बीएसए कार्यालय के पत्रांक चयन वेतनमान/8326 34/2025 26



दिनांक 02.08.2025 के अनुपालन में पात्र सभी शिक्षकों का चयन वेतनमान ऑफलाइन माध्यम से अतिशीघ्र स्वीकृत कर आवश्यक कार्यवाही,ब्लॉक के समस्त जर्जर विद्यालय भवनों का मूल्यांकन कर नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कराकर नए भवनों का निर्माण,वीसीपीडी मुरादाबाद बी7/बी8 व्हाट्सएप ग्रुप पर सभी शिक्षकों का प्रशिक्षण एक ही समय पर होने,मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों के अवकाश ( चिकित्सा अवकाश , बाल्यकाल देखभाल अवकाश, अर्जित अवकाश )में त्रुटियां है,कुछ शिक्षकों की एनपीएस धनराशि प्रत्येक माह उनके वेतन से काटी जा रही परंतु वह धनराशि उनके प्रान खाते में प्रदर्शित नहीं हो रही है,सभी विद्यालयों में रसोइया अल्प मानदेय 2000 प्रति माह पर कार्यरत है।जिनका मानदेय ससमय प्रत्येक माह प्रदान किया जाए।ज्ञापन में सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आग्रह किया गया।

प्रति निधिमंडल में अध्यक्ष गौरव यादव,रामानंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छत्रसैन तनेजा महामंत्री, सुशांत चौहान संगठन मंत्री,संदीप पंवार संयुक्त महामंत्री,नितिन कुमार कोषाध्यक्ष,सुमित विश्नोई,शुभम विश्नोई, शिवम,विमल कुमार,गौरव सिंह, मंजीत सिंह,सुरेशपाल सिंह, सुरेंद्र यादव, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश प्रांतीय प्रतिनिधि अधिवेशन का किया आयोजन




**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय श्री वाल्मीकि नवयुवक संघ व उत्तर प्रदेश प्रांतीय प्रतिनिधि अधिवेशन का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह काका, मंडल अध्यक्ष डेनियल वाल्मीकि, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश संजय समर्पित राजेंद्र कुमार वाल्मीकि, प्रयागराज प्रदेश संगठन मंत्री चौधरी रोहित कुमार, द्वारा कटघर क्षेत्र के प्रभात मार्केट सग्गू पैलेस में उत्तर प्रदेश प्रांतीय प्रतिनिधि अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाल्मीकि समुख माला अर्पण कर दीप प्रवजल कर मुक्ति माता का जाप कर किया गया इसके साथ ही तृतीय पूर्ण तिथि महानायक वीर रणजीत सिंह काका,महिला आयोग की सदस्य गीता प्रधान, राष्ट्रीय संयोजक सुरेश राठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन मंडल संरक्षकअमित भारती, संजय सहदेव,दिलीप कुमार,सम्मुख माला अर्पण कर मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का माल धारण किया गया। कार्यक्रम में महानगर व भारत के कई राज्यों से आए बुद्धिजीवियों का भव्य स्वागत किया गया।

# विस में देखने को मिली जलशक्ति मंत्री व सपा विधायक के बीच जबरदस्त बहस

■ **बीवी की कसम देकर ट्रोल हुए जल शक्ति मंत्री**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** यूपी विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान जोरदार बहस देखने को मिली। सदन में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान आमने-सामने आ गए। जैसे ही सपा विधायक ने मंत्री के विभाग में काम ना होने का आरोप लगाया। विधायक फहीम इरफान ने आरोप लगाते हुए कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत गांवों में आधे-अधूरे काम हुए हैं। बहुत सारे गांवों में पानी नहीं आ रहा है, यहां-वहां पानी की टंकियां गिर रही हैं। मंत्री ने जो जवाब दिए, वो झूठे हैं। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान के आरोप सुनकर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह झल्ला गए। वह सीट से उठे और बोले- विधायक अपनी बीवी की कसम खा लें कि गांव में पानी नहीं आ रहा है। जिसपर फहीम इरफान से कहा कि बिल्कुल नहीं आ रहा, आप पश्चिमी



यूपी का कोई भी जिला चुन लें, वहां गांव में पानी नहीं आ रहा होगा, अगर ऐसा नहीं हुआ तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

इसके बाद सोशल मीडिया पर जल शक्ति मंत्री को काफी ट्रोल होना पड़ा। यूजरों ने जबाव में कहा कि क्या विधानसभा में सवाल पूछने के लिए अब विधायकों को अपनी बीबी की कसम खानी पड़ेगी? तो विभागीय मंत्री किसकी कसम खाकर जवाब देंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर छजलैट में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल छजलैट द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जन-जन के हाथों में लहराता तिरंगा, देशभक्ति के नारों से गूंजती गलियां और मातृभूमि के प्रति उमड़ता उत्साह ख्र यह यात्रा एकता, गर्व और देशप्रेम का अद्वितीय उदाहरण बनी। इससे पहले कुरी रवाना गांव के बलिदानी जयकुमार सिंह के परिवार को जिला अध्यक्ष आकाश पाल और पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा मुरादाबाद आक. ाश कुमार पाल, पूर्व विधायक काँठ राजेश कुमार सिंह चुन्नू ,मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी , कार्यक्रम संयोजक तनुष चौधरी, मंडल प्रभारी हुकम सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा विक्रांत सिंह एवं जिला मंत्री सुमित दिवाकर,मंडल महामंत्री



विशेश्वर प्रसाद शर्मा एवं संजीव कुमार, जितेंद्र सिंह, अनिल कुमार, उधम सिंह, भूदेव सिंह, अखिलेश विश्नोई, पुष्पेंद्र सिंह,परम सिंह, पवन कुमार, रामकिशोर सिंह, ज्योति देवी, सविता, विक्रम सिंह, सोमवीर सिंह,ब्रह्मपाल सिंह, जयपाल सिंह, आदि सैकड़ों युवा कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान शुरू

**बिलारी।** नगर के व्यापारी भूषण चावला के प्रतिष्ठान पर तिरंगा सौंप कर घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हुई जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बिलारी के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव रहे। मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी भूषण चावला के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रघुराज यादव पंजाबी समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र चुग भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र शर्मा धर्मेंद्र गांधी आदि ने व्यापारियों को तिरंगा सौंप कर अभियान की शुरुआत की यहां बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत जगह-जगह यात्राएं निकाली जा रही हैं जिससे प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्र भावना जागृत हो नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के नेतृत्व में चलाए गये अभियान में मुख्य रूप से सुरेंद्र शर्मा धर्मेंद्र गांधी सुरेंद्र चुग युवा मोर्चे के नगर अध्यक्ष निखिल पांडे शेखर चौहान अनिल कुमार निहाल सिंह राज. कुमार सागर सुरजीत चौधरी बूथ अध्यक्ष नितिन पांडे विशाल प्रजापति छविराज चावला आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक



**कांठ।** आगामी त्योहारों को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने सभी से त्योहार मिलजुल कर मनाए जाने की अपील की उन्होंने कहा कि कांठ की पहचान गंगा जमुनी तहजीब से जानी जाती है इसलिए इस परंपरा का निर्वाह करते हुए सभी पर्व शांति पूर्वक मनाए जाने चाहिए बैठक में नगर के लोगों ने कार्यक्रमो के दौरान आने वाली समस्याएं भी रखी और अधिकारियों को सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर काफी लोग मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हार्वर्ड कान्वेंट में प्रतियोगिताओं का आयोजन




**कांठ।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए ष्हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगाष अभियान के अंतर्गत विद्यालय द्वारा आयोजित नेशनल क्विज एवं रंगोली मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नेशनल क्विज में ध्यान चंद हाउस एवं रंगोली प्रतियोगिता में टैगोर हाउस विजयी रहे। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को गर्व से भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करके एकता देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# इंडियन इंस्टीटयूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआई आरएफ) में हासिल की उल्लखनीय उपलब्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय ने फार्मेसी श्रेणी में ''इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ)- 2025'' में प्रदेश में तीसरा, जोन में 9वां और देश में 24वां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि से आईएफटीएम विश्वविद्यालय की गणना उत्तर प्रदेश राज्य के शीर्ष संस्थानों में होना सुनिश्चित हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एवं उद्योग-अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में की गई निरंतर प्रगति को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा नैक में 'ए' ग्रेड प्राप्त करने के साथ ही एनआईआरएफ फार्मेसी श्रेणी रैंकिंग में भी अपना परचम लहराया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि आईआईआरएफ





रैंकिंग में विश्वविद्यालय का विशिष्ट प्रदर्शन हमारे संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान क्षमता और छात्र-छात्राओं के समग्र विकास पर केंद्रित प्रयासों का परिणाम है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि का श्रेय सभी शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों तथा नियोक्ताओं को दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य राष्ट्र को ऐसे योग्य, नैतिक और नवाचारी पेशेवर प्रदान करना है, जो वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों। वहीं फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने बताया कि आईआईआरएफ रैंकिंग शिक्षण, अनुसंधान, प्लेसमेंट, बुनियादी सुविधाओं, उद्योग संबंधों तथा वैश्विक प्रभाव जैसे मानकों पर आधारित होती है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय द्वारा शिक्षा और शोध के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय ने अध्यापन, गुणवत्तापरक शोध, प्रोजेक्ट्स, कंसल्टेंसी, पेटेंट, पब्लिकेशन और नवाचार के क्षेत्र तथा नवीनतम शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से अपनी पहचान बनाई है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के बीच हर्ष का माहौल व्याप्त है।

# 21 दिन के भीतर बनेंगे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र

**बिलारी।** जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सुस्पष्ट आख्या को लेकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत 21 दिन के भीतर बनाया जाएगा। समुचित जांच के बाद ही प्रमाण पत्र को जारी किया जाएगा। जिससे संदिग्ध फर्जी कूट रचित प्रमाण पत्रों पर अंकुश लग सकेगा। एसडीएम बिलारी ने खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत कुंदरकी, महमदपुर माफी को पत्र प्रेषित करके कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए कुल 21 दिन का समय निर्धारित किया गया है। जिसके चलते एसडीएम कार्यालय पर आने वाले आवेदन रजिस्टर में दर्ज करके ही ब्लॉक, नगर पालिका, नगर पंचायत को प्राप्त कराए जाएंगे। इसके लिए एक दिन समय सीमा है। इसके बाद 7 दिन के भीतर रजिस्टर प्रविष्टि कर जांच आख्या भेजी जाएगी। एसडीएम कार्यालय पहुंचने पर जांच आख्या आरसीसीएमएस पोर्टल पर प्रमाण पत्र जारी किए जाने का आदेश 7 दिन के भीतर पारित किया जाएगा। इसके बाद खंड विकास अधिकारी, नगर पालिका परिषद,नगर पंचायत आदि आरसीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज आद. ेशों की प्राप्त पत्रावलियों के विवरण को रजिस्टर में दर्ज करेंगे और संबंधित निकाय द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा । कुल 21 दिन के भीतर प्रक्रिया पूरी की जानी है।



# मुनीर की धमकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सीखा। वह बराबर उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नजरिया जिस तरह पाकिस्तान के प्रति पिछले कुछ दिनों में दिखाई दिया है विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से। बहुत संभव है उसने भी पाकिस्तान के दिमागी संतुलन को बिगाड़ने का काम किया हो। इस समय पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर अमेरिकी दौरे पर हैं। यह पिछले दो महीनों में उनका दूसरा अमेरिकी दौरा है। जाहिर है, अमेरिका की इस तरह आवभगत से वह गदगद होंगे ही और होते भी दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने फ्लोरिडा के टाम्पा में पाक प्रवासियों को जिस अंदाज में संबोधित किया, वह उनकी उद्दंडता ही कही जाएगी। मुनीर का कहना था कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर किसी तरह की आंच आती है, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब तो देगा ही, साथ ही वह परमाणु हमला करने से भी नहीं हिचकेगा। उन्होंने सीधे तौर से भारत को यह भी कहकर धमकी दी कि अगर भारत ने पाक की ओर जल प्रवाह को बाधित किया तो इस्लामाबाद भारतीय बुनियादी ढांचे को नष्ट कर देगा। अब तो खबर यह भी आ रही है कि पाकिस्तान में भारतीय राजनयिकों को परेशान किया जा रहा है। हद तो यह है कि भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई तक बंद कर दी गई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को निर्देश दिए गए हैं कि भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

हालांकि भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दिल्ली में तैनात पाक राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयरस्ट्राइक के बाद भी पाक अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। यह सीधे तौर से वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961 का उल्लंघन है। कन्वेंशन का आर्टिकल 25 कहता है कि मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। निश्चित रूप से पाक में आए एकाएक बदलाव से यह संदेह पैदा होता है कि इसके पीछे अमेरिका अपनी चालें चल रहा है। यह कोई मामूली बात नहीं है कि कोई किसी देश की धरती से किसी अन्य देश को ललकारे और मेजबान देश होने के नाते वह कोई आपत्ति दर्ज न करे। आखिर अमेरिका की धरती से कोई भारत जैसे देश को ललकारे यह उसकी सहमति के बिना कैसे संभव हो सकता है। यूं भी अमेरिका का रुख जिस तरह भारत के प्रति टैरिफ वह अन्य आवर्जन जैसे मामलों को लेकर रहा है, उससे भी यही संदेह गहराता है कि पाक को उकसाया जा रहा है और पाकिस्तान अमेरिका की निकटता पाने के चक्कर में वह भारत जैसे बड़े पड़ोसी से टकराव के रास्ते की तरफ जा रहा है। बिना सोचे-समझे यह रास्ता उसके लिए विनाशकारी हो सकता है। निसंदेह यह समय भारत की राजनीति व कूटनीति के लिए बेहद परीक्षा की घड़ी है और ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

## गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार चुप क्यों



इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की जानी चाहिए, जिनमें 18,430 बच्चे शामिल हैं, भारत सरकार फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है, गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं, गाजा में अल जजीरा के पांच पत्रकारों की टारगेट किलिंग भी एक जघन्य अपराध है, ऐसे हालात में चुप्पी के जरिये ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है, भारत सरकार तब भी चुप है, जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा**
**कांग्रेस महासचिव**

# गायब होती नौकाओं व लुप्त होते विमान का कारण है बरमूडा ट्रायंगल



बर्मुडा ट्रायंगल यह नाम सुनते ही दिमाग में रहस्य, गायब होती नौकाएं और विमान, और समुद्र के नीचे छुपे अनजाने खतरों की तस्वीरें उभर आती हैं। राजनैतिक नक्शे पर यह कोई आधिकारिक क्षेत्र नहीं है, पर लोकप्रिय संस्कृति ने अटलांटिक महासागर के उस हिस्से को जो मियामी, बरमूडा और प्यूर्टो रिको के बीच बनता है। एक किस्म की रहस्यमई काली छाया बना दी है। कई दशकों से पथिकों, वैज्ञानिकों, पत्रकारों और कथाकारों ने यहां हुई गुमशुदगियों को जोड़कर एक बड़ी कहानी रची है पर क्या यह कहानी वास्तविक घटनाओं पर आधारित है, या वह केवल अफवाहों, त्रुटिपूर्ण आंकड़ों और मानव कथानक की देन है? इतिहास, साक्ष्य और आधुनिक वैज्ञानिकता की रोशनी में इसे समझने का प्रयास यहां प्रस्तुत है।

बर्मुडा ट्रायंगल का रहस्य मुख्यत: कुछ मशहूर घटनाओं से आबाद हुआ। सबसे चर्चित घटनाओं में 1918 में गायब हुई यूएसएस साइक्लॉप्स और 1945 के फ्लाइट 19 का मामिला आता है। पांच प्रशिक्षण बमवर्षक विमान जो सम्पर्क खोने के बाद कहीं गायब हो गए थे। इन घटनाओं ने समाचार पत्रों और बाद में पुस्तकों व टीवी फिल्मों के लिए विषय बनाया और लोगों में भय व जिज्ञासा को हवा दी। इन मामलों के चारों ओर समय के साथ अनेक किस्से और संभावित स्पष्टीकरण जुड़ते गए। जर्मन उपमर्झ U-boat हमले से लेकर समुद्री विशालकाय जीवों और अलौकिक शक्तियों तक। पर जब ऐतिहासिक अभिलेखों और आधिकारिक जांचों को देखा जाता है तो कई सुराग साधारण और तर्कसंगत कारणों की ओर इंगित करते हैं जैसे खराब मौसम, नेविगेशन त्रुटियां, लोडिंग त्रुटि, या तकनीकी खराबी।

रहस्य को बढ़ाने में असल में सबसे बड़ा योगदान मिला उस मीडिया-युग ने, जिसमें सन 1950-60 के दशक से लेखक और पत्रकारों ने व्यक्तिगत कहानियों और भौ-डरावनी व्याख्याओं को जोर-शोर से पेश किया। 1960 के दशक में प्रकाशित कुछ लेखों और किताबों ने घटनाओं को जोड़कर एक ऐसा ढांचा बनाया, जिसमें अनुशासित आंकड़ों का स्थान कम और रोमांचक दावे अधिक दिखे। इन संस्मरणों और रिपोर्टों ने त्रिकोण को एक मिथकीय स्थान बना दिया। जहां प्राकृतिक घटनाओं को कभी-कभी अतिशयोक्ति के साथ जोड़ा गया। इस प्रक्रिया में छोटे-छोटे हादसों, जिनके पीछे सामान्य कारण होते हैं, को भी असाधारण बताया गया।

वैज्ञानिक और तकनीकी स्तर पर भी कई संभावित व्याख्याएं दी गईं। इनमें से एक चर्चित सिद्धांत है समुद्र के तल से निकलने वाले मेथेन गैस के बुलबुले जो बड़े पैमाने पर पानी की सतह पर आएं तो पानी की घनत्व घटने से जहाज के डूबने जैसी घटना पैदा कर सकते हैं। कुछ शोध उदाहरण के तौर पर आर्कटिक में पाए गए गैस क्रेटर्स को उद्धृत करते हैं कि अचानक निकलने वाले गैस के बुलबुले जलयान के लिए खतरनाक हो सकते हैं पर यह स्पष्टीकरण कुछ सीमाओं के साथ आता है। ऐसी घटनाओं के प्रमाण जहां मेथेन बुलबुले ने बड़े जहाजों को अचानक डुबो दिया हो, अपेक्षाकृत कम दर्ज होते हैं और वे बर्मुडा क्षेत्र से सीधे जुड़े ठोस सबूत नहीं देते। इसी तरह अनुमान लगाए गए हैं कि अचानक बन जाने वाली विशाल लहरें, अरक्टिक और नॉर्थ अटलांटिक में आने वाली शक्तिशाली समुद्री तूफान-प्रवृत्तियां, तथा गलती से हुए नेविगेशन और मानवीय भूलें भी इन गुमशुदगियों के कारण बने होंगे।

सरकारी और विशेषज्ञ संस्थाएं भी इस विषय पर आईं और उनकी टिप्पणियां इस प्रकार रही। अमेरिकन नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन तथा यूएस नेवी ने बार-बार कहा है कि बर्मुडा ट्रायंगल में जहाजों और विमानों के गायब होने की सामान्य दर किसी भी अन्य बड़े समुद्री इलाके से अधिक नहीं है। मौसम, समुद्री धाराएं जैसे गल्फ स्ट्रीम, मानवीय भूल और सामान्य समुद्री खतरों को मुख्य कारण माना जाना चाहिए। विशेषज्ञों का तर्क है कि जब भी कोई समुद्री दुर्घटना होती है तो मनुष्य रहस्यमय व्याख्याओं की ओर आकर्षित होता है और यह आकर्षण समय के साथ मिथक का रूप ले लेता है। हालांकि कुछ मैडिकल और भौ-गर्भीय सिद्धांत रोचक हैं, पर उनका प्रमाणिक समर्थन सीमित और परिस्थितिजन्य है।

बीसवीं सदी के मध्य से पहले भी इसी अटलांटिक क्षेत्र में कई जहाज और हवाई-जहाज लापता हुए, पर उस समय सूचना प्रसार सीमित था और रिपोर्टें अक्सर अधूरी थीं। उदाहरण के लिए यूएसएस साइक्लॉप्स एक बड़ा ईंधन-वाहक था जो 1918 में लाखों टन माल लेकर गायब हुआ। उस समय युद्ध के माहौल और सीमित रेडियो सम्पर्क ने खोज-खबर को कठिन बना दिया। फ्लाइट 19 की घटना भी उसी प्रकार की त्रासदियों में गिनी जाती है। समुद्र में उड़ान भरते हुए नेविगेशन गलती, दिन-रात और मौसम का मिश्रण, साथ ही प्रशिक्षण के दौरान अनुभवी पुरोहितों की अनुपस्थिति, यह सब मिलकर एक बड़ा फलक प्रस्तुत करते हैं। ऐसे कई केसों में आज भी कंक्रीट सबूत नहीं मिला, पर मौलिक कारणों का दायरा काफी हद तक साधारण प्राकृतिक और मानवीय कारणों में आ जाता है।

बीमा और आर्थिक दृष्टि से भी इस क्षेत्र का अध्ययन रोचक है। कई लोगों का तर्क है कि अगर बर्मुडा ट्रायंगल सच में विशेष खतरों का केंद्र होता, तो बीमा प्रीमियम अन्य समुद्री मार्गों से भिन्न होते। लॉयस ऑफ लंदन जैसे बीमा बाजारों के वक्तव्यों से यह पता चलता है कि बीमा कंपनियां इस क्षेत्र को सामान्य समुद्री रास्तों के समान ही मानती हैं यानी खास ऊंची प्रीमियमों या अलग तरह के जोखिम मूल्यांकन का समर्थन नहीं मिलता। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि छोटे निजी नौकाओं या विमानों के खोने की रिपोर्टें अक्सर आधिकारिक आंकड़ों में आए बिना ही फैल जाती हैं, जिससे गलत अनुमान लगना आसान हो जाता है।

जहां तक सांख्यिकी की बात है, कई स्वतंत्र विश्लेषणों ने दर्शाया है कि यदि आप समान अवधि और यातायात वाले किसी भी अन्य बड़े समुद्री भाग की तुलना करें तो बर्मुडा ट्रायंगल की घटनाओं की संख्या अप्रत्याशित रूप से अधिक नहीं है। शब्द-निर्माता और पत्रकारों द्वारा चुने गए कुछ मामलों की सूची को जोड़कर एक विशेष पैटर्न दिखाया गया है, पर समग्र आंकड़ों में वह अनिवार्यता नहीं मिलती जो इस स्थान को विशेष खतरनाक घोषित करे। इसके अलावा, समुद्री इतिहास की जांच में अक्सर पता चलता है कि प्रारम्भिक रिपोर्टें अतिरंजित होती हैं, या बाद में पुष्ट होती-नहीं-हुई सूचनाओं पर आधारित होती हैं। साइंस-ड्रिवन स्पष्टीकरणों में से एक और प्रेरक विचार है चुंबकीय विचलन के सिद्धांत का। पुराने जमाने के द्वारा बनाई गई कुछ मानचित्रों और नेविगेशन माध्यमों के आधार पर यह धारणा बनी कि यहां कंपास अनियमित रूप से चलता है और नेविगेशन गलती का कारण बनता है। आधुनिक नेविगेशन टेक्नॉलॉजी जैसे GPS और उन्नत इनर्शियल नेविगेशन ने इस दावे को कमजोर कर दिया है। वास्तविकता यह है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र स्थान-विशेष पर कुछ भिन्न होता है, पर उसके कारण विमान या जहाजों का स्वत: ही लापता होना सिद्ध नहीं होता। सामान्यत: नेविगेशन त्रुटियां मानव निर्णय और उपकरणों की सीमाओं से जुड़ी रहती हैं न कि किसी एक रहस्यमई चुंबकीय जाम से। बर्मुडा ट्रायंगल का प्रभाव सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक भी रहा है। किताबें, डॉक्युमेंट्री, फिल्मों और टीवी शोज ने इस क्षेत्र को रहस्य और रोमांच का पर्याय बना दिया। लोग अज्ञात पर आकर्षित होते हैं और ऐसी कहानियां जिनमें विज्ञान-सीमाएं लांघती हैं, आसानी से व्याप्त हो जाती हैं। साथ ही, रहस्यवाद के चाहने वालों और षड्यंत्र सिद्धांतकारों ने अलौकिक, विदेशी या गुप्त सैन्य तकनीक तक की व्याख्याएं दीं, जो मनोरंजक होने के साथ-साथ अक्सर प्रमाणों से दूर होती हैं। इन कथाओं का समाज पर प्रभाव यह है कि वे वास्तविक समुद्री खतरों और सुरक्षा उपायों पर ध्यान कम कर देती हैं जबकि भय और किवदंती को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान और इतिहास की कसौटी पर यदि निष्पक्ष निर्णय लें तो बर्मुडा ट्रायंगल को एक यथार्थवादी अलौकिक काले छेद के रूप में मानने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। साक्ष्य बताते हैं कि अधिकतर दुर्घटनाएं प्राकृतिक कारणों, खराब मौसम, मानवीय भूल, नौवहन में त्रुटियां और कभी-कभी तकनीकी विफलताओं की वजह से हुई हैं।

कुछ घटनाएं आज भी अनसुलझी हैं, पर अनसुलझापन का अर्थ यह नहीं कि किन्हीं अलौकिक तत्वों को बुलाना चाहिए। कई बार साक्ष्य न होने का मतलब सिर्फ इतनी देर तक कमीशन की जांच और रख-रखाव के अभाव की स्थितियां भी हो सकती हैं। विशेषज्ञों द्वारा की गई विस्तृत जांच यह संकेत करते हैं कि बर्मूडा त्रिकोण का रहस्य किसी नए भौतिक नियम या अज्ञात शक्ति का प्रमाण नहीं देता।

# आत्मरक्षा के लिए मौत का स्वांग

**भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवतः इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।**

जीवों में अपनी सुरक्षा के लिए कई प्रकार के व्यवहार देखे जाते हैं। यह परिस्थिति और खतरे के प्रकार पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का व्यवहार अपनाना उन्हें अपने प्रतिद्वंदी से सुरक्षा दे सकता है। कई बार सुरक्षा के लिए नकलपट्टी का सहारा लिया जाता है जिसमें जीव किसी अन्य जीव, पत्ती, पेड़ की छाल या लकड़ी जैसा रूप धर लेते हैं। या कुछ जीवों में यह व्यवहार सुरक्षात्मक आवरण के रूप में हो सकता हैय वे अपने शरीर को एक आवरण या खोल से ढंक लेते हैं, जैसे तितलियां ककून बनाकर।

वहीं, कुछ जीवों द्वारा अपने शरीर से कुछ ऐसे रसायनों का स्राव किया जाता है, जो उनके परिवेश में घुल-मिल जाएं और शिकारी जीवों से उनकी रक्षा हो सके, लेकिन कभी-कभी सुरक्षा से ज्यादा प्रतिद्वंद्वी को चेतावनी देना भी एक कारगर तरीका हो सकता है। इसमें मुख्यत: अपने प्रतिद्वंदी से अपने क्षेत्र की रक्षा करना या अपने आप को अधिक शक्तिशाली दिखाना हो सकता है। मौत का स्वांग करना भी रक्षात्मक व्यवहार का एक रूप है, जिसमें कोई जीव मृत अवस्था की तरह जड़ हो जाता है ताकि शिकारी को चकमा देकर उससे बचा जा सके। मृत्यु का स्वांग की यह रणनीति जंतुओं के विभिन्न समूहों में देखी गई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, मछलियां शामिल हैं। खरगोशों, सरीसृप, उभयचर और आर्थोपोड में यह व्यवहार थेनेटोसिस लंबे समय से ज्ञात है। कुछ भारतीय सांपों, जैसे लाइकोडॉन औलिकस, जेनोक्रोफिस पिस्केटर, कोलोग्नाथस रेडियाटस और लाइकोडॉन कैपुसिनस में भी मृत होने का व्यवहार देखा गया है।



खतरा होने पर मरने का स्वांग करना एक अच्छा सुरक्षा उपाय हो सकता है, लेकिन कई मामलों में यह भी देखा गया है कि शिकार होने वाले जीवों के अलावा शिकारी जीव भी इस रणनीति को अपनाते हैं ताकि अपना शिकार आसानी से पकड़ सकें। हाल के वर्षों में कुछ सांपो में यह व्यवहार देखा गया है।

भेड़िया सांप (लाइकोडॉन औलिकस) कोल्यूब्रिडी कुल का सदस्य है। इसका नाम संभवत: इसके दांतों के कारण पड़ा है। यह सांप अपने आसपास खतरा होने पर शरीर को कुंडलित कर लेता है और मरे समान हो जाता है। इस स्थिति में हिलाने-डुलाने पर भी यह कोई विरोध या हरकत नहीं करता।

एक अध्ययन के दौरान जब यह देखने की कोशिश की गई कि मृत समान जड़ स्थिति में यदि इसे अकेला छोड़ दिया जाए तो वह कितने समय तक जड़ बना रहता है। देखा गया कि वह अपने इस व्यवहार में पहले परिवेश को भांपता है। यदि परिस्थिति सामान्य होते दिखती है तो लगभग दो से तीन मिनट बाद वह अपने सिर को मूल स्थिति में वापस ले आता है और जीवित दिखने लगता है। यह सांप शिकारी जीवों या मनुष्यों से सामना होने पर तो यह रणनीति अपनाता ही है, जिसमें शिकारी इसे मरा हुआ समझकर छोड़ देता है, लेकिन कई बार भेड़िया सांप ऐसा करके शिकार को धोखे से पकड़ने का काम भी करता है। मरा जानकर शिकार इसके पास आ सकते हैं, और ऐसे में शिकार को पकड़ने में कम मेहनत और ऊर्जा खर्च होती है।

**...मनोहर पवार**
**( स्रोत फीचर्स )**

# जीते जी और मौत के बाद भी जीवन बांटने का संकल्प

**वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे पर विशेष**

**श्वेता गोयल**



अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने, अंगदाताओं और लाभार्थियों को सम्मानित करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 13 अगस्त को 'विश्व अंगदान दिवस' मनाया जाता है। अंगदान करना किसी को नया जीवन देने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक माना जाता है। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में अंगदान की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्व अंगदान दिवस की शुरुआत 1954 में प्रथम सफल अंग प्रत्यारोपण के सम्मान में तथा अंगदान के जीवनरक्षक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। माना जाता है कि दुनिया में पहली बार अंगदान वर्ष 1954 में किया गया था। उस समय रोनाल्ड ली हेरिक ने अपने भाई को अपनी एक किडनी दान कर उसे नया जीवनदान दिया था। वहीं, डा. जोसेफ मरे ने पहली बार किडनी ट्रांसप्लांट किया था। इस मानवीय कार्य हेतु वर्ष 1990 में डा. जोसेफ मरे को फिजियोलॉजी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

अंगदान ऐसे व्यक्ति को अंग के रूप में दिया जाने वाला अनमोल जीवनदाई उपहार है, जिसके किसी अंग की बीमारी अंतिम अवस्था में हो और जिसे ट्रांसप्लांट (प्रत्यारोपण) की जरूरत हो। जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे ऑर्गन डोनर कहा जाता है जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को रेसिपिएंट कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समुदायों को अंग दाताओं की तत्काल आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के साथ दान प्रक्रिया के बारे में मिथकों और गलत धारणाओं को दूर करता है, जीवन बचाने के लिए अंग दाताओं की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और विश्व में अंगों की कमी के जवाब में अंगदान को एक संस्कृति के रूप में प्रोत्साहित करता है। यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जो जीवन बचाने, समझ को बढ़ावा देने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए समर्पित है, जहां अंगदान के माध्यम से सार्वभौमिक रूप से जीवन का उपहार अपनाया जाता है। दरअसल मृत्यु उपरांत व्यक्ति के स्वस्थ अंगों से कई लोगों को अभयदान प्राप्त होता है।

अंगदानकर्ता किसी भी उम्र और पृष्ठभूमि के व्यक्ति हो सकते हैं। हालांकि अंगदान करने की पात्रता मृत्यु के समय या कुछ मामलों में किडनी अथवा आंशिक लीवर जैसे विशिष्ट अंगों के लिए जीवित रहते हुए निर्धारित की जाती है। अंग दाता बनने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने राज्य अथवा राष्ट्रीय अंग दाता रजिस्ट्री के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करा सकता है, अपने ड्राइविंग लाइसेंस पर अपनी इच्छा दर्शा सकता है या अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने निर्णय पर



चर्चा कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसकी इच्छाओं को जानकर उनका सम्मान किया जाए। आंख और टिश्यू की मदद से एक अंग दाता करीब 7 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया के लिए अंग दाता को जीते जी अंगदान की साइट पर रजिस्टर करना होता है ताकि मृत्यु के बाद परिवारजन उसके अंगों और ऊतकों को दान करने की सहमति दे सकें। डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है, जिनमें लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और स्किन, यूट्रस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिश्यूज जैसे वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स आदि शामिल हैं।

वैसे अंगदान को दो महत्वपूर्ण प्रकारों में विभाजित किया गया है, जीवित दाता और शव दाता। शव दानकर्ता गुर्दे, जिगर, फेफड़े, दिल, अग्नाशय, आंत, हाथ और चेहरा दान दे सकते हैं जबकि जीवित दाता अपना एक गुर्दा, एक फेफड़ा, यकृत का एक भाग, अग्नाशय का एक हिस्सा, आंत का एक हिस्सा, कॉर्निया दे सकते हैं। जब कोई जीवित व्यक्ति अपना कोई अंग या अंग का कोई हिस्सा दान करता है तो उसे जीवित दान कहा जाता है। जीवित दान के सबसे आम उदाहरणों में किडनी दान, लिवर दान, रक्त दान आदि शामिल हैं। कोई व्यक्ति अंगदान तभी कर सकता है, जब वह चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ हो और उसका रक्त समूह तथा ऊतक उस व्यक्ति से मेल खाते हों, जिसे प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। दूसरी ओर, जब किसी व्यक्ति के अंगों को उसकी मृत्यु के बाद दान किया जाता है तो इसे शव या रोगग्रस्त दान कहा जाता है। ऐसे मामलों में अंगों को जल्द से जल्द निकाल दिया जाना चाहिए।

जो व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अंगदान करना चाहता है, उसे अंगदान के लिए पंजीकरण कराना होता है। किसी अंग दाता की मृत्यु कैसे होती है, यह भी यह तय करने में एक महत्वपूर्ण कारक है कि उसके कौन से अंगदान किए जा सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार मस्तिष्क मृत्यु की स्थिति में हृदय, फेफड़े, अग्नाशय, गुर्दा, यकृत इत्यादि सभी महत्वपूर्ण अंगों का दान किया जा सकता है। प्राकृतिक मृत्यु की स्थिति में कॉर्निया, अस्थि मज्जा, हृदय वाल्व आदि केवल ऊतक दान ही संभव है क्योंकि मृत्यु के बाद ऑक्सीजन की आपूर्ति की कमी के कारण महत्वपूर्ण अंग मर जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक किसी व्यक्ति के ऊतक दान की शुरुआत उसकी मृत्यु के 24 घंटे के भीतर हो जानी चाहिए। दान किए गए अंगों के विपरीत, दान किए गए ऊतकों को तैयार करके लंबे समय तक रखा जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति अपना अंगदान करके जीवित अंग दाता बन सकता है।

दान किए गए अंग किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। हालांकि ट्रांसप्लांटेशन तभी संभव है, जब कोई व्यक्ति अपना ऑर्गन किसी को डोनेट करेगा। जब आप अपने शरीर के किसी अंग का दान करते हैं तो उसे पाने वाले को लंबा जीवन जीने में मदद मिलती है। रक्त और प्लेटलेट्स का दान तो कोई भी स्वस्थ व्यक्ति कर सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रति वर्ष अधिकतम 6 बार रक्तदान कर सकता है और साल में 24 बार तक प्लेटलेट्स दान कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक ने भारतीय राजनयिकों के घरों की गैस सप्लाई रोकी

## रिपोर्ट के मुताबिक मिनरल वॉटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूज पेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई, लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश

पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय राजनयिकों को इसी तरह परेशान किया था। उस समय, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसा. रिया, उप उच्चायुक्त जेपी सिंह और नौसेना सलाहकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था। इन घटनाओं में लगातार पीछा करना,

### यह कदम पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्साः रिपोर्ट

सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ करना और फर्जी फोन कॉल करना जैसी हरकतें शामिल थीं। इस्लामाबाद में भारतीय राजनयिकों को परेशान करने की 19 घटनाएं हुईं। राजनयिकों के उत्पीड़न में इस बढ़ोतरी के बाद भारतीय उच्चायोग ने यह मुद्दा पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया था। गौर करने वाली बात यह है कि 2018 में भी दोनों देशों में ऐसे मामले हुए थे, जिसके बाद दोनों ने 1961 के 'वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस' का पालन करने का वादा किया था। पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं। पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया था।

## मस्क ने दी एप्पल को चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी कारोबारी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने दिग्गज टेक कंपनी एप्पल पर बाजार प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह मामला एक्सएआई के स्वामित्व वाले चैटबोट ग्रोक से जुड़ा है। एक्स पर उपलब्ध फीचर ग्रोक एक एआई एसिस्टेंट है जो उपयोगकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दे सकता है, टेक्स्ट तथा तस्वीरें जेनरेट करने में सक्षम है और संवाद भी कर सकता है। मस्क ने एक्स पर पोस्ट की एक सीरीज में ग्रोक की रैंकिंग को लेकर बाजार प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के लिए एप्पल की आलोचना की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि एप्पल इस तरह से काम कर रहा है कि ऐप स्टोर पर ओपन एआई के अलावा किसी दूसरी एआई कंपनी का शीर्ष पर पहुंचना असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट रूप से बाजार प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वह तत्काल कानूनी कार्रवाई करेंगे। मस्क का यह पोस्ट हाल ही में बाजार में पेश जीपीटी-5 के प्रति उनकी असहजता भी दर्शाता है।



प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए राष्ट्रीय ध्वज खरीदता युवक।

## अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके सहयोगी संगठन मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफएफटीओ) घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार देर रात इसकी जानकारी दी। मार्को रुबियो ने बयान में लिखा, बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी

### कहाः बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में कई हमलों की जिम्मेदारी ली, मुनीर के यूएस दौरे के बीच ऐलान

नोटिफिकेशन। इसमें बताया गया है कि बीएलए पर कार्रवाई इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट की धारा 219 और एग्जीक्यूटिव आर्डर 13224 के तहत की गई है। अमेरिका की ओर से यह ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका दौरे पर हैं। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर एक बार फिर से अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर की यह डेढ़ महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा है।

# भारत पर टैरिफ रूस के लिए झटकाः ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति इस हफ्ते पुतिन से मिलेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ को मास्को के लिए झटका बताया है। व्हाइट हाउस से बयान देते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमे. रिका जब रूस से तेल खरीदने वाले उसके सबसे बड़े (चीन) या दूसरे सबसे बड़े (भारत) तेल खरीदार पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है, तो यह रूस के लिए बड़ा झटका है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिकी टैरिफ ने रूस की अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है। ट्रम्प यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर इस हफ्ते पुतिन से मुलाकात करने वाले हैं। इस पर उन्होंने कहा हम पुतिन से मुलाकात करेंगे, और बैठक के पहले दो मिनट में ही मुझे पता चल जाएगा कि सौदा हो सकता है या नहीं। पुतिन से मुलाकात से



### कहाः डील होगी या नहीं 2 मिनट में पता चल जाएगा

पहले जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से बात करेंगे ट्रम्प ने कहा है कि वे पुतिन से मिलने से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं यूरा. पीय नेताओं से बात करूंगा, जेलेंस्की से भी चर्चा होगी। सबकी राय लेकर मैं पुतिन से मुलाकात में पूरी तैयारी के साथ जाऊंगा और देखेंगे क्या होता है।

### अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारतीय स्टील, एल्युमिनियम और कई प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत टैरिफ (इम्पोर्ट डयूटी) लगाया है। एक रिपोर्ट के मुता. बिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो यह अमे. रिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ पर भारत का पहला औपचारिक पलटवार होगा। ट्रम्प ने 31 जुलाई को सभी भारतीय प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद फिर 6 अगस्त को रूस से आयल इम्पोर्ट को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत का एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था।

## बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया जाएः कनाडाई सांसद

**ओटावा।** कनाडाई सांसद फ्रैंक कैपुटो ने प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी लिबरल पार्टी से लारेंस बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की है। कैपुटो ने कहाः यह गैंग समुदायों को डरा रहा है। अब समय है कि सरकार कार्रवाई करे। कैपुटो पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर हैं, उन्होंने अपने सहयोगी मंत्री गैरी आनंदसंगरी को पत्र लिखकर बताया कि बिश्नोई का आपराधिक साम्राज्य हत्याएं, और अवैध गति. विधियां करता है। उन्होंने कहा कि यह गैंग राजनीतिक, धार्मिक और वैचारिक कारणों से हिंसा फैलाता है। कैपुटो ने अपने पत्र में लिखा कि बिश्नोई गैंग की गतिविधियां इसे आतंकी संगठन घोषित करने का आधार देती हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इसे आतंकी संगठन की सूची में डालें ताकि पुलिस और सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए जरूरी संसाधन मिल सकें।

# गाजा में नरसंहार पर भारत सरकार खामोशः प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गाजा में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की और इजरायल पर 'नरसंहार' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इजरायल ने गाजा में 60 हजार से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिनमें 18430 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने भारत सरकार पर आरोप लगाया कि वह फलस्तीनी लोगों की पीड़ा पर चुप है, जबकि इजरायल नागरिकों पर तबाही बरपा रहा है। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी के सवालों के जवाब में कहा कि यह गलत बयान है। वहां आम

### कांग्रेस नेता ने कहाः इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा

लोगों के मौत की वजह हमास है। वायनाड सांसद प्रियंका ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि गाजा में सैकड़ों लोगों की मौत भूख से हुई है और लाखों लोग भुखमरी के खतरे में हैं। उन्होंने गाजा में अल जजीरा के 5 पत्रकारों की टारगेट किलिंग को 'जघन्य अपराध' बताया। एक अन्य पोस्ट में प्रियंका ने लिखा कि चुप्पी के जरिए ऐसे अपराधों को बढ़ावा देना भी अपराध है। उन्होंने भारत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि वह तब भी चुप है जब इजरायल फलस्तीन के लोगों पर कहर बरपा रहा है।

# आसिम मुनीर सूट पहनने वाला लादेनः माइकल रुबिन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को सूट पहनने वाला ओसामा बिन लादेन बताया है।

उन्होंने कहा कि मुनीर के परमाणु धमकी वाले हालिया बयान से पाकिस्तान गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहा है। आसिम मुनीर ने पिछले हफ्ते अमेरिका के टेम्पा शहर में अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मुलाकात के दौरान कहा था कि पाकिस्तान एक न्यूक्लियर स्टेट है, पाकिस्तान डूबा तो आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। रुबिन ने इस बयान की तुलना आतंकी संगठन आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन के खतरनाक बयानों से की। रुबिन ने अमेरिकी सरकार से पाकिस्तान से प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी

### मुनीर के परमाणु धमकी वाले बयान से पाक गुंडा राज्य जैसा व्यवहार कर रहाः पेंटागन के पूर्व अधिकारी

का दर्जा तुरंत छीन लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित करने पर विचार करना चाहिए। नाटो देशों के अलावा जिन देशों के साथ अमेरिका के अमेरिका के रक्षा संबंध हैं। उन्हें वह प्रमुख प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा देता है। रुबिन ने आसिम मुनीर को 'पर्सोना नान ग्राटा' घोषित कर अमे. रिका का वीजा देने पर पाबंदी लगाने की मांग की है। रुबिन ने यह भी कहा कि जब मुनीर ने ये बयान दिया, तो उसी वक्त उन्हें मीटिंग से बाहर निकालकर टेम्पा एयरपोर्ट भेजकर देश से बाहर कर देना चाहिए था।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals
Affiliations
A++ NAAC UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com
Admission Open
Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB
For Admission Scan QR code or Register on www.srgcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.
For Admission Scan QR code or Register on www.srcmzn.com by clicking the link Apply for Registration: 2025-26
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी माटी मेरा देश
दुर्गा इस्पात प्राईवेट लि.
मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर